
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 23 जयपुर | सोमवार, 25 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## पंत-श्रेयस और वेंकटेश ने तोड़े रिकॉर्ड, आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सऊदी अरब के जेद्दाह में चल रहे मेगा ऑक्शन में 2 इंडियन क्रिकेटर्स आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े खिलाड़ी बन गए हैं। पहले नंबर पर हैं ऋषभ पंत जो अब तक के सबसे महंगे क्रिकेटर हैं। दिल्ली कैपिटल के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा।

दूसरे नंबर पर हैं पिछले सीजन में कोलकाता को चैंपियन बनाने वाले कप्तान और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा।

चौंकाने वाली डील रही वेंकटेश अय्यर की, जिनके लिए कोलकाता नाइट राइडर्स और बेंगलुरु रॉयल चैलेंजर्स के बीच 23.50 करोड़ तक बोली लगी। कोलकाता ने वेंकटेश को 23.75 करोड़ में खरीदा। वेंकटेशन ने पिछले आईपीएल फाइनल में हैदराबाद के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी।

### आईपीएल ऑक्शन के हाईलाइट्स...

- पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स से खेलने वाले रसिख डार इस सीजन के सबसे महंगे अनकैप्ड प्लेयर बन गए हैं। उन्हें आरसीबी ने 6 करोड़ में खरीदा।
- मिचेल स्टार्क को 11.75 करोड़ में दिल्ली ने खरीदा। पिछले सीजन 24.75 करोड़ में कोलकाता ने खरीदा था। इस बार कीमत करीब आधी हुई।
- ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर और इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो नहीं बिके।



## बांग्लादेश अडानी के साथ बिजली डील की जांच करेगा

### इसके लिए जांच एजेंसी बनेगी, हसीना के पीएम रहते बिजली प्रोडेक्शन के लिए समझौता हुआ था

बढ़ता राजस्थान

**ढाका (एजेंसी)।** अमेरिका में रिश्वत देने के आरोप में घिरे अडानी ग्रुप की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। बांग्लादेश में शेख हसीना के पीएम रहते अडानी ग्रुप के साथ हुए पावर एग्रीमेंट की जांच के लिए एक एजेंसी गठित करने की सिफारिश की गई है। अंतरिम सरकार की तरफ से गठित समिति ने इस एजेंसी के गठन की सिफारिश की है। साथ ही शेख हसीना के पीएम रहते हुए छह अन्य बड़े एनर्जी और पावर एग्रीमेंट के जांच की भी मांग की गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया- पावर, एनर्जी और खनिज संसाधन मंत्रालय की समीक्षा समिति ने 2009 से 2024 तक पावर प्रोडक्शन एग्रीमेंट को लेकर किए गए समझौते की जांच के लिए एजेंसी नियुक्त करने की सिफारिश की है।

### समिति की मांग- समझौतों को रद्द या पुनर्विचार करें

अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के ऑफिस से जारी बयान में कहा गया- समीक्षा समिति सात प्रमुख एनर्जी और पावर प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रही है। इसमें अडानी (गोड्डा) बीआईएफपीसीएल 1234 .4 मेगावाट कोल फायर्ड प्लांट भी शामिल है। छह अन्य समझौतों में से एक चीनी कंपनी के साथ हुआ है, जिसने 1320 मेगावाट का कोल फायर्ड इलेक्ट्रिसिटी प्लांट बनाया है। बयान में यह भी कहा गया है कि समिति ने कई सबूत जुटाए हैं, जिनके आधार पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों और प्रक्रियाओं के मुताबिक समझौतों को रद्द या पुनर्विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा कई अन्य कॉन्ट्रेक्ट की जांच के लिए एक्स्ट्रा टाइम मांगा गया है।

## संभल की हिंसा में तीन मौत, इंटरनेट बंद

### परिजन बोले- पुलिस की गोली से मौत; कमिश्नर ने कहा- छतों से हुई फायरिंग; 4 ट्रॉली पत्थर निकले

बढ़ता राजस्थान

**संभल (एजेंसी)।** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में तीन युवकों की मौत हो गई। कमिश्नर ऑन्जनेय सिंह ने इसकी पुष्टि की है। हिंसा में सीओ अनुज चौधरी और एसपी के PRO के पैर में गोली लगी है। एसपी समेत 15 अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हैं। हिंसा के बाद अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। पूरे शहर में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। जामा मस्जिद जाने वाले सभी तीन रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। इधर, मृतकों के परिजनों का दावा है कि पुलिस की गोली से मौत हुई है। हालांकि कमिश्नर ने कहा, पुलिस फायरिंग में कोई मौत नहीं है। हमलावरों की फायरिंग में युवकों की जान गई है। तीन युवकों की मौत से शहर में फिर तनाव हो गया है। सपा सांसद बर्क के इलाके में भी पथराव की घटना हुई। हिंसा के बाद एडीजी रमित शर्मा, आईजी मुनिराजजी मौके पर पहुंच चुके हैं।

दरअसल, रविवार सुबह 6.30 बजे डीएम-एसपी के साथ एक टीम जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची थी। टीम देखकर मुस्लिम समुदाय के लोग भड़क गए। कुछ ही देर में करीब दो से तीन हजार से ज्यादा लोग जामा मस्जिद के बाहर पहुंच गए।

## सिद्धू के नीम-हल्दी से कैंसर के इलाज का दावा खारिज

**जालंधर।** पंजाब कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिद्धू के पत्नी को कैंसर से ठीक करने वाले इलाज के दावे पर विवाद हो गया है। सिद्धू ने कहा था कि उन्होंने आयुर्वेदिक तरीके से पत्नी का इलाज किया। कैंसर सेल्स को बढ़ाने वाली मीठी चीजों को बंद किया। जिसके बाद पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू कैंसर फ्री हो गईं। सिद्धू ने इस बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। इसका वीडियो वायरल होने के बाद अब टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की अगुआई में 262 ऑन्कोलॉजिस्ट ने इस दावे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि सिद्धू की बताई कुछ चीजों पर रिसर्च जरूर चल रही है, लेकिन इनसे ठीक हो जाने का दावा सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिद्धू के दावे के पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

# महाराष्ट्र में महायुति का सीएम, 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला

### फडणवीस-शिंदे-अजित एकसाथ दिल्ली जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के बाद अब साफ हो गया है कि राज्य में महायुति की सरकार बनेगी। महायुति से सीएम पद के उम्मीदवार की अभी तक घोषणा नहीं हुई है। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है, इसलिए इससे पहले सरकार गठित होनी है। ऐसा न होने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ेगा। सरकार का चेहरा यानी मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार रविवार शाम को दिल्ली रवाना होंगे। भाजपा आलाकमान के साथ मीटिंग के बाद सीएम के नाम का ऐलान हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, 1 मुख्यमंत्री और 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय हुआ है। महायुति की पार्टियों में हर 6-7 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला भी फाइनल हुआ है। इस हिसाब से भाजपा के 22-24, शिंदे गुट के10-12 और अजित गुट के 8-10 विधायक मंत्री बन सकते हैं।

सीएम के नाम के ऐलान के बाद कल मुंबई, राजभवन में शपथग्रहण समारोह हो सकता है। सीएम शिंदे ने जीत के बाद कहा था कि चुनाव के पहले तय नहीं था कि जिसकी ज्यादा सीटें होंगी, उसका ही सीएम बनेगा। इस चुनाव में मुकाबला 6 बड़ी पार्टियों के दो गठबंधन में था। महायुति में भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं, जबकि महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार)।



## हेमंत सोरेन 28 नवंबर को सीएम पद की शपथ लेंगे

### विधायक दल के नेता चुने गए; झारखंड में लगातार दूसरी बार सीएम बनने वाले पहले नेता

### मंत्री के लिए इनके नामों की चर्चा

सूत्रों के अनुसार, नई सरकार में चाईबासा विधायक दीपक बिरुवा और घाटशिला से जीते रामदास सोरेन का दोबारा मंत्री बनना तय माना जा रहा है। इसके अलावा महतो वोट बैंक को साधने के लिए मथुरा महतो को शामिल किया जा सकता है। जेएमएम अल्पसंख्यक कोटे से हफीजुल हसन और एमटी राजा में से किसी को मंत्री बना सकती है। हफीजुल पिछली सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पार्टी क्षेत्रीय संतुलन को साधन के लिए संथाल परगना और उत्तरी छोटानागपुर से किसी को मंत्री बना सकती है। वहीं, कांग्रेस में अल्पसंख्यक कोटे से एकमात्र विधायक इरफान अंसारी जीते हैं। उनकी दोबारा लॉटरी लग सकती है। दूसरा नाम रामेश्वर उरांव को हो सकता है।




## मन की बात

## पीएम ने फिर किया डिजिटल अरेस्ट का जिक्र

### बोले : लोगों को समझाना होगा सरकार में इसका प्रावधान नहीं, यह लोगों को फंसाने की साजिश

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात रेडियो शो के 116वें एपिसोड में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती, एनसीसी दिवस, गयाना यात्रा, लाइब्रेरी जैसे मुद्दे पर बात की।

पिछली बार की तरह पीएम मोदी ने कहा- हमें बार-बार लोगों को समझाना होगा कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। यह एक खुला झूठ और लोगों को फंसाने की साजिश है। 115वें एपिसोड में उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के लिए तीन स्टेप रुको, सोचो और एक्शन लो अपनाने की बात कही थी। पीएम ने एनसीसी डे पर कहा कि जब हम एनसीसी का नाम सुनते हैं, हमें अपने स्कूल और कॉलेज के दिन याद आ जाते हैं। मैं खुद एनसीसी कैडेट रह चुका हूं, इसलिए मैं पूरे आत्मविश्वास से कह सकता हूं कि उससे मिले अनुभव मेरे लिए अमूल्य हैं।

### पीएम मोदी ने मन की बात में इन मुद्दों पर बात की

नेशनल कैडेट कोर पर : 2024 तक एनसीसी से 20 लाख से ज्यादा युवा जुड़े हैं। पहले की तुलना में, 5 हजार नए स्कूलों और कॉलेजों में एनसीसी का प्रावधान किया गया है। पहले एनसीसी में लड़कियों की संख्या सिर्फ 25त्न थी। अब यह बढ़कर लगभग 40% हो गई है, जो एक बड़ा बदलाव है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना विकसित करती है। जब भी कहीं आपदा होती है, चाहे वह बाढ़ हो, भूकंप हो या कोई अन्य दुर्घटना, एनसीसी कैडेट वहां मदद के लिए जरूर मौजूद रहते हैं। 2025 स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के रूप में मनाया जाएगा और इसे खास तरीके से मनाने की तैयारी है। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का एक महाकुंभ आयोजित किया जाएगा।

# संसद का विंटर सेशन आज से

## अडाणी मामले पर हंगामे के आसार


नई दिल्ली।

18वीं लोकसभा का तीसरा सत्र (शीतकालीन सत्र) 25 नवंबर से शुरू होने वाला है। इससे पहले रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इस दौरान 30 पार्टियों के कुल 42 नेता मौजूद थे। कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में पहले दिन अडाणी मामले पर बहस की मांग की है।

अमेरिका की न्यूयॉर्क फेडरल कोर्ट ने गौतम अडाणी पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग 2,200 करोड़ रुपए की रिश्वत देने की पेशकश का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने इस मामले पर जेपीसी की मांग रखी है।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी ने मणिपुर हिंसा, प्रदूषण, रेल दुर्घटनाओं पर भी संसद में चर्चा करने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा- चर्चा के मुद्दों पर फैसला कार्य मंत्रणा समिति करेगी। विपक्ष सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने दे।

संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सरकार ने सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक की लिस्ट तैयार की है। लोकसभा बुलेटिन के मुताबिक लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 2 विधेयक लंबित हैं। इस सत्र में कार्यवाही शुरू होने से पहले केरल और नांदेड़ सीट से उपचुनाव जीतकर आए 2 नए सांसदों को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला शपथ दिलाएंगे।



### सत्र में कुल 16 बिल, 11 पर चर्चा, 5 मंजूरी के लिए पेश होंगे

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। इनमें से 11 विधेयक चर्चा के लिए रखे जाएंगे। जबकि 5 कानून बनने के लिए मंजूरी के लिए रखे जाएंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित विधेयकों का सेट अभी सूची का हिस्सा नहीं है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार इसे सत्र में ला सकती है। वहीं, राज्यसभा बुलेटिन में कहा गया है कि लोकसभा से पारित एक अतिरिक्त विधेयक भारतीय वायुयान विधेयक राज्यसभा में मंजूरी के लिए लंबित है।

### संविधान दिवस पर पुरानी संसद में होगा आयोजन

सत्र के दूसरे दिन यानी 26 नवंबर (संविधान दिवस) को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल (पुरानी संसद) में विशेष कार्यक्रम होगा। 19 सितंबर 2023 से संसद का पूरा कामकाज नई संसद से ही चल रहा है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया था। संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। 75वीं वर्षगांठ पर सिक्का और डाक टिकट जारी किया जाएगा। साथ ही संस्कृत और मैथिली में संविधान की कॉपी भी रिलीज की जाएंगी। इसके अलावा दो किताबें - संविधान का निर्माण : एक झलक और संविधान का निर्माण और इसकी शानदार यात्रा का भी विमोचन किया जाएगा।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# शहरवासियों के सहयोग से जयपुर बनेगा सफाई में नंबर वन : डॉ. विनोद शुक्ला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** शहर वासियों के सहयोग से जयपुर शहर को एक साल के भीतर सफाई में देश में नंबर वन बनाएंगे। ये बात कही प्लास्टिक मुक्त, ग्रीन शहर बनाने के अभियान में गत 13 वर्षों से जुटे हुए पर्यावरण प्रेमी, समाजसेवी एवं चिंतक विनोद शुक्ला ने। वे रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति संस्थान एवं केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में कार्यक्रम में बोल रहे थे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट फ्री, तथा क्लीन ग्रीन राजस्थान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यक्रम मे शिरकत की। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मधु शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद आनंद पोद्दार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

### पर्यावरण के लिए तत्पर रहे

उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढी स्वयं को बुद्धिमान मानती है, लेकिन कम बुद्धिमान समझी जाने वाली पुरानी पीढ़ी आत्मिक एवं आध्यात्मिक रूप से पर्यावरण के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक की थैली स्टेटस सिंबल बन गई है, कपड़े के थैले को हीन दृष्टि से देखते है। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त अभियान की मुहिम स्कूलों तक पहुंचाने की अपील की, इसके लिए संस्थान की ओर से चलाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय इनोवेटिव एक्सीलेंट पुरस्कार में सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग किए जाने की बात कही।

### क्लीन जयपुर बनाना पहला उद्देश्य

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनोद शुक्ला ने अपना उद्देश्य क्लीन जयपुर ग्रीन जयपुर प्लास्टिक फ्री जयपुर बनाना बताया। उन्होंने इसके लिए शहरवासियों से समर्थन की अपील की साथ ही उपस्थित जनसमूह को मानवता व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र में पूरे प्रदेश को सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. विनोद शुक्ला ने घर घर में कचरा पृथक्करण और संग्रहण के लिए पॉलिसी व उसके सम्यक क्रियान्वयन हेतु सरकार व उपस्थित सभी स्टेक होल्डर्स से विस्तार से चर्चा की।

### देशभर से जुटे लोग


तकनीकी सत्र में शहरी विकास मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, नगर निगम, प्रख्यात विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, केटर्स, मार्केट, रेजिडेंटियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने परस्पर महत्वपूर्ण सूचना, पॉलिसी मुद्दों, रोज के समस्याओं के समाधान पर मंथन कर जयपुर शहर से शुरुआत कर, पूरे राजस्थान प्रदेश व राष्ट्र को स्वच्छ, स्वस्थ, हरित व सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने के लिए शपथ ली।

इस अवसर पर पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के आनंद पोद्दार, राजस्थान मेडिकल एसोसियेशन से डॉ रजनीश शर्मा, नरेश कश्यप स्काई लिंक फैशन डिजाइन इंस्टीट्यूट, संस्थान से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, महिला मंच राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पलता आत्रेय , राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी मंच से सुरेश झवर, प्रदेश कार्यकारिणी युवा मंच



राजस्थान से राजेंद्र शर्मा व टीम, विकास पंचोली, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार, रमेश शर्मा तथा पंजाब प्रदेश कार्यकारिणी मंच से किशन लाल समेत अन्य लोग शामिल हुए । कार्यक्रम का मंच संचालन महेन्द्र ठाकुर, संयोजन आनंद मणि, अमन शर्मा ने किया। सह संयोजन चन्द्रप्रकाश पुरोहित व प्रदेश प्रवक्ता युवा मंच आर के वर्मा ने किया। कार्यक्रम संयोजन राष्ट्रीय संयोजक वसुमित्र शंकर ने किया।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के शल्य तंत्र विभाग द्वारा निशुल्क, शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्विद्यालय में वर्ल्ड पाइल्स डे पर शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क शिविर का आयोजन शल्य तंत्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल की ओपीडी संख्या 28 में 18 नवम्बर से 23 नवम्बर तक आयोजित किया गया। शल्य तंत्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पी हेमंत कुमार ने बताया कि आज की बदलती जीवनशैली और खानपान के कारण पाइल्स रोगियों की संख्या बहुत बढ़ रही है। शिविर में आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से ईलाज करने के साथ दवाइयां दी गई। शिविर में प्रो. अशोक कुमार, प्रो. सुमन शर्मा, प्रो. नरिंदर सिंह, डॉ. बी. स्वप्ना, डॉ. मनोरमा सिंह एवं डॉ. लोकेंद्र पहाड़िया द्वारा रोगियों का निशुल्क परीक्षण एवं इलाज किया गया। शिविर में लगभग 758 रोगियों का परीक्षण किया गया एवं शल्य कर्मकार में 123 रोगियों का सफल इलाज किया गया। विषय विशेषज्ञ प्रो. (डॉ) सचिन गुप्ता, पतंजलि विश्व विद्यालय, हरिद्वार द्वारा लेसर प्रोक्टोलॉजी विषय पर व्याख्यान दिया जिसमे शल्य तंत्र एवं प्रसूति तंत्र के चिकित्सकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## राह चलते लोगों से झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले एक शातिर बदमाश को पकडा है और उसके पास से लूटा गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। जो शिप्रा पथ इलाके से चोरी किया गया है। साथ ही पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले शातिर बदमाश हंसराज वर्मा उर्फ हंसु निवासी बाटोदा जिला गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लूटा गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। साथ ही उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## हनीट्रैप में फंसा कर एक युवक से 7.50 लाख रुपए ऐंठे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** मालपुरा गेट थाना इलाके में एक युवक को हनीट्रैप में फंसाकर 7.50 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने दोस्ती होने पर शादी करने को बोलकर शारीरिक संबंध बनाए और फिर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। इसके चलते थाने में पीड़ित युवक ने आरोपी युवती सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल गजानन्द ने बताया कि मालपुरा गेट निवासी एक युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि जून-2024 में स्पा सेंटर में मुलाकात के बाद दोनों में बातचीत के दौरान दोस्ती हो गई। उसके बाद मोबाइल कॉल पर बातचीत के साथ मिलना-जुलना शुरू हो गया। आरोप है कि आरोपी युवती ने शादी करने की बोल कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बातों के जाल में फंसाकर अलग-अलग कारण बताकर रुपए लेती रही। आरोपी युवती ने झांसा देकर करीब 7.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। उसके बाद एक लाख रुपए की डिमांड करने लगी। रुपए देने से मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। आरोपी युवती के दो परिचित भी हनीट्रैप में फंसाने की कहकर उसको धमकाने लगे। इससे परेशान होकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## पढ़ाई को लेकर परिजनों के डांटने से गुस्से में स्कूली छात्र ने घर छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** गांधी नगर थाना इलाके में पढ़ाई को लेकर परिजनों के डांटने से गुस्से में एक स्कूली छात्र के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि स्कूली छात्र बैग में दो जोड़ी कपड़े और छह सौ रुपए लेकर घर से निकल गया। पुलिस घर छोड़कर भागे स्कूली छात्र की तलाश कर रही है। एसआई प्रहलाद नारायण ने बताया कि कठुमर अलवर निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि वह परिवार के साथ गांधी नगर में रहता है। पति-पत्नी दोनों प्राइवेट नौकरी करते हैं। बच्चे स्कूल में पढ़ाई करते हैं। उनका पन्द्रह वर्षीय बेटा मालवीय नगर स्थित एक स्कूल में पढ़ाई करता है। जिसे पढ़ाई की बात को लेकर डांट दिया। डांटने के चलते वह गुस्से में घर छोड़कर भाग गया।

# शिक्षा स्वयं एक जीवन है, 'लर्निंग कभी खत्म नहीं होती' : रघुपति सिंघानिया

## बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और डिजाइन स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

### जेकेएलयू का बारहवां कन्वोकेशन सेरेमनी संपन्न




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** शिक्षा स्वयं एक जीवन है, लर्निंग कभी खत्म नहीं होती है। 20 साल बाद आपको कोई निराशा नहीं होनी चाहिए कि हम कुछ और बेहतर कर सकते थे। ये बात जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर रघुपति सिंघानिया ने कही। वह यूनिवर्सिटी के बारहवें कन्वोकेशन एंड फाउंडर्स डे सेरेमनी के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर क्लास ऑफ 2024 बैच के इंजीनियरिंग, डिजाइन , मैनेजमेंट और पीएचडी स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई एवं 6 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर सिंघानिया ने यूनिवर्सिटी के गत 12 वर्षो मे प्राप्त किए गए अचीवमेंट एवम ग्लोबल लेवल पर विभिन्न यूनिवर्सिटीज के साथ टाई अप के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने स्टूडेंट्स से 'एंटरप्रेन्योरशिप' की थीम पर काम करने को कहा। उन्होंने यूनिवर्सिटी के अटल इनक्यूबेशन सेंटर को नीति आयोग द्वारा सराहे जाने की बात कही। पहली बार में ही ए प्लस नैक एक्रिडेशन जैसी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए यूनिवर्सिटी मे स्टूडेंट्स को जॉब रेडी के साथ लाइफ रेडी बनाने की बात कही।

स्टूडेंट्स से कहा कि दुनिया को बदलने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। इस अवसर पर आईसीआईसीआई के सीईओ संदीप बक्शी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने जेके ऑर्गनाइजेशन और आईसीआईसीआई बैंक जैसे संगठनों द्वारा नैतिक मूल्यों, ट्रस्टीशिप और सामाजिक विकास के लिए एक मजबूत उदाहरण पेश करने की बात कही, जो सच्चे राष्ट्र निर्माण की पहचान है। उन्होंने स्टूडेंट्स से लक्ष्य प्राप्त होने तक डटकर संघर्ष करने को कहा। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो धीरज सांघी ने डिग्री को लाइफ की अगली सीढ़ी बताई। उन्होंने यूनिवर्सिटी के हाल ही के दौर किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए सालाना परफोर्मेंस रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना सर्वोपरी एवं प्रथम उद्देश्य है। यूनिवर्सिटी के छात्रों, स्टाफ और लीडरशिप टीम ने मिलकर श्री लक्ष्मीपत सिंघानिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी दूरदृष्टि पीढ़ियों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करती रही है। यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर हर्षपति सिंघानिया ने यूनिवर्सिटी के नवाचारों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान ऑफिशिएटिंग रजिस्टार केके माहेश्वरी समेत विभिन्न डिपार्टमेंट के डायरेक्टर, फैकल्टी मेंबर, स्टूडेंट्स एवम पैरेंट्स समेत यूनिवर्सिटी के अन्य लोग उपस्थित थे।

500 से अधिक उपस्थित लोगों—छात्रों, अभिभावकों, फैकल्टी, गणमान्य व्यक्तियों और बोर्ड सदस्यों—के साथ कैंपस उमंग, उत्साह और गर्व से गूंज उठा। यह दिन न केवल शैक्षणिक सफलता का उत्सव था, बल्कि एक उज्जवल भविष्य की साझा आशा का प्रतीक भी था।

## अंजली महिला एवं बाल उत्थान संगठन की कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे की जोबनेर रोड़ जानकी नगर स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास रविवार को प्रातः 11.15 बजे अंजली महिला एवं बाल उत्थान संगठन के पदाधिकारियों की एक कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि संगठन के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी कुमावत,उपाध्यक्ष मंजु चौधरी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्वती कुमावत ने की। कार्यशाला के प्रारंभ में लक्ष्मी नारायण कुमावत ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा ने संगठन की योजनाओं व कन्यादान योजना के बारे में संबोधित करते हुये कहा कि नारी को स्नेह और ममता की मूरत माना जाता है। जीवन में जितना त्याग नारी करती है उतना त्याग कोई नही कर सकता। वह परिवार की पालना के लिये अपना सबकुछ न्योछावर कर देती है। आज की आधुनिक नारी अब पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। अंजली महिला एवं बाल उत्थान संगठन नारियों को आर्थिक आजादी प्रदान करता है वही नारी शक्ति को बल प्रदान करने का कार्य करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी कुमावत एवं उपाध्यक्ष मन्जु चौधरी ने आधुनिक नारी के महत्व को बताते हुये कहा कि वर्तमान की युवा पीढी पश्चिम की सभ्यता संस्कृति को आधुनिकता समझ रही है। हम आधुनिक अपनी सोच और स्वस्थ आदतों से बनेगें। कार्यकम में राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव सरस्वती जाजोरिया,राजस्थान प्रदेश महामंत्री सुमन कुमावत, जोबनेर ब्लॉक की उपसचिव सीमा कुमावत,राजस्थान प्रदेश सचिव पार्वती कुमावत एवं सांभर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चौपहिया वाहन चुराने वाले दो वाहन चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से चोरी की एक कार बरामद की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी शहर में कई वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। उनके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर आरोपी सुनील कुमार निवासी डिग्गी जिला टोंक व विशाल मीणा निवासी नासिदरा जिला टोंक को द्वारकापुरी सर्किल प्रताप नगर जयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में दोनों ने चौपहिया वाहन कार चोरी करना कबूला है। इस पर पुलिस ने उनके पास से चोरी की कार को बरामद भी की। दोनों के खिलाफ पूर्व में भी वाहन चोरी के कई मामले दर्ज है। आरोपित चोरी के पैसों का शौक-मौज और नशे में खर्च करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## फुलेरा में निकली भव्य सनातन एकता पदयात्रा, भक्ति मय हुई रेल नगरी

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे में बागेश्वर धाम के मार्गदर्शन में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से रविवार को प्रातः 11.15 बजे श्रीरामनगर पावर हाउस रोड़ स्थित साण्डेश्वर महादेव मंदिर से विशाल सनातन एकता पदयात्रा निकाली गई। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में महंत त्रिलोकी दास महाराज,संत रामप्रकाश स्वामी,पूर्व विधायक निर्मल कुमावत,विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी,कार्यक्रम संयोजक सीए अर्पित मुदगल सहित अन्य अतिथियों के द्वारा आरती की गई। इसके बाद शाही लवाजमे के साथ सनातन एकता पदयात्रा रवाना हुई। जो विभिन्न मार्गों से भृमण करते हुए स्कूल खेल मैदान पहुंची जहां पर महाआरती के साथ समापन हुआ। फुलेरा में जगह-जगह सजावट व स्वागत मंच बनाए गए थे। जहां पर उपस्थित धर्मप्रेमियों ने पुष्पवर्षा कर धर्म लाभ प्राप्त किया। यात्रा में डीजे की धुन पर भक्ती गीतों



के जरिए ऐसा समा बंधा कि पूरा कस्बा ही पदयात्रा में शामिल नजर आया। यात्रा में करीब एक दर्जन झांकिया भी शामिल रही। यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर सहसंयोजक चेतन सोनी,हैप्पी माथुर,कोषाध्यक्ष विशाल शर्मा, कार्तिक कुमावत,यश कुमावत,संरक्षक धनराज शर्मा,रतन रजौरा,संजय पारीक,गजेंद्र सिंह शेखावत,दीपेश सैनी,महावीर प्रसाद जैन सहित अन्य कार्यकारणी का विशेष सहयोग रहा। साथ ही फुलेरा थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा भी मय जाप्ते के मौजूद रहे। यात्रा में सैकड़ों की तादात में महिला-पुरूष व बच्चे मौजूद थे।

## ऑल इंडिया विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 ड्राज सेरेमनी संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** ऑल इंडिया विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 का ड्राज शेड्यूल दिनांक 24 नवंबर 2024 को विजयवर्गीय स्पॉर्ट्स एसोसिएशन संस्थान जयपुर के कार्यालय में संपन्न हुआ । प्रतियोगिता संयोजक डॉक्टर दिनेश दुब्बी ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीम में भाग ले रही हैं । प्रतियोगिता में जयपुर, कोटा, चोंमू,सवाई माधोपुर, मालपुरा, केकड़ी, भीलवाड़ा ,रेलमगरा ,चित्तौड़गढ़, कपासन, उदयपुर दिल्ली, फरीदाबाद, गुड़गांव, इंदौर आदि शहरों के लगभग १५० प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित समिति के पीयूष ,मनोज लाल चिड़ी व हर्ष सांगानेर, राकेश मानसरोवर, देवेंद्र जगतपुरा ,बनवारी बांदीकुई, राजेंद्र दुब्बी,आशीष जैतपुरा, पंकज भरथला एवं गिरधर कलमंडा उपस्थित रहे।

## कचरे के ढेर में मिला एक युवक का शव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** रामगंज थाना इलाके में रविवार दोपहर नाले के पास कचरे में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस जांच में मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में अधिक शराब पीने से युवक की मौत होना मान रही है।

थानाधिकारी देवेन्द्र प्रताप ने बताया कि सुरजपोल स्थित वन विभाग की चौकी की तरफ नाले के पास लोग कचरे के ढेर में रविवार दोपहर को एक युवक की लाश पड़ी मिलने की सूचना मिली थी। लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों पुलिस को सूचना दी और पुलिस पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबूत जुटाने के साथ ही मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए। पहचान नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक की उम्र करीब 40 साल है। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले है। अधिक शराब पीने से उसकी मौत होना प्रतीत हो रही है। नशा ज्यादा होने के कारण वह कचरे में जैसे बैठा वैसे ही बैठा रह गया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी है।

# किसान के घर में समृद्धि पर ही देश होगा खुशहाल : चौधरी

## आरसीए पूर्व छात्र परिषद का 23 वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित, अब दलहन-तिलहन व फल-फूल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की महत्ती जरूरत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कृषि एवं कृषक कल्याण भारत सरकार भागीरथ चौधरी ने कहा कि खाद्यान्न में तो हम संपन्न हैं, लेकिन दलहन, तिलहन और फल-फूल उत्पादन के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। दलहन, तिलहन में आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि हम निर्यातक बन सकें, इसके लिए भरसक प्रयास करने होंगे। राज्यमंत्री चौधरी रविवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नूतन सभागार में आयोजित पूर्व छात्र परिषद के 23 वें राष्ट्रीय सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक किसान के घर में समृद्धि नहीं होगी देश में खुशहाली नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि दलहन-तिलहन उत्पादन में कृषि विज्ञान केन्द्र महत्ती भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि कृषि विश्वविद्यालय संज्ञान में लाए तो दलहन-तिलहन, फल एवं फूल उत्पादन में बेहतरी के लिए भारत सरकार हर संभव मदद को तैयार है। भागीरथ चौधरी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान देश की 145 करोड़ की आबादी को हमारे अन्नदाता किसान ने अविस्मरणीय संबल दिया। यही कारण रहा कि आज देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रधानमंत्री के सपने को मूर्त रूप देने के लिए देश भर के कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों के लिए जन जागृति का काम करें। खासकर उदयपुर संभाग जनजाति बहुल इलाका है। ऐसे में यहां के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा लेकर किसानों की आय बढ़ाने में मददगार बनना चाहिए। आरंभ में पूर्व छात्र परिषद के संरक्षक डॉ. आर.बी. दुबे ने





स्वागत करते हुए बताया कि जुलाई 1955 में स्थापित राजस्थान कृषि महाविद्यालय से अबतक 4441 छात्र-छात्राएं स्नातकोत्तर, 3013 स्नातक जबकि 883 विधार्थी पी.एच.डी डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। पूर्व छात्र परिषद के संयुक्त सचिव व प्रवक्ता डॉ.दीपांकर चक्रवर्ती ने विगत पांच वर्षों में 915 विद्यार्थियों का देश-विदेश में विभिन्न सेवाओं में चयन हुआं है। पूर्व छात्र डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़, पूर्व कुलपति उमाशंकर शर्मा के अलावा पूर्व छात्र परिषद के पदाधिकारी डॉ. आर.बी. दुबे, डॉ. एन.एस. बारहट, डॉ. जे.एल. चौधरी, डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती, डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा आदि ने अतिथियों को साफा, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व छात्र परिषद की ओर से 30 से ज्यादा छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, किसानों कृषक राधेश्याम कीर, रमेश कुमार डामोर, डा. के.डी. आमेटा, डॉ. एस. रमेश बाबू, रजनीकांत शर्मा, डॉ. भावेन्द्र तिवारी, वर्षा मेनारिया व अमीषा बेसरवाल को सम्मानित किया गया।



## उपचुनाव जीत पर राज्य मंत्री बेढ़म सहित क्षेत्र के नागरिकों ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** गृह, गौपालन, पशुपालन डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उपचुनावों में जीत के लिए बधाई दी। बेढ़म ने कहा कि भजनलाल सरकार लगातार जनहित में कार्य करते हुए अनेक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय ले रही है, जिससे राजस्थान विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

# एनसीसी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( नि.स. )।** 24 नवंबर को एनसीसी दिवस के अवसर पर, भरतपुर की 6 राजस्थान इंडिपेंडेंट एनसीसी कंपनी ने रांघे राघव कॉलेज वैर के अंडर ऑफिसर कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एक भव्य परेड का आयोजन और जश्न मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, एनसीसी भरतपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जेम्स दत्ता रॉय ने एनसीसी परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी और कहा कि एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। यह संगठन हमारी आजादी के बाद से देश के युवाओं के बीच एकता और अनुशासन को बढ़ावा दे रहा है, एक मजबूत और अनुशासित राष्ट्र का निर्माण कर रहा है। उन्होंने परिवार को इसकी एकता और विविधता में हमारी एकता का जश्न मनाने के लिए बधाई दी। एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में भरतपुर की 6 राजस्थान इंडिपेंडेंट एनसीसी कंपनी ने 24 नवंबर को भव्य फ़ाइनल से पहले पूरे सप्ताह में कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। पर्यावरण जागरूकता और एकता के संदेश फैलाने के लिए पंडित उमा दत्त स्कूल धौलपुर में नुक्कड़ नाटक और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। पीजी कॉलेज धौलपुर और जेएनवी धौलपुर के कैडेटों ने उस दिन को मनाने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए 1000 पेड़ लगाए। एवीएम कॉन्वेंट स्कूल धौलपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल भरतपुर और मॉडर्न स्कूल, भरतपुर और केंद्रीय विद्यालय करौली के कैडेटों ने स्वच्छ भारत अभियान चलाया और अपने आस-पड़ोस की सफाई करके स्वच्छ और स्वच्छ भारत का संदेश फैलाया। जेम्स दत्ता रॉय ने कहा कि डीपीएम कॉलेज सरसेना और रांघे राघव कॉलेज वैर दोनों के कैडेटों ने पुनित सागर अभियान में भाग लिया और स्थानीय जल निकायों को साफ करने में मदद की। मिलिट्री स्कूल धौलपुर के कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए एकता दौड़ में भाग लिया। संत कृपाल स्कूल के कैडेटों ने देखभाल केंद्र के सभी शरणार्थियों के साथ समय बिताने, उनके मुद्दों को जानने और मदद करने में सक्षम होने और संगठन



द्वारा किए जा रहे विशाल मानवीय कार्यों के बारे में प्रचार करने के लिए अपना घर भरतपुर का दौरा किया। एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में कर्नल जेम्स दत्ता रॉय द्वारा एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जहाँ सभी इकाइयों के कैडेट जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने के लिए एक साथ आए,रक्तदान के दौरान कई यूनिट रक्तदान भी दिया गया, कई लोगों ने रक्तदान में बढ़ चढ़ कर भी भाग लिया । एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य के दौरान हुई परेड में सूबेदार अजीत सिंह,हवलदार राज कुमार और हवलदार सर्वेश कुमार,जोगेंद्र सिंह एवं अन्य मौजूद रहे ।

## 29 नवम्बर को आयोजित होगा जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट 29 नवम्बर को तान्या रिसोर्ट राजगढ में आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन्वेस्टर मीट के सफल आयोजन हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एवं रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देशित किया है कि एडीएम द्वितीय से समन्वय कर कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल व्यवस्था, हेल्प डेस्क एवं रजिस्ट्रेशन डेस्क, निवेशकों के बैठने की व्यवस्था करावे, निवेशकों की सूची तैयार कर दूरभाष द्वारा पुष्टि करे एवं एमओयू से संबंधित सभी कार्यवाही पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अलवर को निर्देशित किया है कि इन्वेस्टर मीट के दौरान मुख्य अतिथियों के आगमन से प्रस्थान तक सभी आवश्यक कानून व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग संबंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यूआईटी सचिव को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एडीएम शहर को कानून व्यवस्था संबंधी समस्त कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने एडीएम द्वितीय को निर्देशित किया है कि सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं डायस व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम स्थल के आसपास साफ-सफाई, अग्नि शमन की मौजूदगी, निराश्रित पशुओं पर नियंत्राण आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया है कि मुख्य अतिथियों के आगमन से प्रस्थान तक समस्त आपातकालीन व्यवस्था सहित कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम, आवश्यक दवा एवं उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## डरा-धमकाकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करधनी थाना इलाके में पड़ोसी युवक द्वारा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। धोखे से मिलने के बहाने आरोपी पड़ोसी ने उसे घर से बाहर बुलाया और बहला-फुसलाकर अपहरण कर अपने साथ ले जाकर डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। इस संबंध में थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि करधनी निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि अपहरण कर उनकी नाबालिग बेटी के साथ आरोपी पड़ोसी ने दुष्कर्म किया है। आरोप है कि पड़ोसी होने के कारण नाबालिग बेटी की आरोपी से बातचीत होती रहती थी। सात सितंबर को आरोपी पड़ोसी ने धोखे से मिलने के बहाने घर से बाहर बुलाया।

मिलने जाने पर बहला-फुसलाकर आरोपी उसे अपने साथ ले गया। नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले जाकर आरोपी ने डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे वापस घर के पास छोड़कर चला गया। नाबलिग पीड़िता के परिजनों को आपबीती सुनाने पर थाने में कोर्ट से आदेश करवाकर मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## नई दिशा मंच भरतपुर की कार्यकारिणी का किया

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर( नि.स. )।** पूर्व सांसद पंडित राम किशन की अध्यक्षता में उनके निवास पर नयी दिशा मंच भरतपुर की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सदस्यों की सर्व सहमती से कौशलेश शर्मा को संयोजक,सेवानिवृत्त कमांडेंट ओमवीर सिंह व सेवानिवृत्त अमीन रेवेन्द्र सिंह को सह संयोजक नियुक्त किया गया। गठित कमेटी ने संयोजक को युवा लोगों शीघ्र बैठक बुलाकर युवा संयोजक की नियुक्ति की जाए। नयी दिशा मंच की पॉलिथिन मुक्त अभियान को गति प्रदान करने के लिए प्रतिदिन एक या दो वार्ड में बैठकें कर पॉलिथिन एकत्रितिकरण का अभियान चलाया जाए।

# संस्कार विहीन व्यक्ति समाज का विकास नहीं विनाश करता है : मुनि अनुसार सागर

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** संस्कार विहीन शिक्षा किसी काम की नहीं होती । संस्कारवान शिक्षित व्यक्ति ही समाज और परिवार का भला कर सकता है। संस्कार विहीन व्यक्ति समाज का विकास नहीं विनाश करने लगता। संस्कार के साथ प्राप्त शिक्षा सूरज की रोशनी के समान है, जबकि बिना संस्कार के शिक्षा कृत्रिम रोशनी जैसी लगती है। संस्कारवान शिक्षा से समाज का कल्याण होता है और देश सशक्त होता है. संस्कार विहीन मानव ही घरेलू विवाद और स्वजनों के कष्ट का कारक बनता है. शिक्षा के साथ यदि संस्कार होता है, तो शिक्षा साधना और समाधान में परिणत हो जाती है. संस्कार तीन प्रकार के होते हैं- पूर्वजन्म, अनुवांशिक और प्रासंगिक संस्कार। शिक्षक का दायित्व है कि वह समाज को शिक्षित और संस्कारित करे।बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए, घर का वातावरण ऐसा बनाना चाहिए कि बच्चे सीखें। उनके साथ मित्रवत व्यवहार होना चाहिए और खुले दिमाग से चर्चा करनी चाहिए। यह कहना है जैन मुनि अनुसरण सागर का। इस अवसर पर मुनी युधिष्ठिर महाराज सागर ने कहा



कि वर्तमान में आमजन ज्ञान का नहीं अर्थ का सृजन करना उनका मुख्य उद्देश्य है इस अवसर पर विमलचंद जैन खेमचंद जैन जितेंद्र जैन सहित जैन समाज के अनेक लोगों उपस्थित रहे।

## बाइक सवार तीन बदमाश घर से चुरा ले गए बाइक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोडाला थाना इलाके में तीन बदमाशों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बाइक चोरी की यह घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है कि वह गायत्री नगर में रहता है और गत दिनों बाइक सवार तीन बदमाश आए। उसकी बाइक घर से चोरी कर ले गए। यह पूरा घटनाक्रम मौके पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। पीड़ित की ओर से थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दी गई हैं।

पीड़ित मानवेन्द्र सिंह(29) ने बताया कि 22 नवम्बर को रात बाइक सवार तीन बदमाश उनके घर के सामने रुके। तीनों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। तीनों की हरकतें देख कर पता चलता है कि वह पहले बाइक की रैकी कर चुके हैं। इसके बाद एक बदमाश बाइक से नीचे उतरता है। इसके बाद दीवार फांद कर घर में घुसा। उस दौरान बाइक सवार दोनों बदमाश बाहर खड़े रहे। दूसरा बदमाश बाइक को खड़ा कर के घर में घुस कर गेट का ताला तोड़कर बाइक को बाहर निकाल कर फरार हो जाता है। बदमाशों ने इस वारदात को करने के लिए दो बार प्रयास किया। दूसरी बार में ये बदमाश वारदात करने में कामयाब हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## 'कॉलेज के गलियारों में खूब घूमे-फिरे, खूब की हंसी ठिठोली'

### 'आरसीए पूर्व छात्र परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन में शरीक हुए पांच सौ से ज्यादा विद्यार्थी'

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर, ( नि.स. )।** जीवन के उत्तरार्द्ध में डग भर रहे सैंकड़ों पूर्व कृषि छात्रों ने रविवार को एक-दूसरे को गले लगाकर न केवल पुरानी यादों को ताजा किया बल्कि भूले-बिसरे किस्सों को याद करते हुए खूब अट्टहास किए।

मौका था- राजस्थान कृषि महाविद्यालय पूर्व छात्र परिषद के 23 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का। पूर्व छात्रों के सम्मेलन में देश-विदेश के पांच सौ से ज्यादा छात्र शामिल हुए। पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय के गलियारों में घूमते हुए कॉलेज के दिनों की यादों ताजा किया। साथ ही एक-दूसरे से जुड़ने, मोबाइल नम्बर आदान प्रदान करते हुए भविष्य में नित्य एक-दूसरे से बतियाने का वादा किया। उल्लेखनीय है कि इस महाविद्यालय ने विश्व स्तरीय वैज्ञानिक दिए हैं। पदमश्री डॉ. आर.एस. परोदा, डॉ. एस.एल. मेहता, डॉ. पी.के दशोरा, डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़, डॉ. भागीरथ चौधरी जैसे अनेकानेक नाम हैं जिन्होंने देश-विदेश में नाम किया। इस मौके पर पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र सिंह बारहठ ने कहा कि परिषद की ओर से अगले वर्ष से प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को 6 स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। बारहठ ने बताया कि पूर्व छात्र परिषद को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) वाला बनाने के प्रयास होंगे।

इसके अलावा परिषद के तत्वधान में प्रतिवर्ष पूर्व छात्रों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस मौके पर परिषद की ओर से पूर्व छात्रों के लिए अतिथिगृह बनाने की पेशकश की गई। साथ ही इसके लिए कुलपति से जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। अतिथिगृह निर्माण के लिए प्रयोग पूर्व छात्र ने अपने जन्म दिन पर एक हजार रूपए देने की घोषणा की। और संयुक्त सचिव व प्रवक्ता डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि कॉलेज के पूर्व छात्र रहे डॉ. डी.पी. शर्मा की स्मृति ने उनकी बहन हेमलता ने परिषद को दो लाख रूपए भेंट किए। स्वर्ण जयंती की दहलीज पर पहुंच चुके राजस्थान कृषि महाविद्यालय की नींव जुलाई 1955 में डॉ. ए. राठौड़ ने रखी। आरंभ में अतिथियों ने पूर्व छात्र परिषद की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

## अनुबंध निर्माण निष्पादन प्रबंधन विवाद समाधान और मध्यस्था विषयक तकनीकी वार्ता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** माईनिंग इंजिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, राजस्थान चेप्टर, उदयपुर द्वारा चेप्टर कार्यालय पर ॐअनुबंध निर्माण निष्पादन प्रबंधन विवाद समाधान और मध्यस्थाॐ विषयक तकनीकी वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर लगभग 30 खनि अभियताओं तथा भूवैज्ञानिकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता हिर्जिलि के सेवा निवृत वाईस प्रसीडेंट व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर कानसिंह चौधरी थे। मुख्य वक्ता का स्वागत आर पी गुप्ता एवं एमईएआई के पूर्व अध्यक्ष ए.के.कोठारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर चौधरी ने बताया कि अनुबंध निर्माण का कार्य बहुत ही विधीवत तरीके से किया जाना चाहिये, ताकि कार्य समय सीमा में एवं निर्धारित बजट मे पुरा प्रोजेक्ट किया जा सकें। चौधरी ने अनुबंध निर्माण से लगाकर अनुबंध प्रबंधन, विवाद की परिस्थितयों उनके समाधान की प्रक्रियाओं की सभी विधाओं का विस्तृत विश्लेषण



किया। प्रश्नोतरी काल के दौरान डा. आर चौधरी, आर.सी. कुमावत ने अपनी बात रखी। अतं मे धन्यवाद की रस्म एमईएआई के सचिव आसिफ एम अंसारी ने अदा की। कार्यक्रम का संचालन डाँ. सुनील वशिष्ट ने किया।

## शादी की बधाई के क्षेत्राधिकार को लेकर भिड़े किन्नरों के दो ग्रुप

### जमकर चले लात घूसे, तीन किन्नर चोटील, एक पक्ष ने दर्ज कराया मामला

बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** बधाई लेने के क्षेत्राधिकार को लेकर रविवार दोपहर बयाना कस्बे में किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए। बीच सड़क दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चले। झगड़े में तीन किन्नर चोटिल हो गए। फिलहाल घटना को लेकर एक पक्ष की ओर से पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। बयाना कस्बे में रहने वाले किन्नरों के समूह की मुखिया पूनम ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 1 बजे उन्हें सूचना मिली कि हिंडौन (करौली) के 7-8 किन्नरों का एक समूह फोर व्हीलर लेकर बयाना कस्बे में आया हुआ है। जो कुंडा रोड स्थित अंबा टॉकीज के पास शादी विवाह वाले परिवारों से शगुन की बधाई ले रहा है। इस पर उनकी टीम की बेबी किन्नर अपने 4-5 साथियों के साथ मौके पर पहुंची और हिंडौन के किन्नरों से उनके क्षेत्राधिकार में आकर लोगों से बधाई लेने को मना किया।

इस पर हिंडौन के किन्नर संजना, वंदना, मुस्कान आदि ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में उनके ग्रुप की किन्नर बेबी, कमला, शीतल चोटिल हो गईं। आसपास के



लोगों ने बमुश्किल उन्हें हिंडौन के किन्नरों से छुड़ाया।पुलिस को सूचना देने पर हिंडौन के किन्नर अपनी फोर व्हीलर गाड़ी से भाग गए। एएसआई जितेंद्र शर्मा ने बताया कि किन्नरों के दो ग्रुपों में आपस में झगड़े की सूचना मिली है। और रिपोर्ट आने पर उसके अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# महाराष्ट्र और झारखंड में जनादेश का संदेश, क्या हैं इस हार-जीत के मायने?

महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव परिणाम यही बता रहे हैं कि दोनों राज्यों की जनता ने इस संदेश के साथ यथास्थिति कायम रहने का एक जैसा जनादेश दिया कि जो जहां सत्ता में है, वह वहीं और अधिक मजबूती से बना रहे। इसी कारण जहां महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजीत पवार) वाले गठबंधन यानी महायुति ने और अधिक राजनीतिक ताकत हासिल की, वहीं झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों ने अपने को पहले से अधिक मजबूत किया।

दोनों राज्यों में विपक्ष को न केवल निराशा हाथ लगी, बल्कि वह पहले के मुकाबले पस्त भी हुआ। महाराष्ट्र में कुछ ज्यादा ही, क्योंकि यहां महाविकास आघाड़ी में शामिल कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) मिलकर सौ सीटें भी हासिल नहीं कर सकीं। ऐसे दयनीय प्रदर्शन के बाद शरद पवार और उद्धव ठाकरे के लिए अपने दलों को प्रासंगिक बनाए रखना तो कठिन होगा ही, कांग्रेस के लिए भी आइएनडीआइए की धुरी बने रहने में मुश्किल होगी।

कांग्रेस इससे संतोष कर सकती है कि वह झारखंड में सहयोगी दलों के साथ सत्ता का स्वाद चखती रहेगी, लेकिन महाराष्ट्र के निराशानजक नतीजों के कारण वह जश्न नहीं मना सकती। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि झारखंड की जीत का सेहरा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर बंधा है। महाराष्ट्र और झारखंड के नतीजे यह भी कह रहे हैं कि कांग्रेस अपने सहयोगी दलों में यह भरोसा जगाने की स्थिति में नहीं कि वह उनका नेतृत्व संभालकर या फिर बराबर की सहयोगी बनकर भाजपा का मुकाबला कर सकती है।

महाराष्ट्र और झारखंड के नतीजे एक जैसा संदेश देने वाले अवश्य रहे, लेकिन यह अंतर भी स्पष्ट है कि जो मुद्दे एक राज्य में प्रभावी होते हैं, वे गारंटी नहीं कि दूसरे में भी हों। यह तो दिख रहा कि महाराष्ट्र में बंटेंगे तो कटेंगे या फिर एक हैं तो सेफ हैं के नारे ने असर दिखाया, लेकिन झारखंड में भाजपा की ओर से उठाया गया घुसपैठ का मुद्दा कामयाब नहीं रहा। यह इसलिए नाकाम रहा, क्योंकि भाजपा के पास इसका जवाब नहीं था कि यदि घुसपैठ हो रही है तो केंद्र सरकार उसे रोक क्यों नहीं पा रही है?

इस पर हैरानी नहीं कि महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी की ओर से अल्पसंख्यक यानी मुसलमान खतरे में हैं का जो भय का भूत खड़ा किया गया, वह औंधे मुंह गिरा। इसका सबक यही है कि जनता के मन-मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले मुद्दे ही लाभकारी साबित होते हैं। महाराष्ट्र का नतीजा यह भी रेखांकित कर रहा है कि संविधान और आरक्षण खतरे में हैं जैसे फर्जी नैरेटिव के सहारे जनता को सदैव के लिए नहीं बरगलाया जा सकता। दोनों राज्यों का जनादेश एक साझा संदेश यह भी दे रहा है कि महिलाओं को प्रति माह पैसा देने वाली योजनाएं चुनावी सफलता का एक बड़ा जरिया बन गई हैं और अब उनसे कोई भी दल मुंह नहीं मोड़ सकता।

# महाराष्ट्र में महायुति को ज़बरदस्त चुनावी रणनीति ने अभूतपूर्व जीत का इतिहास रचाया

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के चुनावी महापर्व को हैरत भरी नजरों से देखती है कि, उनके पूरे देश के नागरिकों या जनसंख्या वाला तो भारत में एक ही राज्य है, ऐसे 29 राज्य 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं तो कितना बड़ा चुनावी महापर्व होता होगा, आज हम इस विषय पर इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि कल दिनांक 23 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र व झारखंड राज्यों व अनेक राज्यों के उपचुनाव परिणामों का ऐलान हुआ, जिसके लिए मैंने तीन सटीक विश्लेषण दिए थे, तीनों विश्लेषण हंड्रेड परसेंट सटीक साबित हुए अब हम इसे आगे बढ़ाकर राज्यों में सरकारी बनाने का विश्लेषण व जीत के कारणों पर चर्चा करेंगे,चूँकि झारखंड में तो सीएम झामुमो का ही होगा परंतु सबकी नज़रें महाराष्ट्र पर लगी हुई है। मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि सीएम एकनाथ शिंदे ही रहेंगे, हालांकि बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी यानी 288 में से 132 सीटें शिवसेना 57 व एनसीपी को 41 सीटें मिली है, सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है, सबकी नज़र है, बीजेपी का सीएम होगा। 23 नवंबर 2024 को उद्धव ठाकरे साहब ने भी सीएम बीजेपी का होने होना चाहिए ऐसी बातें कहीं। मेरा व्यक्तिगत निजी मानना है कि सीएम एकनाथ शिंदे साहब भी हो सकते हैं क्योंकि बीजेपी की यह सटीक रणनीति का हिस्सा हो सकता है,जिसका आगे अन्य राज्यों में चुनावों में बीजेपी को बहुत फायदा व महाराष्ट्र में अनेक मुद्दों पर भी फायदा होगा, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। चूँकि भारत की खूबसूरत लोकतंत्र प्रणाली व बुद्धिजीवी सटीक मतदाताओं पर दुनियाँ हैरान है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महाराष्ट्र में महायुति को जबरदस्त चुनावी रणनीति ने, अभूतपूर्व जीत का इतिहास रचाया।

साथियों बात अगर हम 23 जुलाई 2024 को आए महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों की करें तो,बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति ने शानदार जीत दर्ज की है, राज्य में एक बार फिर उसकी सरकार बन रही है।288 सीटों वाले महाराष्ट्र विधानसभा में महायुति को 230 से ज्यादा सीट मिल रही हैं, वहीं एमवीए को 47 सीटें मिली हैं।राज्य में बंपर बहुमत के बाद महायुति में अब सीएम पद को लेकर माथापच्ची होगी। एकनाथ शिंदे ने कहा है कि तीनों पार्टियां मिलकर फैसला लेंगी। उन्होंने ये भी कहा कि ये तय नहीं है कि जिसकी ज्यादा सीटें आई हैं सीएम उसका ही बनेगा।महाराष्ट्र में बंपर जीत पर आयोजित आभार कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 50 साल में किसी भी पार्टी या किसी भी गठबंधन के लिए ये सबसे बड़ी जीत है, ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा की लीडरशिप में किसी गठबंधन को महाराष्ट्र ने आशीर्वाद दिया है, ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महाराष्ट्र की गुत्थी महायुति ने सुलझा ली और बंपर जीत के साथ वापसी की है। महायुति का हिस्सा बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी तीनों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और महायुति का स्ट्राइक रेट करीब 73 पर्सेंट तक पहुंचा दिया। महायुति का मुकाबला महा विकास अघाड़ी से था। इस गठबंधन की मुख्य पार्टियां कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी हैं। महाविकास अघाड़ी की कोई भी पार्टी सही प्रदर्शन नहीं कर पाई और महा विकास अघाड़ी का स्ट्राइक रेट करीब 17 पर्सेंट के आसपास रहा।महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा सीटों पर यानी 149 सीटों पर बीजेपी ने चुनाव लड़ा था। बीजेपी का स्ट्राइक रेट 88 पर्सेंट के आसपास है।एकनाथ शिंदे की शिवसेना 81 सीटों पर लड़ी थी और इनका स्ट्राइक रेट भी करीब 69 पर्सेंट रहा। अजीत पवार की एनसीपी 66 सीटों पर लड़ी थी और स्ट्राइक रेट करीब 63 पर्सेंट रहा। महायुति की जो सबसे बड़ी टेंशन थी वह इसे लेकर थी कि अजीत पवार की पार्टी कैसा प्रदर्शन करेगी और क्या वह अपना वोट बीजेपी को ट्रांसफर कर पाएगी। नतीजों से लगता है कि वोट ट्रांसफर हुआ है। अजीत पवार की इस चुनाव में मजबूत बनकर उभरे हैं। एकनाथ शिंदे की इमेज का भी महायुति को भी बहुत फायदा पहुंचा।

साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र के 5 माह पूर्व लोकसभा चुनाव में आए खराब प्रदर्शन को बड़ी ऐतिहासिक जीत में पलटाने की रणनीति की करें तो,महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के दौरान 48 में सिर्फ 18 सीटें पाने वाली भाजपा नीत महायुति गठबंधन ने छह महीने में ही बाजी पलट दी। अचूक रणनीति और सफल चुनाव प्रबंधन से अबकी बार 200 पार का नारा सफल हुआ और महायुति की महाविजय हुई। महायुति ने छह माह में बाजी पलटने पर संगठन और सरकार के स्तर पर एकसाथ और कारगर प्रयास किए जिसका नतीजा रेकॉर्डतोड़ जीत के रूप में सामने आया। लोकसभा चुनाव में जीत से उत्साहित विपक्ष का माहौल बदलने के लिए उसका नैरेटिव तोडना बड़ी चुनौती थी लेकिन महायुति इसमें सफल रही भाजपा नेतृत्व ने 10 हजार आम कार्यकर्ताओं से पर्चियों के जरिए 5 से 6 सुझाव मांगे थे। हर जिले के कार्यकर्ताओं से पार्टी ने फीडबैक लेकर समय रहते कमियां दूर कीं। खास बात है कि भाजपा ने हर विधानसभा में गठबंधन के तीनों दलों के नेताओं की कॉर्डिनेशन कमेटियां बनाईं। जिससे तालमेल का संकट खड़ा नहीं हुआ।महिला मतदाताओं को साधने के लिए चलाई गई लाडकी बहिन योजना सफल रही। चुनाव से पहले तक ढाई करोड़ महिलाओं के खाते में तीन बार 1500-1500 रुपये भेजकर महायुति सरकार ने विश्वसनीयत हासिल की।उसे इसका लाभ मिला। टोल टैक्स हटाने, वृद्धावस्था पेंशन बढाने और प्याज एक्सपोर्ट से जुड़ीं शर्तें हटाने, ऋण माफी आदि एलानों से महायुति सरकार किसानों और मध्यवर्गीय मतदाताओं को भी साधने में सफल रही। यही वजह रहा कि पश्चिम महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में भी महायुति ने शानदार प्रदर्शन किया।लोकसभा चुनाव में जिस तरह से महाराष्ट्र में विपक्ष के संविधान खतरे में नैरेटिव के कारण दलित और बौद्ध मतदाताओं का बड़ा वर्ग कांग्रेस नेतृत्व महाविकास अघाड़ी की तरफ शिफ्ट हुआ था। ऐसे में भाजपा ने नतीजों के तुरंत बाद दलित और ओबीसी वर्ग की 350 प्रमुख जातियों के नेताओं से मीड्क्षटग शुरू की। दलित बहुल इलाकों में भाजपा ने संविधान यात्राएं निकालीं । गृहमंत्री के निर्देशन में चुनाव प्रभारी ने 3 महीने तक लगातार अलग-अलक जातियों के नेताओं के साथ बैठकें कर उन्हें पार्टी के साथ लाने में सफल रहे और जिसके जरिए वंचित समाज में संविधान और आरक्षण को लेकर फैले ब्रह्म को पाटने में सराहनीय सफल रहे।

साथियों बात अगर हम महाविकास अघाड़ी की असफलता के कारणों की करें तो,लोकसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी ने जो प्रदर्शन किया था, उसका फायदा यह गठबंधन नहीं ले पाया। यह न तो सत्ताधारी गठबंधन को मद्दों पर घेर पाया न ही उनके नेरेटिव के जवाब में कोई काउंटर नेरेटिव सेट कर पाया। शिवसेना में बगावत के बाद जब राज्य की महाविकास अघाड़ी सरकार गिरी थी और शिवसेना टूटी, फिर एनसीपी टूटी को उद्ध ठाकरे और शरद पवार को लेकर सहानुभूति थी जिसका फायदा लोकसभा चुनाव में दिखा। लेकिन यह गठबंधन विधानसभा चुनाव में इसे भुनाने में असफल रहा। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे इन्होंने उठाए लेकिन उसे लेकर माहौल नहीं बना पाए।लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी द्वारा आक्रामकता से जातिगत जनगणना और संविधान पर खतरे को मुद्दा बनाने के मुद्दे से माहौल बनाया गया था। भाजपा इस नैरेटिव को तोडने में लगी थी लेकिन अति आत्मविश्वास में डूबे एमवीए नेता इसका जवाब नहीं तलाश पाए। उन्होंने भाजपा बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ हैं' जैसे नारों का माकूल जवाब भी समय पर नहीं दिया गया।

ऐसे में यह नारे लोगों को लुभा गए। कांग्रेस की गारंटियों जैसे पुराने वादे भी मतदाताओं को आकर्षित नहीं कर पाए साथ ही तालमेल में कमी और शिवसेना से वैचारिक भिन्नता भी कहीं न कहीं नुकसानदेह साबित हुई। कुर्सी की खींचतानदर असल, लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक ने एकजुटता से चुनाव लड़ते हुए महाराष्ट्र की 48 में से 30 सीटें जीती। इस दौरान करीब 150 से अधिक विधानसभा सीटों पर इंडिया ब्लॉक की बढ़त रही। कुछ महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में सबकुछ बदल गया और इंडिया ब्लॉक में शामिल कांग्रेस, शिवसेना उद्धव और एनसीपी शरद औंधे मुंह गिर गए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी।

**मिथुन**

आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें।

**कर्क**

अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है।

**सिंह**

विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

**कन्या**

सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। वाहन सुख मिलेगा।

**तुला**

आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

**वृश्चिक**

रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

**धनु**

आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

**मकर**

आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है।

**कुंभ**

आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

**मीन**

मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार मित्रों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नरेश सिंह तंवर । 26 नवम्बर सन 1964 को जयपुर में जन्में तंवर साब बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी इंसान हैं। इनकी शिक्षा में बी ए, एमए(प्रशासन) एमबीए( कार्यकारी) आईटीपीआई के एसोसिएट सदस्य, नई दिल्ली से कर सरकारी सेवाओं में बतौर नायब तहसीलदार लगे। आज अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव द्वितीय पंचायती राज विभाग, जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। एक संवेदनशील अधिकारी के रूप में इनके कार्यकाल को जाना जाता है। एक ही पद पर रहकर अनेकों पदों के कार्य को बेहतरीन ढ़ंग से संचालित कर सकने का दम्भ रखते हैं। अपने अधिनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों से मित्रवत व्यवहार और अपने उच्चाधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल से सरकारी सेवाओं को सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने में माहिर अधिकारी के रूप में गिने जाते हैं। इससे पूर्व ये सचिव प्रशासन जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अलवर।

उपायुक्त नगर निगम जयपुर हैरिटेज, जयपुर। उपायुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् .कम.अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं पदेन परियोजना अधिकारी माडा अलवर।

उपखण्ड अधिकारी, नीम का थाना सीकर। उपखण्ड अधिकारी, बुहाना झुन्झुनू।

उपखण्ड अधिकारी, चौथ का बरवाड़ा सवाईमाधोपुर। प्राधिकृत अधिकारी, जेडीए जयपुर। आयुक्त नगर



श्री नरेश सिंह तंवर
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी)

निगम जयपुर सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट फास्ट ट्रैक आमेर जयपुर। तहसीलदार, तिजारा अलवर। तहसीलदार, जेडीए जयपुर।

तहसीलदार, बहरोड़ अलवर । तहसीलदार, रामगंजमंडी कोटा। नायब तहसीलदार, भीलवाड़ा पद पर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

- 1667- रूस के उत्तरी कॉकसस क्षेत्र के सेमाखा में आये विनाशकारी भूकंप में 80 हजार लोग मारे गये।
- 1744 - आस्ट्रिया की सेना ने पराग्वे के यहूदियों के खिलाफ जान लेवा हमले किये और लूटपाट की।
- 1758 - ब्रिटेन ने फ्रांस के ड्यूक्वीसन किले पर क़ब्ज़ा किया।
- 1866 - इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन।
- 1867- अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
- 1930 - जापान में एक ही दिन में भूकंप के 690 झटके रिकार्ड किये गये।
- 1936 - जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1937- फ्रांस की राजधानी पेरिस में विश्व मेले का समापन।
- 1948 - भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना हुई।
- 1949 - स्वतंत्र भारत के संविधान पर संवैधानिक समिति के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किये तथा इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया।
- 1951 - अमेरिकी प्रान्त अल्बामा में ट्रेन दुघर्टना में 17 लोगों की मौत।
- 1952 - जार्ज मेनाय आस्ट्रेलियन फुटबाल लीग के अध्यक्ष चुने गये।
- 1960 - टेलीफ़ोन की एसटीडी व्यवस्था का भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच प्रयोग किया गया।
- 1974 - संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव ऊ थांट का बर्मा में निधन।
- 1998 - पाकिस्तान ने अंधेरे में भी प्रहार कर सकने में सक्षम भक्तर शिकन नामक नव विकसित टैंक-भेदी प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
- 2001 - अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी.) ने भारत को निलंबन की धमकी दी, बेनजीर भुट्टो नई दिल्ली में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से मिलीं।
- 2002 - लुसियो गुटेरेज इक्वाडोर के राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 2004 - पाक राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ के कश्मीर फ़ार्मूले को पाक-कश्मीर समिति ने ख़ारिज किया।
- 2006 - कोलंबो द्वारा भारतीय पंचायती मॉडल का अध्ययन प्रारम्भ।
- 2007 - पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने लरकाना से अपना पर्चा दाखिल किया।
- 2008- योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने वैश्विक मंदी के बावजूद भारत का विकास 9% रहने की सम्भावना व्यक्त की। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित व मालेगाँव के अन्य आरोपियों द्वारा एटीएस पर लगाये गये शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के आरोपों के मद्देनज़र माकोका अदालत ने महाराष्ट्र सरकार से जबाव मांगा। बस्तर ज़िले में नक्सलों के ज़िला पुलिस जवानो को निशाना बनाकर किये गये बारूदी सुरंग हमले में 7 जवान शहीद हुए।
- 2012 - नाइजीरिया में एक चर्च के पास दो कार बम धमाकों में 11 की मौत, 30 घायल।
- 2013 - इराक की राजधानी बगदाद के कैफे में धमाके में 17 मरे, 37 घायल।

### 25 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- 1982 - झूलन गोस्वामी- भारत की प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर हैं।
- 1890 - सुनीति कुमार चटर्जी- भारत के प्रसिद्ध भाषाविद, साहित्यकार तथा विद्याशास्त्री।
- 1898 - देवकी बोस- मशहूर फ़िल्म निर्देशक और संगीत में ध्वनि के जानकार।
- 1971 - बिप्लब कुमार देब - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ हैं।
- 1963- अरविन्द कुमार शर्मा- ग्यारहवीं और पंद्रहवीं लोकसभा के सदस्य।
- 1969- बिप्लब कुमार देब- त्रिपुरा के राजनीतिज्ञ एवं त्रिपुरा के 10वें मुख्यमंत्री हैं।
- 1953 - राधाकृष्ण माथुर - लद्दाख के प्रथम उपराज्यपाल हैं।
- 1948 - वीरेन्द्र हेगड़े - भारत के एक परोपकारी पुरुष हैं।
- 1926 - रंगनाथ मिश्र - भारत के भूतपूर्व 21वें मुख्य न्यायाधीश रहे थे।
- 1924 - रघुनंदन स्वरूप पाठक - भारत के भूतपूर्व 18वें मुख्य न्यायाधीश थे।

## विशेष आलेख

# संविधान और मानवाधिकार एक प्रगतिशील समाज की आधारशिला हैं

**यतेन्द्र पाण्डेय,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन**

भारत का संविधान नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करता है । यह मानव अधिकारों को संरक्षित करने वाला सबसे बड़ा दस्तावेज़ है।मानव अधिकार, प्रत्येक व्यक्ति को उसके जन्म के आधार पर ही मिलते हैं, जो उनके सम्मानजनक जीवन और समानता सुनिश्चित करते हैं। यह अधिकार सार्वभौम मानवाधिकारों के सिद्धांतों के अनुरूप हैं। मानवाधिकार वे मौलिक स्वतंत्रताएं हैं, जो जाति, धर्म, लिंग, भाषा, या राष्ट्रीयता से परे, हर व्यक्ति को प्राप्त होती हैं।

**भारतीय संविधान में मानव अधिकारों को निम्नलिखित प्रावधानों के माध्यम से संरक्षित किया गया है-**

मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 12-35)------;

समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)

स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)

शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)

धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)

सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार (अनुच्छेद 29-30)

संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)

दिशानिर्देशक सिद्धांत (अनुच्छेद 36-51)=

ये राज्य को सामाजिक और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में मार्गदर्शन देते हैं।

मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993

यह राष्ट्रीय और राज्य मानव अधिकार आयोगों की स्थापना करता है।

हालांकि, इन अधिकारों को लागू करने और उनकी रक्षा करने में कई प्रकार की चुनौतियां सामने आती हैं।



इसके तहत राष्ट्रीय और राज्य मानव अधिकार आयोग की स्थापना की गई, जो मानव अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

**चुनौतियां**

**सामाजिक असमानता**

जाति, धर्म, लिंग और आर्थिक असमानताओं के कारण सभी नागरिक समान अधिकारों का उपभोग नहीं कर पाते।

**कानून का दुरुपयोग**

कई बार कानून का दुरुपयोग करके निर्दोष व्यक्तियों को परेशान किया जाता है या मानव अधिकारों का हनन किया जाता है।

**पुलिस और प्रशासन की भूमिका**

कई बार पुलिस और अन्य प्रशासनिक संस्थाओं द्वारा अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है। हिरासत में उत्पीड़न, फर्जी मुठभेड़ आदि इसके उदाहरण हैं।

**आर्थिक असमानता**

गरीबी और बेरोजगारी के कारण कई लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, और अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, जो उनके अधिकारों के उल्लंघन का कारण बनता है।

**महिला और बाल अधिकारों का हनन**

घरेलू हिंसा, बाल श्रम, दहेज प्रथा, और यौन उत्पीड़न जैसी समस्याएं मानव अधिकारों की बड़ी चुनौतियां हैं।

**सूचना और जागरूकता का अभाव**

ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी नहीं होती। इससे उनका शोषण आसान हो जाता है।

**असुरक्षा और आतंकवाद**

आंतरिक और बाहरी सुरक्षा खतरों के कारण कई बार आपातकालीन कानून लागू होते हैं, जो मानव अधिकारों को सीमित कर सकते हैं।

**समाधान**

कानूनी सुधार

कानूनों को और अधिक पारदर्शी और सख्त बनाना चाहिए ताकि मानव अधिकारों का हनन करने वाले लोगों को तुरंत दंडित किया जा सके।

**शिक्षा और जागरूकता---**

मानव अधिकारों से संबंधित शिक्षा को स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।

**सशक्त पुलिस और न्यायिक प्रणाली**

पुलिस और न्यायपालिका को संवेदनशील बनाना चाहिए ताकि वे मानव अधिकारों का सम्मान करें। हिरासत में यातना और फर्जी मुठभेड़ों पर रोक लगनी चाहिए।

**सामाजिक समानता को बढ़ावा**

जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त करने के लिए समाज में समानता और समरसता को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**महिला सशक्तिकरण**

महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष कानूनों का कड़ाई से पालन करना चाहिए।

आर्थिक विकास और अवसर

गरीबी और बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

**निष्कर्ष** यह कि संविधान और मानवाधिकार एक प्रगतिशील समाज की आधारशिला हैं। भारत में इन अधिकारों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सरकार, नागरिक समाज और व्यक्तियों को मिलकर काम करना होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# पांच सितारा होटल में बम की सूचना से मचा हड़कंप, होटल का चप्पा-चप्पा छाना

राकेश शर्मा



चौथ का बरवाड़ा. होटल में मौजूद पुलिसकर्मी।

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** समीपवर्ती चौथ का बरवाड़ा कस्बे के पांच सितारा होटल सिक्स सेंस फोर्ट को मेल आईडी पर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। स्थिति को देखते हुए मौके पर चौथकाबरवाड़ा पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। सवाईमाधोपुर से स्पेशल टीम को बुलाया गया है। फिलहाल होटल के अंदर तलाशी की जा रही है। अब तक जो जानकारी है, उसके अनुसार प्रशासन इसको अफवाह बता रहा है। जिले में पिछले दिनों भी एक बड़े होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यहां भी यह सूचना अफवाह निकली थी। अब एक बार फिर से चौथकाबरवाड़ा में होटल को बम से उड़ाने की धमकी के बाद कस्बे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर होटल सिक्स सेंट फोर्ट के अधिकृत मेल आईडी पर होटल को बम से उड़ाए जाने की धमकी भरा मैसेज मिला। इसके बाद पूरा प्रशासन अलर्ट हो गया। स्थिति को देखते हुए सवाईमाधोपुर से स्पेशल टीम को बुलाया गया। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी होटल के अंदर तैनात किया गया। पुलिस ने बताया कि अभी तक इस मामले को लेकर कोई खास जानकारी नहीं मिली है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार महज यह एक अफवाह नजर आ रही है। फिर भी स्पेशल टीम होटल के अंदर एक-एक चीज की बारीकी से जांच में जुटी है। दूसरी और होटल प्रबंधन ने इस पूरे मामले को पूरी तरह से गोपनीय बनाए रखा और पर्यटकों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी। बाद में पुलिस को देखने के बाद होटल के अंदर पर्यटकों में हलचल जरूर देखी गई।

**कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली :** अभी तक जो मेल आया था, उसके अनुसार कोई भी विस्फोटक चीज नहीं मिली है। फिर भी एहतियात के तौर पर जयपुर से भी स्पेशल टीम को बुलाया गया है। पुलिस होटल में जांच कर रही है।

**मुकेश कुमार, सीआई, चौथकाबरवाड़ा**

गत तीन वर्ष में गठित की हैं पांच नगरपालिकाएं

# सवाई माधोपुर की तीन, गंगापुर की दो पालिकाओं में होगा वार्डों का सीमांकन

## राज्य सरकार ने नवगठित नगर पालिकाओं तथा कार्यकाल पूर्ण कर चुके निकायों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** राज्य सरकार ने नवगठित नगर पालिकाओं तथा कार्यकाल पूर्ण कर चुके निकायों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए स्वायत्त शासन विभाग ने सबंधित जिला कलक्टर को वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर वार्ड की संया तथा परिसीमांकन करने के आदेश जारी किए हैं। और आदेश के अनुसार इसके तहत सवाईमाधोपुर जिले में जहां तीन नगरपालिकाओं के चुनाव होंगे, वहीं नवगठित गंगापुरसिटी जिले में दो नवगठित नगरपालिकाओं में चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की है। इनमें सवाईमाधोपुर जिले में खिरनी, बौंली व खण्डार शामिल हैं। और वहीं गंगापुरसिटी जिले में बामनवास तथा वजीरपुर नगरपालिका शामिल हैं।

**यहां पालिकाध्यक्ष की जिमेदारी नहीं मिली :** दोनों जिले में राज्य सरकार ने पांच नगरपालिकाएं गठित की हैं, लेकिन केवल बामनवास में ही सरपंच को पालिकाध्यक्ष की जिम्मेदारी नहीं दी, जबकि खण्डार, बौंली, खिरनी तथा वजीरपुर में वर्तमान सरपंच को पालिकाध्यक्ष तथा वार्ड पंच को वार्ड पार्षद की जिमेदारी दी है। इसका कारण है कि बामनवास को दो पंचायतों को मिलाकर नगरपालिका बनाया गया है। इसमें ग्राम पंचायत पट्टीकला एवं पट्टीखुर्द को मर्ज किया गया था। हालांकि यहां पूर्व में भी राज्य सरकार के आदेशों पर स्वायत शासन विभाग ने वार्ड पुनर्गठन का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। जिसके तहत सभी 20 वार्डो का गठन कर सीमांकन भी कर दिया गया। लेकिन अब वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार होगा। इतने वार्ड बनेंगे

**नगरपालिका वार्ड जनसंख्या :-**
बौंली 25 -15300
खिरनी 20 -12963
खण्डार 25 -15339
बामनवास 20 -13397
वजीरपुर 25 -15515

**यह रखना होगा ध्यान :** प्रत्येक नगरपालिका में वार्ड निर्धारित सीटों के मुताबित ही होंगे। वार्डों में आनुपातिक जनसंया दस प्रतिशत कम या ज्यादा हो सकती है। लेकिन सीमा का उल्लंघन नहीं हो। वार्डों की सीमा संभवतया सडक़ या गली के आधार पर निर्धारित की जाए। एक मकान दो वार्डों में विभाजित नहीं हों। वार्डों को पूर्ण रूप से पुलिस थाने की सीमा के साथ बनाना होगा, जिससे पूर्ण वार्ड थाने की सीमा में रहे। वार्ड एक ही जोन में रहें। वार्डों में गठन में उपखण्ड अधिकारी, एडीएम के क्षेत्राधिकार को भी ध्यान मे रखना होगा। साथ ही जलदाय, बिजली, पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं के क्षेत्राधिकार में भी समानता रहें। वार्डों का सीमांकन नगरपालिका के उत्तरी पश्चिमी कोने से एंटी क्लॉक वाइज शुरू करते हुए चक्रीय क्रम में किया जाएगा।

**यूं चलेगी प्रक्रिया :** वार्डों में परिसीमांकन के प्रस्ताव तैयार करना एवं प्रकाशन- 1 दिसबर से 30 दिसबर तक परिसीमांकन के प्रस्तावों पर आपत्ति आमंत्रित करना एवं आपत्तियां प्राप्त करना- 31 दिसबर से 19 जनवरी वार्ड गठन प्रस्ताव मय नक्शे एवं प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर टिप्पणी सहित राज्य सरकार को विशेष वाहक से भेजना- 20 जनवरी से 8 फरवरी 2025 राज्य सरकार की ओर से आपत्तियों का निस्तारण एवं प्रस्तावों का अनुमोदन- 9 फरवरी से 1 मार्च 2025

# तनुश्री विजय को मिली पीएचडी की उपाधि




कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा के बृजलालनगर कालोनी निवासी शंकरलाल विजयवर्गीय निमेड़ा वालो की सुपौत्री एवं शिक्षक कृष्णगोपाल विजयवर्गीय मधुर की होनहार एवं प्रतिभाशाली पुत्र तनुश्री विजय को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा मानव विकास विषय में राजस्थान के मेवाड़ क्षैत्र के अविविाहित पुरूष एवं महिलाओं में चौथाई जीवनकाल के दोरान आने वाले संकट विषय पर किए शोघ कर पीएचडी करने पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। तनुश्री विजय ने अपना शोध कार्य डा्. विनिता शम्रा प्रोफेसर के निर्देशन में पूर्ण किया। शोध कार्य का फाइनल फोफेसर अपराजिता चौधरी कुलपति रमा देवी महिला विश्वविद्यालय उड़ीसा द्वारा लिया गया। जिसमें डॉ. सुनीता मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजुद रहे। तनुश्री ने अपने शोध कार्य का श्रेय परिवार के सभी सदस्यो सहित अपने माता पिता के साथ साथ मोहनलाल सुखाड़िया के व्यवहार निर्देशन को दिया है। कार्यक्रम में तनुश्री विजय ने अपना शोध पत्र पढ़कर सुनाया। और इधर तनुश्री विजय को पीएचडी कर डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर सभी परिवारजनो व सम्पूर्ण विजयवर्गीय समाज मालपुरा में हर्ष की लहर है। साथ ही सभी लोग तनुश्री को उनके परिवारजनो के माध्यम से बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाऐं दी है।

पचीपल्या में रात्रि चौपाल

# ग्रामीणों की पानी की समस्या का निराकरण शीघ्र करें : शुभम

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** आमजन की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान व निराकरण के लिए शुक्ला गत दिवस कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत पचीपल्या के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या से अवगत कराने पर जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं पंचायत राज के ग्राम पंचायत अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्यवाही कर पचीपल्या ग्राम वासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाने के निर्देश प्रदान किए हैं। जिला कलक्टर ने ग्राम वासियों द्वारा पीएम आवास न मिलने की शिकायत पर कलक्टर ने वरीर्यता अनुसार पात्र व्यक्तियों की पीएम आवास सूची प्राथमिकता के आधार पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के सदृश्य स्थान पर अंकित करवाने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को प्रदान किए है।

वहीं उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत नये नाम जुड़वाने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा केवल उन श्रमिक कार्डधारी व्यक्तियों के ही खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत नाम पोर्टल पर जोड़े जा रहे है जिन्होंने पूर्व में आवेदन कर रखा है। इस दौरान पेयजल, बिजली, नाली निर्माण करवाने, अतिक्रमण हटवाने सहित राजस्व, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, पंचायतीराज, पीएचईडी, रसद, सिंचाई विभाग से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। रात्रि चौपाल में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा, सरपंच अंजू नराणिया, अधीक्षण अभियंता अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत : बुआ के अंतिम संस्कार में जा रहा था, जयपुर में करता था मजदूरी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई के गांव हिंगोनिया मोड़ पर टैंकर ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे व्यक्ति की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 7 बजे की है। दत्तवास थाना अधिकारी कालूराम ने बताया कि रविवार सुबह 7 बजे सूचना मिली की एक बाइक सवार युवक को टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके बाद एंबुलेंस की मदद से मृतक व्यक्ति के शव को निवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

मृतक कि जेब से मिले आधार कार्ड डायरी में मोबाइल से पहचान की गई। व्यक्ति की पहचान राजू बैरवा (40) पुत्र बालकिशन बैरवा के रूप में की गई। राजू जयपुर में मजदूरी का कार्य करता था। देर रात परिजनों की सूचना पर बुआ जी देहांत होने पर अंत्येष्टि में शरीक होने के लिए अपने गांव कनापुर श्योपुर मध्यप्रदेश जा रहा था। पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवाई पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। मामले की जांच दतवास पुलिस कर रही है। परिजनों ने बताया-मृतक पांच बहनों का इकलौता



भाई था वह मृतक के चार लड़कियां वह एक लड़का है।

# रक्तदान महान पुण्य का कार्य : एसडीएम चौधरी

## 101 जनो ने किया रक्तदान

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने कहा है कि इस संसार में रक्तदान को महान पुण्य का कार्य माना गया है। एसडीएम चौधरी रविवार को धानोता रोड स्थित सरकारी अस्पताल में रिलीप एण्ड डवलपमेंट सोसायटी मालपुरा के तत्वावधान में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर के शुभारम्भ समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर एसडीएम चौधरी ने कहा कि रक्तदान के माध्यम एकत्रित रक्त से किसी इंसान को नया जीवनदान मिलता है। इसलिए रक्तदान को परमात्मा की भक्ति के बाद सबसे महान पुण्य कार्य की संज्ञा दी जाती है। रक्तदान करने से कमजोरी आने वाली बात केवल भ्रांन्ति है। बल्कि रक्तदान करने से इंसान ओर अधिक स्वस्थ होता है। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि प्रत्येकइंसान को आवश्यक रूप से रक्तदान कर पुण्य लाभ प्राप्त करने के साथ साथ स्वस्थ शरीर को भी प्राप्त करता है। शिविर में कुल 101 जनो ने रक्तदान किया। शिविर उद्घाटन अवसर पर अतिथि के रूप में वृताधिकारी आशिष प्रजापत भी मौजुद रहे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियो का स्वागत सम्मान किया।

# सर्किट हाउस रोड पर हुई वारदात : मैरिज गार्डन से मोटरसाइकिल चोरी, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए आरोपी

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** स्थानीय सर्किट हाउस रोड पर एक मैरिज गार्डन से शुक्रवार देर शाम चोर बाइक चुरा ले गए। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली थाने में बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित कमलेश कुमार शर्मा पुत्र हरिचरण शर्मा निवासी मंडी रोड अरिहंत कॉलोनी है। वह रात शाम सात बजे सर्किट हाउस रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में शादी समारोह में खाना खाने गए थे। और इस दौरान मोटरसाईकिल मैरिज गार्डन की पार्किंग में खड़ी थी। रात आठ बजे शादी समारोह में खाना खाने के बाद लौटे तो बाइक गायब मिली। इस दौरान उन्होंने इधर-उधर बाइक को तलाश किया और आसपास लोगों से भी बाइक के बारे में पूछा लेकिन बाइक नहीं मिली।

### पहले करते हैं रैकी

मैरिज गार्डन की पार्किंग से बाइक चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। सीसीटीवी में दो युवक मैरिज गार्डन में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। वे कुछ देर पार्किंग में इधर-उधर टहलते हैं। इसके बाद एक युवक बाइक पर कुछ देर बैठा रहता है और मौका पाकर बाइक को स्टार्ट करते नजर आ रहा है, जबकि दूसरा युवक बाइक के पीछे भागता दिखाई दे रहा है।



सवाईमाधोपुर. गार्डन की पार्किंग से बाइक ले जाता युवक।

# विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओ को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा( नि.स. )।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओ को जागरूक करने के लिए मतदान बूथो पर दावे एवं आपत्तिया ली गई। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ सख्यां 284 पर सर्किल 29 के सुपरवाइजर रामराज मीना ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीएलओ राजेश कुमार पारीक ने बताया कि विशेष अभियान के तहत नए मतदाताओ के नाम जोड़ने एवं नाम सशोधन के लिए आवेदन लिए गए। एक जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक एवं युवतिया एवं वंचित मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होने बताया कि फार्म सख्यां 6 के तहत 15 एवं फार्म सख्यां 7 के तहत 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बूथ सख्यां 281,282 एवं 283 की घर-घर सर्वे रिर्पोट की जानकारी दी गई।

# भाजपा शहर मण्डल ने मोदी के मन की बात का 116 वां संस्करण सुना

बढ़ता राजस्थान

**चूरू, ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 116 वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुना। भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी ने बताया कि मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा मैं पूरे महीने मन की बात का बेसब्री से इंतजार करता हूं ताकि मैं आपसे सीधा संवाद कर सकूं। पीएम मोदी ने कहा आज बड़ा ही खास दिन है।

आज एनसीसी दिवस ह. एनसीसी का नाम सामने आते ही हमें स्कूल, कॉलेज के दिन याद आ जाते हैं। मैं स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहा हूं. इसलिए पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे मिला अनुभव मेरे लिए अनमोल है। लोगों से जुड़ने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने राष्ट्रीय कैडेट कोर (छब्ब) के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने युवाओं से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने लाल किले की प्राचीर से ऐसे युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया है, जिनके परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है।

# चुनावों में भजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( नि.स. )।** देश में महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव के अलावा उत्तरप्रदेश और राजस्थान उपचुनाव में भाजपा की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। जिला मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर जीत का जश्न मनाया। गंगासपुर सिटी नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों में से 244 सीटों पर भाजपा को जीत मिली।

उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में 9 सीटों पर काबिज हुई। राजस्थान में 7 सीटों में से 5 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। उन्होंने कहा कि यह पार्टी और कार्यकर्ताओं की जीत है। जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने कहा कि निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में किए जा रहे कार्यों और सभी योजनाओं को आमजन ने सराहना करते हुए ही भाजपा पर विश्वास जताया है। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन के हित में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, भाजपा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस खुशी के मौके पर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस मौके पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढ़ी, उदयसिंह गुर्जर, महेन्द्र दीक्षित, गिरधारी सोनी, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, उपप्रधान पुष्करसिंह जाट, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट नवीन शर्मा, नेमीचंद मीणा, बाबूलाल सैनी, पुखराज सलेमपुर, योगेन्द्र शर्मा, रामसिंह खटाना, मनोज बंसल, प्रदीप सरकार, मिथलेश व्यास, जमनालाल वैष्णव, जगदीश गिरी, मनमोहन बजाज, हरिप्रसाद बोहरा, घनश्याम शर्मा, कमलेश महावर, गोविन्द गुप्ता, सुरेंद्र मित्तल, सूरजमल जाट, नारायण महावर, धनेश शर्मा, विष्णु गुरुजी, श्याम मेंबर, विष्णु बोहरा, विनोद अटल, ओमी कटारिया, गोपाल धमोनिया, मंजू सिंघल, सावित्री शर्मा, संगीता बोहरा, राधा दीक्षित, गौरंती मीणा, उर्मिला गुर्जर, पार्षद बबलू चौधरी, गौरव मंगल, सोमेश्वर टटवाल, भरतलाल, मुकेश जांगिड़, अंकित तंवर, नरेश दुबे, गोपाल दीक्षित, पार्षद लक्ष्मण सैनी, योगेन्द्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केदियो को ज्ञानवर्धक पुस्तके वितरित की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा उपकारागृह मालपुरा के सभी केदियो को ज्ञानवर्धक पुस्तके व खेल सामान वितरित किए गए। रविवार को क्लब के सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन की मौजुदगी में क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, सचिव सुनील कुमार व जेलर महावीर प्रसाद की मौजुदगी में पुस्तके वितरित की गई। साथ ही केदियो से पुस्तको के ज्ञान को अपने जीवन में उतार कर सभ्य नागरिक बनने का आव्हान किया गया।

# शाबाश कर्ण शाबाश..



महाभारत का युद्ध चल रहा था,एक ओर से अर्जुन तीर चला रहा था तो दूसरी ओर से महारथी कर्ण तीर चला रहा था। अर्जुन के तीर से अर्जुन का रथ चार हाथ पीछे चला जाता जबकि अर्जुन के तीर से कर्ण का रथ 18 हाथ पीछे चला जाता था। एक बानगी अर्जुन अपनी पीठ स्वयं ही थपथपाने का विचार करने लगा लेकिन अचानक ही आवाज आई शाबास कर्ण शाबास और ये कहने वाले कोई ओर नहीं बल्कि स्वयं भगवान श्री कृष्ण थे जोकि अर्जुन के सारथी बने हुए थे। ऐसा कहने पर अर्जुन को बड़ा ही बुरा लगा कि मेरे तीर से उसका रथ 18 हाथ पीछे धकेल दे रहा है और उसके तीर से मेरा रथ मात्र चार हाथ पीछे हो रहा है फिर भी आप कर्ण को शाबासी दे रहे हैं केशव..

भगवान बोले कि अर्जुन तेरे रथ पर मैं यानि अखिलकोटि ब्रहमाण्डनायक मौजूद हूं इसके अलावा महाबली हनुमान जी का ध्वज पताका लहरा रहा है उसके बाद भी चार हाथ पीछे रथ को कर्ण धकेल कर शाबासी का पात्र बन रहा है यदि हम ना हों तो तेरा रथ विस्पोट के साथ उढ़ जाए..। मित्रों हो सकता है ये दंत कथा हो या फिर मनगढंत हों लेकिन रामगढ में चुनाव के दौरान दोनों ही दलों ने शानदार तरीके से लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी शानदार भूमिका निभाई है। भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की है लेकिन कॉग्रेस के प्रत्याशी ने भी यहां कर्ण की भूमिका निभा कर शाबासी तो हासिल ही की हैं, हां शाबासी यहां दूसरे खेमे के लोग दे भी रहे हैं, वो भी दबे स्वर से । जहां टक्कर भाजपा प्रत्याशी नहीं बल्कि सीधी सरकार से हो रही थी। दो बार तो खुद मुख्यमंत्री आ चुके थे केन्द्रीय मंत्री और राजस्थान सरकार के मंत्री की इज्जत भी इसी सीट पर आन टिकी थी। सीट जीतना बेहद जरूरी था पूरा सिस्टम इस बात से चाहे सामने से इंकार कर दे लेकिन ऊपर वाले के यहां दर्ज हो चुका है कि झुकाव किसकी ओर था,और मैं यहां गलती किसी की भी नहीं बता रहा हूं उपचुनाव में होता भी यहीं है सामने वाले से सरकार ही लड़ती है। गत चुनाव में कॉग्रेस की सरकार थी इसलिए कॉगेस की प्रत्याशी ने जीत हासिल की क्योंकि उस समय भी पूरा तंत्र लगा हुआ था उस समय कर्ण की भूमिका में इस बार के भाजपा प्रत्याशी रहे। लेकिन ऐसी शानदार टक्कर के लिए कॉग्रेस प्रत्याशी और उसके समर्थकों का हौसला भी शानदार नजर आया। कहीं कुछ अनहोनी नहीं हुई और शानदार लोकतंत्र महोत्सव में सभी ने अपनी भागेदारी निभाई। रामगढ के उपखण्ड अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद का रोल सबसे अहम था जहां उन्होनें हर प्रकार की अप्रिय घटना को होनें से रोका और शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाकर लोगों में अच्छी भावना का विकास हुआ।

**रूपक शर्मा**

# मोदी की नीतियों,और मुख्यमंत्री की कार्य क्षमता में विश्वास की जीत : शेखावत

## शेखावत की मेहनत और कार्यकर्त्ताओं के समर्पण की जीत : बोहरा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** देश के दो राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव व चार राज्यों में हुए उपचुनाव पर विधायक देवीसिंह शेखावत व भाजपा नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि इन चुनाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में आमजन का अटूट विश्वास, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्य क्षमता की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि देश के दो राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव व चार राज्यों में हुए उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का श्रेय प्रधानमंत्री की नीतियों एवं उनके नेतृत्व को जाता है। मोदी की कार्यशैली व निर्णयों पर मतदाताओं ने मुहर लगाई है। वहीं राजस्थान प्रदेश में हुए उपचुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर मोदी में विश्वास व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्य क्षमता पर मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाई है। भाजपा नेता व जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि रामगढ़ के उपचुनाव में विधायक देवीसिंह शेखावत की मेहनत और संगठन के कार्यकर्त्ताओं के समर्पण की जीत हुई है। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा ने कहा कि उपचुनाव में भजनलाल सरकार के कार्यों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में विश्वास की जीत हुई है। भाजपा नेता पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश कटारिया ने बताया कि इस ऐतिहासिक जीत ने भाजपा कार्यकर्त्ताओं को एक नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि इस जीत की खुशी में भाजपा कार्यालय पर विधायक देवीसिंह शेखावत के नेतृत्व में आतीशबाजी कर व मिठाई



खिलाकर जश्न मनाया गया। वहीं भाजपा नेता व समाजसेवी निरंजन लाल सैनी ठेकेदार ने सभी कार्यकर्त्ताओं का आभार जताया। इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित,मंगलराम सैनी, रामपुर मण्डल अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, बानसूर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी,पीढ़ी चौधरी, विकास जोशी,संकेत लाटा,मंजू शर्मा ,योगेश सोनी, पूर्णसिंह शेखावत, धर्मपाल यादव, पार्षद बबलू बाल्मीकि, आईटी सैल के विजय कुमावत, खोहरी उपसरपंच कृष्ण यादव, संदीप अग्रवाल, सहित काफ़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर उपस्थित भाजपाईयों ने लड्डू खिलाकर एक दूसरे का मुँह मीठा कराया।

# अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप द्वारा नि:शुल्क बी.पी, एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन- 88 लोग हुए लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रविवार को माह के अंतिम रविवार को स्थानीय संघ कार्यालय कंपनी बाग, अलवर में प्रात: भ्रमण के लिए आने वालों के लिए नि:शुल्क बी.पी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को आजीवन सदस्य गजेंद्र सिंह निर्वाण के सौजन्य से आयोजित किया गया। सर्वप्रथम ईश वंदना कर शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में लगभग 88 महिलाए पुरूषों ने बीपी एवं शुगर की जांच करवा कर तथा वजन जांच कर कैंप का लाभ उठाया। कैंप के बाद अलवर जिला स्काउट एंड गाईड फेलोशिप सदस्यों की साधारण सभा की गई जिसमें राजस्थान स्टेट स्काउट एंड गाइड फेलोशिप के पूर्व अध्यक्ष श्रीमान एस एम उस्मान खान साहब के इंतकाल हो जाने पर 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तद्पश्चात संरक्षक हरीश कालरा ने कार्यक्रम रूपरेखा में कुछ बदलाव किये गए थे उन पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने आगामी समय में होने वाले सेवा कार्यो तथा वन भ्रमण के बारे में जानकारी देते हुए कल 25 नवम्बर को युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होमोपेथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में होने वाले लायंस क्लब अलवर मत्स्यए जिला अन्धता निवारण समिति, मित्तल हॉस्पिटल अलवर, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप तथा वाईपीएसएम होमोपेथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में होने वाले नि:शुल्क नेत्र रोग शिविर की जानकारी देते हुए सहयोग हेतु सभी को आमंत्रित किया चयनित नेत्र रोगियों के पूर्णत: नि:शुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल में किये जायेंगे जिसमे मरीज को आने-



जाने, रहने,खाने-पीने, रुकने, ऑपरेशन, लेंस,दवा, चश्मा , घर हेतु दवा सभी पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान किये जायेंगे । कार्यक्रम में संरक्षक हरीश कालरा, स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजेश भट्ट, स्टेट सहसचिव एवं जिला सचिव ताराचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष बी आर निमेष, उपाध्यक्ष लता रानी शर्मा, उपाध्यक्ष गंगा गुप्ता, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र कुमार सोनी, शंभू शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, गोविन्द गोयल, राजेश शर्मा, श्रीमति आशा कालरा, मंजू शर्मा, प्रमिला गुप्ता सहित एस जी एफ सदस्यों ने सहयोग किया।

## सराहनीय

# नेक कमाई प्रभावशाली एनजीओ के खिताब से सममानित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** नई दिल्ली के रेडिशन होटल में आयोजित एक समारोह में नेक कमाई फाउंडेशन को मोस्ट इमपेकटलफुल एनजीओ ऑफदा ईयर-2024 के खिताब से सममानित किया गया। भारत सरकार के नीति आयोग और फोर्स मोटर्स की ओर से आयोजित देश भर के एनजीओ की हुई सेमिनार में प्रदेश से नेक कमाई फाउंडेशन को इस पुरस्कार से सममानित किया गया। यह पुरस्कार नेक कमाई के 2024 के समाजसेवी कार्यों के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय एनजीओ फाउंडेशन के पदाधिकारी ने प्रदान किया। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि यह पुरस्कार संरक्षक दौलत राम हजरती और धर्मेन्द्र अदलकखा ने प्राप्त किया। नेक कमाई को यह सममान जरूरतमंद बेटियों के दो साल में 213 कन्यादान करनेए कच्ची बस्तियों में महिलाओं को सिलाई सिखाने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने, सर्दियों में गर्म कपड़ों का वितरण, सरकारी स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री सहित प्रत्येक सप्ताह सेवा का एक से अधिक कार्यक्रम संचालित करने पर दिया गया है जिसको देखने आयोजक मंडल की टीम ने अलवर आकर नेक कमाई के कार्यों को देखा। इस सममान पर नेक कमाई की संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल और मीना तनेजा ने हर्ष जताया है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 717 वें दिन भी रहा जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को लगातार 717 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। कमेटी सचिव कैलाश यादव ने बताया कि सीमेंट प्लांट द्वारा गांव की आम आबादी से 82 मीटर की दूरी पर संचालित कंनवर वेल्ट क्रेशर से उडने् वाली डस्ट गांव में कोहरे व धुंध की तरह छा जाती है। ग्रामवासियों के मकान की छतों पर पेड़ पौधों की पत्तियों पर जमी हुई डस्त को खुली आंखों से भी देखा जा सकता है। गांव में श्वांस, दमा, एलर्जी जैसी बीमारियां आम हो गई है, वर्तमान समय में प्रदूषण की समस्या को लेकर कोटपूतली के आसपास के क्षेत्र की स्कूलों व कॉलेज तक की छुट्टियां कर दी गई है और इसी प्रदूषण की समस्या को लेकर ग्रामवासी पिछले 02 साल से धरने पर बैठे हुये हैं फिर भी प्रशासन द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। धरने पर समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव प्रभुदयाल वर्मा, हरभगत बाबूजी, दिनेश यादव, रामनिवास योगी, भूपसिंह धानका, सांवरमल शर्मा, रामू यादव, लक्ष्मीनारायण योगी, जयराम यादव, सूबेसिंह मीणा, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, मदन योगी, रोहिताश योगी, सुरज्ञानी योगी, हरिराम यादव, जितेंद्र यादव, श्रीराम योगी, हंसराज योगी, अजय योगी, मोहर सिंह योगी, प्रकाश सोरेला, रामावतार यादव, लीलाराम यादव (मुलायम) समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

# आरजेएस परीक्षा में सफल होकर गांव पहुंची शालू सिंह का हुआ सम्मान

## कोई भी देश विकसित तब होता है जब नारी शक्ति का सम्मान बड़ा होता है : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव ज्ञानपुरा में राजस्थान न्यायिक सेवा में आरजेएस परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफल होने पर गाँव की बेटी का सम्मान किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम बेटी के आवास, विधायक देवीसिंह शेखावत के आवास, नगर पालिका नारायणपुर के सभागार सहित अनेक स्थानों पर रहा। विधायक आवास पर गाँव की बेटी शालूसिंह को गुलदस्ता भेंट कर व मुँह मीठा कराकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि गाँव की बेटी और हमारी छोटी बहन शालूसिंह शेखावत ने न्यायिक सेवा में प्रथम प्रयास में ही जो सफलता हासिल की उसके लिए हम गौरवान्वित हैं। शालूसिंह शेखावत ने गाँव, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गाँव की बेटी सभी बहन बेटियों को सन्देश देने का प्रयास किया है कि नारी शक्ति कमजोर नहीं है।

## हार सिर्फ कायर मानता है बहादुर नहीं : शालू



शेखावत ने कहा कि हिंदुस्तान में जिस दिन नारी शक्ति का सम्मान ठीक ढंग से होगा भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने विधानसभा में भी कहा था कि वही राष्ट्र विकसित होता है जिस राष्ट्र में नारी शक्ति का सम्मान होता है।इस अवसर पर बोलते हुए शालूसिंह शेखावत ने कहा कि लगातार परिश्रम का परिणाम बहुत अच्छा होता है। युवा शक्ति को उन्होंने कहा कि हार सिर्फ कायर मानता है बहादुर नहीं।शालूसिंह शेखावत ने कहा कि मेरे पिता की मौत के बाद मुझे मेरे बड़े पिताजी यानी ताऊजी भगीरथसिंह शेखावत और सम्पूर्ण परिवार ने मुझे हिम्मत दी मार्गदर्शन किया और सहयोग किया। मुझे मेरे बड़े पापा यानी ताऊजी और परिवार पर गर्व है कि आज मैने इन सबके मार्गदर्शन में राजस्थान न्यायिक सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की है। पूर्व में शालूसिंह शेखावत जेडीए में जूनियर लीगल ऑफिसर के पद पर कार्यरत थी। शालूसिंहशेखावत ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से स्नातक व एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की है।

# मुकेश कुमार सैनी बने नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** पाटननर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीणा एवं राष्ट्रीय वित्त सलाहकार हरिसिंह सैनी की अभिशंषा पर राजकीय अजीत उप जिला चिकित्सालय खेतड़ी में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर मुकेश कुमार सैनी को जिला नीमकाथाना का नर्सेज एसोसिएशन का जिला सहयोजक एवं जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की है।इसके साथ ही नीमकाथाना जिले के निर्वाचन प्रक्रिया एवं सदस्यता के लिए भी मुकेश कुमार सैनी को अधिकार दे दिया है। संगठन में जिला अध्यक्ष बनने पर नर्सेज कर्मियों सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने सैनी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में डॉ मुकेश सैनी जीलो, पीएमओ नीमकाथाना डॉ कमल सिंह शेखावत,पाटन बीसीएमओ डॉक्टर गजानंद सैनी, पीएमओ डॉक्टर अक्षय शर्मा, ओम प्रकाश थेबड, अखिलेश शर्मा, मेहर चंद सैनी, गौरी शंकर सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# सभी कार्यकर्त्ताओं के कंधे पर भाजपा का भार, करना होगा सबको स्वीकार : बोहरा, संगठन पर्व को सफल बनावें

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के हरसौरा मंडल में भाजपा संगठन पर्व की कार्यशाला का आयोजन हुआ।जिसमें बूथ इकाईयों के गठन और संगठन की रीति नीति पर भी चर्चा की गई।

जिला उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि समस्त भाजपा कार्यकर्त्ताओं पर हर संगठन भार इसे उठाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि का सदस्यता अभियान चल रहा है इसे किसी भी सूरत में प्यार और सहयोग से सफल बनाना होगा।बोहरा ने कहा कि सदस्यता अभियान जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना आवश्यक है।उसको सफलता पूर्वक बूथ इकाइयों का भी गठन करने की जिम्मेदारी आप सबके कंधो पर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि यह कार्य संगठन की रीति नीति को ध्यान में रखकर ही करना है। वहीं चित्रा शर्मा ने कार्यशाला में संगठन की प्रस्तावना रखी, और अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने संगठन पर्व पर मंडल चुनाव के बारे में भी विस्तार से बताया। संगठन के महत्व और उसकी संरचना पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संगठन की रचना पार्टी की मूल विचारधारा को ध्यान में रखते हुए ही होनी चाहिए। कार्यशाला की अध्यक्षता हरसौरा मंडल अध्यक्ष हनुमान यादव ने की। यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता अपने विचार व्यक्त करें, जिससे संगठन परको और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। इस अवसर पर सभी प्रमुख हरसौरा मण्डल के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# सकल दिगंबर जैन समाज की बैठक रविवार को सूर्य नगर में हुई आयोजित

## 14-15 दिसंबर को सूर्य नगर में होगा संत भवन का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सकल दिगंबर जैन समाज अलवर की साधारण सभा रविवार को सूर्य नगर में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता श्री दिगंबर जैन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन रामगढ़ वालों ने की। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन गोधा,श्री दिगंबर जैन चंद्र प्रभु मंदिर के अध्यक्ष राजेंद्र जैन एवं श्री दिगंबर जैन बडतला समाज के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र जैन सहित समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित हुए ।श्री मुनिसुव्रतनाथ वात्सल्य ट्रस्ट के मंत्री ने समाज के सम्मुख संत भवन की प्रस्तावना एवं प्रारूप प्रस्तुत किया। इस पर सभी समाज अध्यक्षों द्वारा समाज से आह्वान किया गया कि सकल दिगंबर जैन समाज को सबसे पहले आचार्य ज्ञान भूषण जी ससंघ को अलवर प्रवेश के साथ प्रत्येक मंदिर में कार्यक्रम आयोजित करते हुए नगर भ्रमण का कार्यक्रम करना है।

साथ ही जैन समाज के प्रत्येक घटक समाज द्वारा तन मन धन से इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग किया जाएगा। आयोजन को विधिवत रूप से आयोजित करने हेतु नीरज जैन अरिहंत पब्लिसिटी को संयोजक, सहसंयोजक मुकेश जैन अपनाघर शालीमार एवं नरेश जैन बड़तलिया, समन्वयक के रूप में मगन जैन हरि साउंड, महेश जैन (दूध वाले), कुलदीप जैन बड़जात्या, नरेंद्र जैन पीडब्ल्यूडी,चंदन जैन एडवोकेट को नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि संत भवन का शिलान्यास 15 दिसंबर 24 को आचार्य ज्ञान भूषण जी ससंघ के सानिध्य में सूर्य नगर में होगा। 14 दिसंबर को मुनिसुव्रतनाथ विधान एवं सायंकाल भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि कार्यक्रम हेतु आचार्य ज्ञान भूषण जी का विहार 25 नवंबर को फ़िरोजपुर झिरका से अलवर के लिए होगा। सभा के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक जैन अगोंनिज ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंता कस्बे में नगर पालिका की भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा, चेतावनी बोर्ड हटाकर निर्माण कार्य जारी किया

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मन्सूरी )** । अंता क्षेत्र में इन दिनों नगर पालिका और सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं का गिरोह सक्रिय है। इन भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने नगर पालिका द्वारा लगाये गए चेतावनी बोर्ड को हटा कर लाखों रुपए की संपत्ति पर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि स्टेशन रोड स्थित खाड़ी के पास नगर पालिका की खाली भूमि पर नगर पालिका द्वारा चेतावनी बोर्ड लगाया गया था, लेकिन भू-माफियाओं ने इसे हटा कर लगभग 50 लाख रुपए की संपत्ति पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। अधिकारियों को इस अवैध निर्माण के बारे में जानकारी होते हुए भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## भू-माफियाओं का गिरोह सक्रिय

सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे खेल में भू-माफिया, अवैध कॉलोनाइज़र और कुछ राजनीतिक गिरोह शामिल हैं। ये सभी मिलकर नगर पालिका की संपत्तियों पर कब्जा कर रहे हैं और निर्माण कार्य कर रहे हैं। स्टेशन रोड खाड़ी के पास लगभग 10,000 वर्ग फीट की भूमि पर चारों ओर चार फीट ऊँची बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## अधिकारियों की लापरवाही और मिलीभगत का आरोप

अंता कस्बे में भू-माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न होते देख स्थानीय लोग परेशान हैं।

बढ़ता राजस्थान संवाददाता ने इस मामले को लेकर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी से कई बार संपर्क किया और लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। और जब नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल से इस संबंध में जानकारी ली गई, तो उन्होंने मीटिंग में होने का हवाला देते हुए कॉल कट कर दिया।






### बेखौफ निर्माण कार्य जारी

अंता कस्बे में नगर पालिका की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। स्टेशन रोड खाड़ी के पास सहित अन्य स्थानों पर भू-माफिया नगर पालिका की लाखों रुपए की संपत्ति पर कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। खास बात यह है कि ये सब खुलेआम हो रहा है और नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही।

### हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना

हाईकोर्ट ने सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण को सख्त रूप से प्रतिबंधित किया है, लेकिन इसके बावजूद भू-माफिया खुलेआम सरकारी भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। कुछ भू-माफियाओं ने सरकारी जमीन पर पत्थर डालकर या बोरियां लगाकर कब्जा किया है, जबकि अन्य ने प्लॉट काटकर पैसों की कमाई शुरू कर दी है।

### नगर पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि अवैध निर्माण कार्य में नगर पालिका के कर्मचारियों की भी मिलीभगत है। जब कर्मचारी मौके पर जाते हैं तो दिखावे के लिए औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन कुछ ही देर बाद जबत किए गए सामान निर्माणकर्ताओं को वापस लौटा दिए जाते हैं।

### कदम उठाने की जरूरत

नगर पालिका की भूमि पर हो रहे इस अवैध कब्जे और निर्माण को रोकने के लिए प्रशासन को तुरंत ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। अगर यही स्थिति बनी रही, तो नगर पालिका की लाखों रुपये की संपत्ति पूरी तरह से खतरे में पड़ सकती है।

# देओली अरब गांव में 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी द्वारा एनसीसी दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने देओली अरब गांव में एनसीसी दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस अवसर पर सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावशाली गतिविधियों का आयोजन किया गया। उत्सव की शुरुआत कैडेट्स द्वारा एक नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें स्वच्छता (स्वच्छता) के महत्व को रेखांकित किया गया। इसके बाद, गांव में एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें कैडेट्स ने निवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही, कैडेट्स ने स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी के विषय पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में कर्नल एसजीएस शेखर, सेना मेडल, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, कोटा, कर्नल सुभाष महतो, कमांडिंग ऑफिसर, 14 राज बटालियन एनसीसी, कोटा, लेफ्टिनेंट कर्नल संजय सिंह, प्रशासनिक अधिकारी, 14 राजस्थान बटालियन, श्रीमती निधि पाठक, प्रधानाचार्या, सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देओली अरब, एनसीसी अधिकारी, श्री बर्डी लाल गोस्वामी, समाजसेवी, गांव के वरिष्ठ नागरिक, 04 एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, 08 स्थायी प्रशिक्षक और 120 उत्साही एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। ग्रुप कमांडर ने सभा को संबोधित करते हुए कैडेट्स की देश निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्पण के लिए सराहना की।

उन्होंने उन्हें इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ समाज में योगदान देना जारी रखने के लिए प्रेरित किया। पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता के विजेताओं को ग्रुप कमांडर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एनसीसी दिवस का यह आयोजन न केवल कैडेट्स में गर्व और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि स्थानीय समुदाय को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के सामूहिक लक्ष्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# संविधान रक्षक अभियान का आगाज 26 को जिले से सैकड़ो कार्यकर्ता लेंगे भाग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** आगामी 26 नवंबर मंगलवार को संविधान दिवस पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की ओर से दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में संविधान रक्षक अभियान का आगाज किया जाएगा । यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष रामदयाल बलाई ने बताया कि संविधान रक्षक अभियान में जिले भर से कई कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे । बलाई ने कहा कि धीरे-धीरे सांप्रदायिक ताकते डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान की मूल अवधारणा के विपरीत कार्य करके देश में नफरत का माहौल बना कर अराजकता पैदा कर रही है, जबकि देश का संघीय ढांचा धर्मनिरपेक्ष आस्था पर टिका है । बलाई ने कहा कि अगर देश को बचाना है तो हम सबको मिलकर संविधान को बचाना होगा वरना सांप्रदायिक ताकतें देश को विभिन्न जाति वर्ग एवं विभिन्न समुदायों में बांट देगी । जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष बलाई ने संविधान की रक्षा के लिए जिले भर के अंबेडकरवादी कार्यकर्ताओं से दिल्ली में आयोजित होने वाले संविधान रक्षा अभियान में ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचने के अपील की है ।

# हेल्थ एंड हैप्पीनेस थीम पर होगा वॉक-ओ-रन 2025

## रजिस्ट्रेशन शुरू, 25 लाख के उपहार व पुरस्कार दिए जाएंगे, अगले तीन माह में होंगे कई आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** स्वास्थ्य और सेहत को समर्पित उत्तर भारत का सबसे बड़ा हेल्थ इवेंट के पांचवे एडिशन की घोषणा रविवार 24 नवम्बर को समारोहपूर्वक की गई। कार्यक्रम जवाहर नगर स्थित एलन सत्यार्थ कैम्पस में हुआ। कोटा में एक बार फिर सोसायटी की ओर से वॉक ओ रन का आयोजन 15-16 फरवरी 2025 को होगा। इसके साथ ही वॉक-ओ-रन 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। कार्यक्रम में अतिथियों और हार्टवाइज टीम ने वेबसाइट और पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, रनिंग एंबेसेडर्स, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर शहर के रनिंग एंबेसडर्स और स्पॉन्सर्स का सम्मान भी किया गया।

हार्टवाइज सोसायटी के संयोजक डॉ.साकेत गोयल ने बताया कि पांच वर्ष बाद एक बार फिर से यह आयोजन होने जा रहा है। हार्टवाइज टीम में उत्साह भी पांच गुना है और इस बार आयोजन की उपलब्धि भी पहले से ज्यादा बेहतर हासिल की जाएगी। वॉक-ओ-रन 2025 की थीम हेल्थ एण्ड हैप्पीनेस रखी गई है। इसी थीम पर अगले तीन माह में कई कार्यक्रम किए जाएंगे। वॉक-ओ-रन 2025 में 25 लाख के उपहार एवं पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्य रूप से रजिस्टर्ड धावकों के लिए 8 ई-बाइक और 8 स्पोर्ट्स बाइक की लॉटरी निकाली जाएगी। डॉ.गोयल ने बताया कि कोविड के चलते आयोजन में अंतराल आया। भारत में बढ़ती हृदय रोग की घटनाओं को देखते हुए जीवनशैली में बदलाव से लोगों को जागरूक करना जरूरी है। शहर को भी एक जोश भरे इवेंट की जरूरत है जो ऊर्जा का संचार कर सके। इसे देखते हुए पूरे जोश के साथ इस आयोजन की तैयारियां की जा रही है। आयोजन में 21 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर की मैराथन और 6 किलोमीटर की वॉक होगी। वाक-ओ-रन में इंटरनेशनल कैटेगरी भी रखी गई है।

# वक्फ संशोधन विधेयक समिति अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

## वक्फ संशोधन देशहित में, देश की जमीन देश के काम आये

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** केन्द्र सरकार द्वारा लाये जा रहे वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में विभिन्न मुस्लिम संगठन एवं संस्थायें सामने आये है। एक प्रतिनिधिमण्डल ने वक्फ संशोधन विधेयक समिति के अध्यक्ष सांसद जगदम्बिका पाल से मुलाकात कर उन्हें अपना समर्थन पत्र सौंपा। इस अवसर पर मंच के प्रदेश सह संयोजक इरशाद अली ने कहा कि देश की जमीन देश के और देशवासियों के काम आनी चाहिए तभी वक्फ बोर्ड की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का नाम आज देश के तीसरे सबसे बड़े जमीन धारक संस्थान के रूप में लिया जाता है और हम गर्व से इस बात को बताते है कि आम मुसलमान को यह पता नहीं है कि वक्फ बोर्ड की यह जमीन गरीब मुसलमान या देश के किस काम आ रही है, वास्तविकता यह है कि यह जमीन कुछ खास प्रभावशाली लोगों की कमाई का जरिया बनी हुई है। अपने आप को मुसलमानों के ठेकेदार समझने वाले लोग इन जमीनी की लीज पर दे रहे हैं और कुछ अपने रिश्तेदारों व आदमियों से कब्जा करवा देते हैं। कुल मिलाकर जमीन को केवल दलाल और भूमाफिया मिलकर खा रहे हैं वहीं कुछ लोग इस हितकारी वक्फ संशोधन का फायदा उठाकर देश में राजनीतिक द्वेष पैदा कर रहे है। वक्फ संशोधन को हथियार बनाकर देश को टुकडो में बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि हमें मंथन करना चाहिए कि वक्फ कि हमारे देश में लगभग 8.7 लाख प्रोपर्टी है इसकी संम्पति का मूल्य लगभग 1.2 लाख करोड है इन सब सम्पत्ति की पावर पूरे देश में सिर्फ 200 व्यक्तियों के पास है। अगर शुरुआत से रख रखाव इमानदारी की नीयत से होता तो इन सम्पत्तियों पर आज लोगों का कब्जा नहीं हुआ होता आज हमारे घरों के आस पास कई ऐसे परिवार हैं जिनको दो वक्त का खाना बमुश्किल मिल पाता है। लेकिन शायद ही उनको वक्फ बोर्ड की तरफ से कुछ मदद मिल पाती होगी। उन्होंने कहा कि कुछ कट्टरपंथियों का कहना है कि वक्फ बोर्ड में हिन्दू सदस्य नहीं हो सकता जबकी हमारे देश में जाति, मजहब के लोग आपस में भाई हैं। इसलिए हम मोदी जी व केंद्र सरकार का दिल से धन्यवाद देते है और इस वक्फ संशोधन विल का समर्थन करते है। इसको लागू किया जाना अतिआवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में इरशाद अली के साथ झालावाड़ जिला संयोजक महफूज अली, आईसेक्ट वेलफेयर एण्ड एजुकेशन के सचिव सलीम खान, डॉ. अब्दुल मन्नान खान,डॉ. फहीद अहमद आदि प्रमुख थे।

# विधायक आक्या ने मुनिराज के सानिध्य में 21 दिव्यांगजन को वितरीत की ई-साईकिल



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने रविवार को आचार्य श्री सुनिल सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में 21 दिव्यांगो को बैट्री युक्त साईकिल का वितरण किया। विधायक आक्या रविवार को कृषि उपज मण्डी (अयोध्या नगरी) में आचार्य श्री सुनिल सागर जी मुनिराज के पंच कल्याणक महोत्सव में सम्मिलित हुए। उन्होने आचार्य श्री के चरणो में श्रीफल भेंटकर उनका आशिर्वाद प्राप्त किया साथ ही प्रवचन का लाभ भी लिया। इस दौरान विधायक आक्या ने आचार्य श्री सुनील सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में विधानसभा क्षेत्र के 21 दिव्यांगो को बैट्री युक्त साईकिल व हेलमेट का वितरण किया। इससे पूर्व गत 5 सितम्बर को विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने अपने जन्मोत्सव पर विधानसभा क्षैत्र के 40 दिव्यांगो को बैट्री युक्त साईकिल का वितरण किया गया था। उस दौरान अनेक दिव्यांगजनो द्वारा बैट्री युक्त साईकिल की मांग की गई थी। रविवार को आचार्य श्री सुनिल सागर जी मुनिराज एवं मुनिसंघ के पावन सानिध्य में 21 बैट्री युक्त साईकिल व हेलमेट का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक आक्या ने कहां कि उनके विधानसभा क्षैत्र का कोई दिव्यांग बैट्री युक्त साईकिल व अन्य सहायक उपकरणो से वंचित नहीं रहेगा। इस अवसर पर सुरेश झंवर, भरत जागेटिया, एडवोकेट ओम प्रकाश शर्मा, अनिल ईनाणी, शेलेन्द्र झंवर, नवीन पटवारी, दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष पारसमल जैन, पंच कल्याण महोत्सव समिति अध्यक्ष ज्ञान सागर जैन, महावीर रमावत मधुवन, विश्वनाथ टांक, रवि विराणी, कमलेश आमेरिया, नीरज सुखवाल, विपिन सिंह, अनिल भटनागर उपस्थित रहे।

# श्री कालभैरव जन्मोत्सव समारोह में उमड़े श्रद्धालु

## हवन, शोभायात्रा, भजन संध्या सहित पर्यावरण संरक्षण के लिए पूजनीय पौधे रोपे

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** बोजुन्दा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप स्थित श्री कालभैरव (श्री काला जी बावजी) देव स्थल पर कालभैरव जन्मोत्सव अष्टमी के अवसर पर हवन, पूजन, अनुष्ठान, कलश शोभायात्रा, भजन संध्या व महाप्रसाद का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकार के साथ ही अतिथियों के हाथों पूजनीय व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। आयोजन में आसपास सहित सुदूरस्थ क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं विशिष्ट जन और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पुजारी बाबूलाल जटिया सतखंडा ने बताया कि श्री काल भैरव जन्मोत्सव, भैरव अष्टमी, के उपलक्ष में शुक्रवार को रात्रि में नौ बजे से जागरण, और रात्रि 12:15 बजे महाआरती की गई। जबकि मुख्य आयोजन शनिवार को प्रातः हवन अनुष्ठान किया, इसके बाद श्री काल भैरव जी की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा श्री काल भैरव सर्किल विजन कॉलेज से मंदिर तक निकाली गई। शोभा यात्रा पुनः मंदिर स्थल पहुंची जहां सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा संगीत की धुन के साथ महा आरती की गई और उसके पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया । इस दौरान दिनभर मेवाड़ के प्रसिद्ध भजन गायक शंकर लक्खा एण्ड पार्टी का भजन संध्या आयोजन जारी रहा, शाम तक श्रद्धालु भैरव भक्ति के भजनों और शिव तांडव स्त्रोत, ब्रम्हा विष्णु महास्त्रोत्र, नवदुर्गास्त्रोत्र की स्तुतियों पर झूमते रहे। आयोजन में सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक कर्नल कपूर ने सपरिवार श्रद्धापूर्वक शिरकत की और इस अवसर पर सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी शामिल हुए। आयोजन में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्यजन भी शामिल हुए। इस मौके पर भजन संध्या के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रभान सिंह ने कहा कि श्री काल भैरव बाबा सभी की मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं। उन्होंने चित्तौड़गढ़ सहित देश की खुशहाली सुख समृद्धि और सुख शांति की मंगल कामनाएं की। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी आह्वान किया कि श्री काल भैरव जी से सभी के कल्याण की कामना करें और श्रद्धापूर्वक भक्ति भाव से आशीर्वाद प्राप्त करें। श्री काल भैरव जन्मोत्सव के तहत सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक कर्नल कपूर एवं विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व अन्य विशिष्ट जनों ने पूजनीय वृक्ष व औषधिय पौधे रोपित किये।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया स्पोर्ट्स डे, कर्मचारियों ने दिखाया जोश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा रविवार को जेके पवेलियन में स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में कोटा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। जिला क्षेत्रीय प्रबंधक दिलीप कौर ने बताया स्पोर्ट्स डे में कर्मचारियों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया, जिनमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर और शतरंज जैसे खेल शामिल थे। इस आयोजन का उद्देश्य टीम भावना को प्रोत्साहित करना और कर्मचारियों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का विकास करना था। कार्यक्रम में गौरव त्यागी, आशुतोष (एलडीएम झालावाड़) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।

# साध्वी प्रतिभा म.सा. ने जुलूस के साथ नगर कपासन के अंबेश भवन में मंगल प्रवेश किया

## आज साध्वी विजय प्रभा आदि ठाणा 4 का कपासन में मंगल प्रवेश होगा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय महासाध्वी प्रतिभा,साध्वी प्रेक्षा,साध्वी प्रेरणा आदि ठाणा 3 द्वारा रविवार को समीपवर्ती ग्राम सिंहपुर से प्रस्थान कर नगर कपासन में स्थित अंबेश भवन मे प्रवेश किया गया। श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि युवा मंडल अध्यक्ष अविनाश दुग्गड़ एवं युवा वर्ग साध्वी की अगवानी करने हेतु समीपवर्ती ग्राम गोराजी का निंबाहेड़ा पहुंचे।यहां से साध्वी के साथ प्रकाश आंचलिया,रूपलाल डांगी,हेमंत सिरोया,कैलाश चंडालिया,सुनील लोढ़ा,राहुल हिंगड़ आदि द्वारा विहार सेवा का लाभ लिया गया। उल्लेखनीय हैं कि साध्वी का नगर कपासन में प्रवेश पर श्रावको-श्राविकाओ द्वारा जयघोष नारों के साथ नगर के बस स्टैंड,पांच बत्ती चौराहा, सदर बाजार,पिपली बाजार, कल्याणरायजी मंदिर से अंबेश भवन में प्रवेश हुआ।इस दौरान अनिल बाघमार,कुलदीप सिरोया, सुगन बाघमार,अशोक सांखला, शरद चंडालिया,कपिल बापना, कुलदीप बापना, मुकेश पानगड़िया ,पंकज सिरोया, अर्पित सांवला, महिला मंडल सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका पार्षद सुनीता सांवला,मीना पानगड़िया ,मंजु दुगड,प्रियका दुग्गड़,कांता ढीलीवाल, दिलखुश देवी दुग्गड़ आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। साध्वी म.सा. ने प्रार्थना के साथ मांगलिक दिया।सोमवार प्रातः 9.15 से 10.15 तक प्रवचन होगे। इधर सोमवार को उपप्रवर्तिनी साध्वी विजय प्रभा आदि ठाणा 4 का ग्राम गौराजी का निम्बाहेडा से आर्दश कॉलोनी कपासन मे प्रवेश होगा।

# मत्स्य उत्सव में 'योगा फोर ऑल' कार्यक्रम 26 नवंबर को पुरजन विहार में होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आमजन के स्वस्थ निरोगी जीवन के उद्देश्य से आयुर्वेद विभाग द्वारा 26 नवंबर को प्रातः 7 बजे से पुरजन विहार (कंपनी गार्डन) में 'योगा फेर ऑल' कार्यक्रम आयोजित होगा। पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती टीना यादव ने बताया कि कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बाल संरक्षण अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, सीओ स्काउट, ट्रैवल- ट्रेड के प्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता रहेगी। आयुर्वेद विभाग की ओर से कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पवन सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. सुशीला मीना के सानिध्य में प्रमुख योग संस्थानों के योग शिक्षक योगाभ्यास करवाएंगे।

# घर से घूमने निकले युवक पर फायरिंग: पैर में लगी गोली, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के मनियां थाना क्षेत्र में दुवाटी रोड पर घर से बाहर घूमने निकले युवक को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी। पैर में गोली लगने से घायल हुए युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां युवक के पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गोली लगने से घायल हुए युवक जयप्रकाश (35) पुत्र खिल्लो निवासी धर्मपुरा ने बताया कि शनिवार शाम को वह खाना खाकर घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान दुवाटी रोड पर पीछे से काले रंग की बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली युवक के पैर में जाकर लगी। गोली मारने के बाद दोनों बदमाश तेज गति से बाइक को लेकर फरार हो गए। घायल युवक के चिल्लाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी। घायल को स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना को लेकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने घायल युवक के पर्चा बयान लिए हैं। जिस आधार पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद पुलिस बाइक सवार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

# नदी में टेंपो गिरने से महिला की मौत: 6 को निकाला ग्रामीणों ने सकुशल बाहर, गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे सभी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के कौलारी थाना क्षेत्र के निधेरा कला गांव के पास महुरी रपट पर एक टेंपो अनियंत्रित होकर पार्वती नदी में गिर गया। टेंपो के नदी में गिरने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 6 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं एक महिला की पानी में डूबने से मौत हो गई। जिसके शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। कौलारी थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि टेंपो में सवार सभी लोग जयपुर में रहकर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि टेंपो में सवार सभी लोग बाबू पूरा गांव में एक गमी में शामिल होने के लिए जयपुर से धौलपुर आए थे। जहां मनियां से टेंपो लेकर सभी लोग बाबू पूरा गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में टेंपो अनियंत्रित होकर पार्वती नदी में गिर गया। हादसे में टेंपो में मौजूद सभी 7 लोग पानी में गिर गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 6 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के दौरान एक महिला वीनेश (30) पत्नी बबलू निवासी घड़ी लज्जा पानी में टेंपो के नीचे दब गई। सबसे आखिरी में निकाली गई महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद पुलिस ने उसके शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक घटना के दौरान टेंपो में सवार जगना पुत्र श्यामा, श्रीमती पत्नी जगना, रामरति पत्नी प्रकाश, राजो पत्नी रामनाथ, नीतू पत्नी रवि और देव पुत्र रवि को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

# राजाखेड़ा में 1350 की डीएपी 1700 में मिल रही: खरीदे गए सामान का बिल भी नहीं देते विक्रेता, कृषि विभाग अधिकारियों ने जारी किए नोटिस

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा में शनिवार शाम कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य के वितरण में अनियमितता पाए जाने पर टीम ने नोटिस जारी किए है। कार्रवाई को लेकर कृषि विभाग के अधिकारी बबलू त्यागी ने बताया कि राजाखेड़ा में डीएपी-यूरिया के वितरण को लेकर कालाबाजारी और ओवर रेट की शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर जिला मुख्यालय से आई टीम ने दुकानों का निरीक्षण किया है। बबलू त्यागी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद वितरण में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को निर्धारित दर पर खाद मिल सके इसके लिए अब कृषि विभाग के अधिकारियों की देखरेख में खाद का वितरण कराया जाएगा। कर्मचारियों की कमी होने पर प्रशासन से भी सहायता ली जाएगी।

## 1350 रुपए की डीएपी 1700 में मिल रही

मामले को लेकर गांव गढ़ी जोनावद निवासी किसान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस समय खेतों में रबी की फसल के अंतर्गत आलू और गेहूं की बुवाई का सीजन चल रहा है। इसके लिए डीएपी की खासी आवश्यकता है। कहीं सरसों में पहला पानी लगाने के लिए यूरिया खाद भी डालने की जरूरत पड़ती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा डीएपी के एक पैकेट पर 1350 रुपए का मूल्य निर्धारित किया गया है तो वहीं यूरिया खाद के पैकेट पर 266 की रेट निर्धारित की गई है। लेकिन दुकानदार मनमानी कर 1350 रुपए के डीएपी बैग को 1700 रुपए में बेच रहे हैं। वहीं 266 रुपए में मिलने वाले यूरिया के पैकेट को 320 रुपए में बेचा जा रहा है। जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया। किसान शिवशंकर, विष्णु आदि ने बताया कि किसानों को उचित दर पर डीएपी और यूरिया खाद मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा पॉश मशीन से खाद का वितरण कराया जाता है। किसान जब अपना आधार कार्ड लेकर खाद विक्रेताओं की दुकान पर जाता है तो पॉश मशीन पर अंगूठा तो लगवा लिया जाता है लेकिन फिर उसे खरीदे गए सामान का बिल नहीं दिया जाता। बिल मांगने पर उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया जाता है। किसानों की शिकायत पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया और अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की है।

# ओपीएस कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी :महावीर शर्मा

## अखिल राजस्थान संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आए धौलपुर जिले के कर्मचारी नेताओं की ली बैठक

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अखिल राजस्थान संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा एक दिवसीय प्रवास पर धौलपुर पहुंचे। उनके साथ ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री शिवराज चौधरी ,कोषाध्यक्ष बाबूलाल धावई सहित भरतपुर एवं करौली के जिला अध्यक्ष आए। प्रदेश अध्यक्ष एवं उनकी टीम का स्थानीय पंचायत समिति सभागार में जिले के कर्मचारी नेताओं ने माल्यार्पण एवं साफा बांधकर गर्म जोशी से स्वागत किया। कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने जिले के महासंघ से जुड़े विभिन्न संघों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में जल्द महासंघ के चुनाव कराकर संगठनात्मक ढांचे को मजूबत करने के साथ स्थानीय पदाधिकारियों से शिक्षक कर्मचारियों की स्थानांतरण पॉलिसी ,कर्मचारियों की लंबित डीपीसी, वेतन विसंगतियों ,पुरानी पेंशन योजना को लेकर संवाद किया। आयोजित बैठक में राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर,ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर, जिलाध्यक्ष श्रीभानसिंह गुर्जर, जिला मंत्री सुशील भारद्वाज ,राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के वरिष्ठ शिक्षक नेता यादवेंद्र शर्मा व जिलाध्यक्ष विशाल गिरी आदि मौजूद रहे। पहली बार धौलपुर आए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने बैठक में बोलते हुए कहा कि विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने, शिक्षक कर्मचारियों की लंबितपदोन्नतियों एवं स्थानांतरण पॉलिसी बनाने को लेकर लगातार सरकार से संवाद जारी है। और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों के बुढ़ापे के सहारे के रूप में पूर्व सरकार में दी गई पुरानी पेंशन योजना से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने धौलपुर में आने पर प्रांतीय नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि कई सालों से शिक्षक कर्मचारियों की ज्वलंत मांगों की अनदेखी हो रही है। शिक्षा विभाग में चार सालों अटकी हुई पदोन्नतियां कराने, शिक्षक स्थानांतरण की पॉलिसी बनाकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी कैडर के स्थानांतरण कराने सहित वेतन विसंगतियां दूर करने हेतु मुख्यमंत्री से वार्ता कर समाधान कराने की मांग रखी। इससे पूर्व विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर व जिला मंत्री सुशील भारद्वाज ने प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा व उनकी टीम का स्वागत करते हुए ग्राम विकास अधिकारियों की पदोन्नति सहित अन्य सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान करने की मांग रखी। इस मौके पर कर्मचारी नेता यदुवीर सिंह गुर्जर,राजेंद्र राजपूत,रामभारत सिंह,बृजमोहन शर्मा, रामलखन मीणा,वीरेंद्र राजावत ,परिमाल गुर्जर ,अशोक जादौन, आशीष राजपूत,लोकेंद्र चौधरी ,शरद तोमर , राघव परमार ,राम गोपाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री त्रिपाठी पहुंचे कैथरी आश्रम, पूजा अर्चना की



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी शनिवार को कैंथरी स्थित हनुमान गढ़ी आश्रम पहुंचे। संत स्वामी शांति दास महाराज का आशीर्वाद लेकर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा ने बताया महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी एक दिवसीय दौरे पर महाराज शांतिदास आश्रम पर पहुंचे हैं। पूर्व मंत्री के साथ सिटीजन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने भी शिरकत की है।

उन्होंने बताया पूर्व मंत्री त्रिपाठी का धार्मिक एवं निजी दौरा है। इस दौरान मंत्री का पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा, शालिनी शर्मा, सत्यवीर शर्मा आदि ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संत भरत दास, दुर्ग सिंह परमार, संत शिवराम दास, संत रामरूप दास आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी ने कैथरी आश्रम पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की तथा देश के विकास व प्रगति के लिए आश्रम में भगवान से अर्दाश की। इस दौरान आश्रम के महाराज स्वामी शांति दास तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

# डिस्कॉम के ट्रांसफार्मर का हाल हुआ बेहाल: आए दिन हो रहे हादसे, ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** बाड़ी में डिस्कॉम के अधिकारियों की लापरवाही से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शिकायत के बाद भी कोई सुधार नही हो रहा है। ऐसे में परेशान नागरिकों ने डिस्कॉम के खिलाफ विरोध किया है और सीएम पोर्टल पर शिकायत की है। शहर में बिजली सप्लाई के लिए बिजली विभाग द्वारा जो बिजली लाइन डाली गई है वह तो बदहाल है। जिसके चलते आये-दिन तार टूटने की घटनाएं हो रही है। सबसे बड़ी लापरवाही बिजली के 11 केवी बोल्टेज को 220 वोल्ट में परिवर्तित करने के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मरों को लेकर है। जिनके लिए बनाए गए प्लेटफार्म टूटे पड़े है। लंबे समय से मेंटेनेंस का काम नही होने के चलते उनकी चबूतरी दरख रही है जो कभी भी ट्रांसफार्मर को धराशाही कर सकती है। ऐसे में नागरिकों को बड़े हादसे की आशंका है। जिसको लेकर कई बार डिस्कॉम के अधिकारियों को अवगत कराया है। लेकिन कोई सुनवाई नही है। शहर के होद मोहल्ला, बजरंग कॉलोनी निवासी नागरिक मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि बृजेश महिला बीएड कॉलेज के ठीक बगल में जो ट्रांसफार्मर प्लेटफार्म पर रखा हुआ है। उसका प्लेटफार्म जगह-जगह से दरख रहा है। ट्रांसफार्मर भी धराशाई होने की स्थिति में है। जिसको लेकर डिस्कॉम के सिटी जेईएन, एईएन और एक्सईएन तक से शिकायत की है। यहां तक की मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। इसके बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। डिस्कॉम के एक्सईएन मुन्नीराम विश्नोई ने बताया कि शहर में विद्युत सप्लाई के लिए जो ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। उनके प्लेटफार्म की मरम्मत के कार्य को लेकर सिटी जेईएन रिपोर्ट करते हैं। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही मेंटेनेंस का काम किया जाता है। होद और किला मोहल्ले से जुड़ी जो शिकायत आ रही है। उनका कोई प्लान कार्यालय में नहीं आया। सिटी जेईएन को मामले से अवगत करा जल्द सुधार कराया जाएगा।



## किला परिसर में भी नही कोई ध्यान

वहीं शहर के किला परिसर में एडीजे कोर्ट के पास उच्च प्राथमिक स्कूल के ठीक सामने दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। जिनसे कोर्ट परिसर, एसडीएम आफिस, नगर पालिका सहित अधिकांश पोश एरिया की कॉलोनियों को बिजली सप्लाई होती है। इनके प्लेटफार्म भी जगह-जगह से दरख गए है। यहां तक की जो प्लेटफार्म पर खंबे लगे हैं वह भी लगातार गिरने की स्थिति में पहुंच गए हैं। जिनको लेकर डिस्कॉम के अधिकारियों का कोई ध्यान नही है। किला निवासी बलबीर राणा, अशोक कुमार, रफीक खान, राजेंद्र, हनीफ और मकबूल ने डिस्काम के अधिकारियों को अवगत कराया है। सिटी ऑफिस के शिकायत रजिस्टर में भी शिकायत दर्ज की है।

# दूसरों को सुखी करने की इच्छा को लीला कहते है जो भगवान श्री कृष्ण ने की - पंडित रामप्रकाश व्यास

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** स्थानीय परशुराम धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को श्री कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया, कथा में भगवान कृष्ण के जन्म पर महिलाओं और पुरुष श्रोताओं ने जमकर नृत्य कर भागवत कथा का आनंद किया। 20 नवम्बर से चल रही भागवत कथा का आयोजन पचोरी परिवार द्वारा किया जा रहा है जिसमें श्रीधाम वृंदावन के कथा वाचक व्यासाचार्य पंडित रामप्रकाश व्यास द्वारा संगीतमय कथा का वाचन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या महिला-पुरुष श्रोता कथा का बड़े ही आनंद से श्रवण कर रहे हैं। रविवार को कथा के पांचवे दिन व्यास गद्दी से श्री मद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पंडित रामप्रकाश व्यास ने श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। इस मौके पर किशन दयाल पचौरी, आशा शर्मा, चंद्रमोहन पचौरी, शिवकुमार खेमरिया, दाऊदयाल भारद्वाज, बनवारी शर्मा, रामदीन समाधियां, रोशन पचोरी, राकेश पचोरी, सुरेश पचोरी, मनोरमा, सत्यम, आर्तिका, अनय समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# 10 हजार स्पोर्टस फंड में लिए, लेकिन सुविधा नहीं

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले में मेडिकल कॉलेज खुले हुए 2 वर्ष से अधिक हो गए हैं। अब तीसरा सत्र चल रहा हैं, लेकिन कॉलेज में अव्यवस्थाएं खत्म नहीं हो रही है। स्टूडेंट्स को हॉस्टल में बैड और टेबल कुर्सी तक नहीं हैं। हॉस्टल में स्टूडेंट्स को अपने कपड़े रखने के लिए अलमारी तक की व्यवस्था नही हैं। स्टूडेंट्स को अपने ओढने और बिछाने तक के कपड़े इधर-उधर रखने पड़ रहे हैं और पहनने के कपड़ों को बैग में ही रखना पड़ रहा है। गर्ल्स स्टूडेंट्स को भी फर्श पर गद्दे बिछाकर सोना पड़ रहा हैं। कॉलेज में 7 से 8 स्टूडेंट्स ऐसे है जो स्वयं के रुपयों से हॉस्टल में बिछाने के पंलग लेकर आए हैं। सर्दी का मौसम आने के बाद भी कॉलेज प्रबंधन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जा रही हैं। स्टूडेंटस को जमीन में बिस्तर बिछा कर सोना पड़ रहा है। स्टूडेंट्स ने बताया कि जिन सुविधाओं के लिए रुपए लिए गए हैं। उनमें एक भी सुविधा हम लोगों को नहीं दी जा रही है। हॉस्टल में अच्छे से सफाई नहीं होती हैं। बाथरूम गंदे पड़े रहते हैं। कई बार प्राचार्य से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।



धौलपुर। मेडिकल कॉलेज में फर्श पर बिछे हुए गद्दे।

**किस वर्ष में कितने स्टूडेंट्स:** वर्ष स्टूडेंट्स 2022-23 99 2023-24 100 2024-25 100 कुल 299 स्टूडेंट्सों ने बताया की प्रवेश लेने के समय सभी स्टूडेंट्सों ने स्पोर्टस के नाम पर 8 से 16 हजार रुपए जमा कराए हैं। लेकिन मेडिकल कॉलेज में कोई भी स्पोटर्स की सुविधा नहीं है। कॉलेज परिसर स्थित मैदान में कोई खेलने के साधन नही हैं।

## इनका कहना

राजमेस से बच्चों के फर्नीचर की सूची मंगाई है। वह सूची हमारे द्वारा भेज दी गई हैं। राजमेस द्वारा सामान खरीदकर भेजा जाएगा। एक जगह से बजट और मिलता है। उस बजट के लिए भी लिखकर भेज दिया गया हैं। बजट मिलते ही फर्नीचर खरीद लिया जाएगा।

दीपक दुबे, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज, धौलपुर

# किड्स स्कूल में आयोजित हुई आर्ट्स एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता

## हैंड राइटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 36 छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के किड्स पैराडाइज स्कूल में रविवार को बच्चो की आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में शहर के सभी निजी और सरकारी क्षेत्र के स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और कलरफुल क्ले और पेपर से एक से बढ़कर एक कला कृतियाँ बनाई। बच्चों ने पूरी तंमयता से बाल गणेश, गुलाब, नरेंद्र मोदी, फूलों के गुलदस्ते, नन्हे कृष्ण, मनमोहक इंद्रधनुष इत्यादि का निर्माण किया। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से दसवीं तक के 190 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य सुनील मित्तल ने बताया की शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्र में भी बच्चो की गतिविधि आवश्यक है। इसी को लेकर स्कूल द्वारा हर रविवार को अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। हेंड राइटिंग प्रतियोगिता का विजेताओं का सम्मान विगत रविवार को स्कूल द्वारा ओपन हस्त लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे भाग लेंगे वाले प्रतिभागियों मे से अलग-अलग वर्ग में चुने गए विजेता प्रतिभागियों का मंच से मेंडल और मूमेंटम देकर सम्मान किया गया। जिनमे प्रशांत महेश्वर, भूमि अग्रवाल, अदिति सिंह,अनन्या बंसल, काम्या शर्मा, तनु मलिक, भुवि अग्रवाल, आलिया मंगल, प्रियाशी गौर, कृतिका मंगल, शिवन्या स्वर्णकार, अंश परमार, साक्षी परमार, अनिका मंगल, लक्ष्य गुर्जर, वेदिका परमार, काव्या मीना सहित 36 छात्र-छात्राओं को उनके बेहतरीन हस्त लेखन के लिए कार्यक्रम के आये मुख्य अतिथि प्रजापति समाज के जिला मंत्री डॉ सतीश कुमार और विशिष्ठ अतिथि वन्यजीव प्रेमी रामकुमार चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य सुनील मित्तल ने बताया कि आगामी रविवार 01 दिसंबर को स्कूल में ओपन क्षेत्र में बच्चों की निबंध प्रतियोगिता होगी जिसमें कक्षा तीन से दस तक के सभी विद्यालयों के समस्त स्कूलों के बच्चे भाग ले सकते हैं। निबंध का शीर्षक मोबाइल और सोशल मीडिया का बच्चों की पढ़ाई और नैतिक जीवन पर दुष्प्रभाव रहेगा। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल टीचर खुशबू तोमर, शारदा शर्मा, नीतू गर्ग, सीमा चौहान और हेमंत शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# शादी ब्याह के समय तलवास के सेहरा की हाड़ौती क्षेत्र में रहती है मांग

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान के बूंदी जिले में पर्यटन नगरी तलवास में शादी-ब्याह का सीजन प्रारंभ होते ही राधेश्याम माली का परिवार सेहरा बनाने के कार्य में सक्रिय हो जाता है, तब जाकर समय पर दुल्हा का सेहरा बन कर तैयार होता है।

ब्राह्मण समाज में सेहरा का विशेष महत्व रहता है। दुल्हा सेहरा लगाकर तोरण द्वार पर पहुंचता है। सेहरा बनाना एक कला है। इस कला का प्रदर्शन अलग अलग जगह पर अलग अलग तरीके से होता है। तलवास के सेहरा की विशेष मांग रहती है। तलवास में राधेश्याम माली वर्तमान में सेहरा निर्माण का कार्य करता है। इस कार्य में इनकी पत्नी, बेटा, पौता, पौती भी सहयोग करते हैं।

मूलचंद शर्मा समाजसेवी ने राधेश्याम माली से सेहरा निर्माण कार्य के सन्दर्भ में जानकारी लेने पर बताया कि सेहरा बनाने का कार्य हमारे परिवार में पीढी दर पीढी चलता आ रहा है। मेरे दादाजी, पिताजी ओर अब मैं इस काम को कर रहा हुं। इन्होने बताया कि सेहरा बनाने के कार्य में खजुर के पैड से नरम नरम पत्ते लाना होता है। इनको साफ करके एक एक पत्ता काम में लिया जाता है। गर्मी के समय इनको यथास्थिति में रखना बड़ा कठिन कार्य रहता है। पानी की मटकियों में तैयार कर रखते हैं। शादी ब्याह की तय दिवस को निर्धारित समय पर सभी को एक साथ जोड़ कर सेहरा तैयार किया जाता है। सिर पर रखने का सेहरा बहुत ही आकर्षक लिये होता है। सेहरा बनाने में परिवार को तीन से चार दिन लग जाते हैं। साफे के हिसाब से साईज बनायी जाती है। इस कार्य में मेरी पत्नी, पुत्र, पौत्र, पौत्री सहयोग करते हैं। बच्चे इस काम को सिख रहे हैं लेकिन अभी ये बच्चे पूर्णतया कुशल नहीं हुये है। बच्चों से पूछने पर यह कार्य परिवार का सहयोग व धन के लिए कर रहे हैं। इन बच्चों को अभी इस कला का महत्व पूर्णरूपेण समझ में नहीं आ रहा है। यह एक बहुत सुंदर कला है। इसको जीवित रखना बहुत जरूरी है। राधेश्याम माली वर्तमान में कृषि कार्य करते हैं। कृषि



कार्य हेतु भूमि कम होने से कृषि के साथ साथ सेहरा बनाने से आय का साधन भी बना हुआ है। वह बताते हैं कि मेहनत के अनुरूप राशी नहीं मिलती है लेकिन कला को जीवित रखने के लिए यह कार्य करता हूं। मैं चाहता हूं कि इस कला पीछे के बच्चे भी आगे बढाते रहे। इसके लिए इनको भी प्रशिक्षित कर रहा हूं। बच्चों से बात करने पर बच्चों ने यह सम्पूर्ण कार्य सीखने की इच्छा जताई। बच्चों ने बताया चाहे मजदूरी कम मिल रही है लेकिन हमारी पैतृक कला को जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी हैं। वर्तमान में एक सेहरा की कीमत 2500.00 रूपये मिलते हैं। वर्षभर में इस काम से मिलने वाली राशि से मैं संतुष्ट हैं । क्योंकि हमारे हाथों की कला से बनाए गये सेवरा से दुल्हा सजता है। सेहरा राजा के मुकुट की तरह होता है।

# सड़क सुरक्षा समिति ने हाईवे 58 का किया अवलोकन, कई तरह की पाई गई खामियां



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की ओर से रोड सेफ्टी के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 58 का निरीक्षण कर कई दुर्घनाग्रस्त स्थानों को देखा गया। इस समिति मे डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर जितेन्द्र कुमार, एन एच ए आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर उदित पुरी, ब्यावर के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार तंवर, सहायक अभियंता एस एस सलूजा व परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चैधरी और रोड कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार आदि उपस्थित थे। समिति मे राष्ट्रीय राजमार्ग 58 ब्यावर से गोमती चैराहा तक की सडको को विभिन्न स्थानों पर रूक-रूक कर देखा गया जहां सडक नियम के तहत बने मार्गो को स्थानीय लोगों ने खराब कर रखा था उन्हें चिन्हित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्गो पर अनाधिकृत रूप से निकाले गये मार्गो व अवैध रूप से आवारा बैठे जानवरों को हटाने और रोड के दोनों ओर बढ रहे पेडों की कटाई व छटाई, रोड के बीच बने डिवाइडरों पर लगे पेड पोधो की निरंतर सफाई, सडक पर बने ब्लेक स्पॉट व देवाता और कालिंजर मे अतिरिक्त मार्ग निकालने आदि को देखा गया। इन सभी को चिन्हित करने के बाद सम्बन्धित विभाग और सम्बन्धित अधिकारियों से सडक सुरक्षा नियमों के तहत इन अव्यवस्थाओं को सुधार कर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाये।

# देवखेडा मे चीता मेहरात महासभा (हिन्दू) व चौहान सेना की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई

## कुरीतियों को समाज से दूर करने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** पृथ्वीराज चौहान स्मारक देवखेडा मे जागृति कार्यक्रम के तहत चीता मेहरात महासभा (हिन्दू) एवं चौहान सेना के द्वारा चारों डांग के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया जिसमे कई विषयों पर चर्चा कर समाज मे फैली कुरीतियों को समाप्त करने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार जोधा जी की डांग के महासभा अध्यक्ष पद के निर्विरोध सुबेदार पुनम सिंह बोरवाडा को चुना गया। इसके पश्चात आगामी बैठक 1 दिसम्बर को खरवा के कानूडा मन्दिर मे आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर चौहान सेना, महासभा के अध्यक्ष भी चुने जायेंगे। उपस्थित लोगों ने समाज के विशेष मुद्दों पर चर्चा करते हुये कहा कि समाज मे



कुछ लोग सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की बजाय बढावा दे रहे हैं। उन लोगों को समझाने का दायित्व समाज के प्रमुख लोगों पर हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ लोग समाज से भटक रहे हैं वह लोग अपने आप को सम्भाले और समाज के साथ रह कर समाज की योजनाओं का साथ दे और समाज के उत्थान मे सहयोग प्रदान करे। उक्त बैठक मे महासभा अध्यक्ष दुर्गासिंह, चैहान सेना अध्यक्ष सूरज प्रताप सिंह, सतपाल सिंह, भीम के प्रधान बीरम सिंह, रत्ना चीता, प्रेम सिंह, प्रफुल चौहान, शमशेर सिंह, गणपत सिंह, जफरू, पूनम सिंह पालूना, नारायण सिंह आदि सैकडो समाज के लोग उपस्थित थे ।

# चौमहला में सुधर्म जैन ट्रस्ट की बैठक संपन्न, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में श्री सुधर्म जैन मध्यक्षेत्रीय शिक्षण संस्कार सेवा ट्रस्ट मालवा शाखा के श्रावक संघ,नवयुवक मंडल,महिला मंडल की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सुधर्म जैन भवन चौमहला में सम्पन्न हुई जिसमें संघ की गतिविधियों को समय सारणी के साथ क्रियान्वित करने का निर्णय हुआ । बैठक में श्री सुधर्म शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली चौमहला निवासी सीमा संजय जैन सहित वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वालो को सम्मानित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता मालवा शाखा के अध्यक्ष मुकेश डूंगरवाल ने की बैठक में मुख्य अथिति अखिल भारतीय सुधर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ के अध्यक्ष मयंक भाई शाह,उपाध्यक्ष विनोद नवलखा,महामंत्री प्रकाश छाजेड़ रहे।

बैठक की शुरुवात मंगलाचरण के साथ हुई,स्थानीय श्रावक संघ के राकेश धींग ने अतिथियों का स्वागत किया, मालवा शाखा के मंत्री धर्मचंद ओहरा ने गत वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत कर आगामी वर्ष का बजट रखा, अखिल भारतीय शिक्षण शिविर प्रभारी रमेश चंद कानूनगो ने गांव गांव धार्मिक शिविर लगाने पर प्रेरणा करी, तथा आगामी शिविरों के बारे में जानकारी दी,बैठक में संगठन को मजबूत बनाने धार्मिक गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रखने,बच्चो में धार्मिक संस्कारों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अखिल भारतीय सुधर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक भाई शाह ने प्रेरणा दायक उद्बोधन देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर संगठन द्वारा चलाई जारी गतिविधियों की जानकारी दी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद नवलखा ने भी सभा को संबोधित किया, बैठक में सुधर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ द्वारा संचालित सुधर्म शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली चौमहला निवासी सीमा संजय जैन को सम्मानित किया गया सीमा जैन ने इस परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौमहला कस्बे का नाम रोशन किया, साथ ही इस परीक्षा में वरीयता सूची में स्थान



प्राप्त करने वाली मंजू अजय धींग, अर्चना दिलीप जैन,देशना गोतम जैन, सुचिता अभय जैन को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय श्रावक संघ अध्यक्ष शंकरलाल नवलखा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष संजय तरसिंग,संजय जैन,दिलीप जैन,राजेश पिछोलिया,प्रेमचंद्र जैन,आशीष पिछोलिया,नमन धींग, प्रवीण धींग,मनोज रजावत सहित डग, बड़ोद, आगर,झालावाड़,पाटन,कोटा,इंदौर, मन्दसौर,सीतामऊ,आवर सहित मालवा क्षेत्र के श्री संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कांग्रेस सेवादल के प्रत्येक कार्यकर्ता को भाजपा सरकार की नाकामी को बताना होगा : पारस पंच





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल की जिला स्तरीय बैठक रविवार को अजमेर रोड स्थित एक निजी होटल मे आयोजित की गई। बैठक मे प्रदेश कांग्रेस सेवादल की ओर से नियुक्त अजमेर संभाग के प्रभारी विजय नागोरा तथा जिला प्रभारी राजकुमार पांडया, विशम्भर शर्मा, कांग्रेस के प्रतिनिधि रहे पारस पंच, जिला अध्यक्ष विक्रम सोनी, सेवादल के प्रदेश सचिव सोहन मेवाडा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष राधिका शर्मा, महिला सेवादल की उर्मिला कंवरिया आदि ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

होटल मे आयोजित कांग्रेस सेवादल के तमाम कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये सम्भाग प्रभारी विजय नागोरा ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले पंचायत, नगर परिषद, नगर पालिका आदि चुनावों में बुथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति से अवगत कराना होगा। उन्होंने बताया वर्तमान सरकार पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बढती महंगाई, बेरोजगारों को रोजगार से वंचित रखना आदि कई मामलों को लेकर उन्हें सचेत करना होगा और वह कार्यकर्ता घर-घर जाकर आम आदमी को सरकार की नाकामी का परिचय देंगे।

इस अवसर पर ब्यावर के विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस से प्रत्याक्षी रहे पारस पंच ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार सरकार चलाने मे पूरी तरह से विफल हैं। उन्होंने बताया प्रदेश मे आयोजित अराजकता का माहौल बना हुआ हैं। अपराधों मे निरन्तर बढोतरी हो रही है। खुलेआम मर्डर, बलात्कार व लूटमार आदि घटनायें निरन्तर बढती जा रही हैं।

इस मौके पर बैठक मे ब्यावर, विजयनगर, जैतारण, जवाजा सहित कई आसपास के क्षेत्रों से आये कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष विक्रम सोनी, अरविन्द माथुर, ऋषी लाम्बा, मदन सामरिया, अरविन्द भटनागर, एडवोकेट मगन सोलंकी, मोहन मालवीय, घनश्याम, मोतीलाल, गोरधन, अरूण शर्मा जवाजा, रामलाल नंदवाडा सहित कई सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा में खुशी की लहर

# भाजपा के विकास कार्यो को जनता ने सराहा है-रामसहाय वर्मा

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर की आतिशबाजी व नारे बाजी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( लालचंद माली )।** देवली उनियारा विधानसभा के उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर के भारी मतों से विजय होने पर बस स्टेंड पर विधायक रामसहाय वर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि भाजपा ने देश के विकास के लिए सडक, बिजली, पानी एवं चिकित्सा सहित अन्य क्षेत्र में कोई कसर नही छोड़ी है। जिसका जनता ने चुनाव में जमकर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे बडी पार्टी है। इसकों मजबूत बनाने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भाजपा



नेता रतनदीप गुर्जर व पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि बीजेपी के राजेंद्र गुर्जर को कुल 1 लाख 259 मत मिले। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को 59 हजार 345 मत व कांग्रेस के कस्तूरचंद मीणा तीसरे नंबर पर रहे जिनको 31 हजार 138 वोट मिले है। जिससे बीजेपी प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर 40 हजार 914 मतो से चुनाव जीते है। शनिवार की शाम सैंकड़ों कार्यकर्ता बस स्टेण्ड पर एकत्रित हुए और एक दूसरे को जीत की बधाई देते हुए मिठाई खिलाई व जमकर आतिशबाजी व नारे बाजी की।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व शहर अध्यक्ष रामअवतार घाटी, रामप्रसाद शर्मा महाराजपुरा, परसराम कुमावत, अंकुर गुप्ता, रामफूल शर्मा, सियाराम शर्मा, मनोज पाटनी, बुधराम मीणा, कैलाशचन्द नटवाड़ा, एडवोकेट सवाईभोज गुर्जर व मोहम्दीन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तिड़दिया बने अनुसुचित जाति विभाग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान




**गंगापुर सिटी ( नि.स. )** एडवोकेट अनिल तिड़दिया को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति विभाग) का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है ! यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसुचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राजेश लिलोटीया ने की है! , तिड़दिया को प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर मो.शरीफ सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, विनोद जाखड़ प्रदेश अध्यक्ष एन एस यू आई, बीकानेर लोक सभा क्षेत्र के कांग्रेस युवा नेता राजेंद्र मेघवाल बापेऊ, युथ कांग्रेस की चंद्रकला नागोरी,भीम सेना प्रदेश संयोजक मोती मेघवाल तंवरा, संविधान विचार मंच के संस्थापक गीगराज जोड़ली, भीम सेना प्रदेश महासचिव सुरेंद्र महिचा ,बलाई महासभा अध्यक्ष गोविंद सहाय नराणिया, किसान कांग्रेस के राजेंद्र झुरिया, एडवोकेट हरीश मिश्रा, एडवोकेट अभिषेक माथुर, एडवोकेट अनिल कुदन, एडवोकेट आलोक सिंह पालीवाल, युवा कांग्रेस के आकाश झाझड़ा,भीम सेना के राजकुमार आजाद ,रशीद खान एडवोकेट दिपक ढैनवाल, एडवोकेट अनिता बराला, एडवोकेट विजय चाहिल, हनुमान प्रसाद,एडवोकेट अनिता वर्मा,अजय नायक, राजेन्द्र पाटोदा , इंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार वर्मा,रमेश मिलिंडा, विकास बरवड़,ताराचंद डालमास आदि सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## सुपारी लेकर व्यापारी पर जानलेवा हमला कर सोने की चैन व रूपये लूटने वाली गैंग का मुख्य सरगना गिरफ्तार,

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर शहर के साकेत नगर थाना पुलिस ने रविवार शाम छः बजे प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि व्यापारी नरेन्द्र झंवर ने एक रिपोर्ट देते हुए बताया कि वह तीस अक्टूबर शाम आठ बजे अपने मिलने वाले के यहां जा रहा था।

तभी जवाहर भवन के पास तरूण सिंह अपने कुछ दोस्तों के साथ आकर मुझे रोक कर कहा कि गोल्डी बॉस के दस लाख रूपये नहीं दिये, अब मरने के लिये तैयार हो जाओ और फिर सभी ने मिलकर हमला कर दिया। मारपीट के बाद तरूण ने प्रार्थी की सोने की चैन व पेंतीस हजार रूपये नगद लूट लिये।

# करो न कारवाई ?

## शहर में बेखौंफ चल रहा है नशा माफिया का कारोबार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( लालचंद माली )।** शहर में नशा माफिया का कारोबार बेरोकटोक चल रहा है पुलिस का ध्येय 'आमजन में विश्वास अपराधियों में भय' शहर की जनता के लिए विपरीत साबित होता नजर आ रहा है । आमजन को हमेशा भय रहता है कि उसके परिवार का कोई सदस्य स्मैक के कारोबार में लिप्त न हो जाए इसके साथ ही नशाखोरियों को पुलिस का कोई भय नहीं है खुल्ले में धडल्ले से स्मैक बेच रहे हैं । बताया जाता है कि डॉक्टर एलडी शर्मा के नजदीक प्रतिदिन करीब पचास हजार रुपए की स्मैक बिकती है बेचने वाले बिना नंबर की मोटरसाईकिल रखते हैं ।

लोगों ने बताया कि नशाखोरियों की शिकायत पूर्व में उपखंड अधिकारी तक को कर चुके हैं लेकिन इनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होने से पुलिस पर से आमजन का विश्वास उठता जा रहा है ।

आमजन का कहना है कि नशाखोरियों को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है इसके साथ ही पुलिस से भी इनका गठजोड़ बना हुआ है। लोगों का मानना है कि स्मैक के कारोबार से क्षेत्र में प्रतिदिन चोरियां भी हो रही है ।

पूर्व में कृषि मंडी में हुई चोरी की वारदात में भी स्मैकचियों का ही हाथ निकला था ।लोगों का कहना है कि एक माह पूर्व गोपीनाथ मंदिर में हुई चोरी में भी नशाखोरियों का हाथ निकल सकता है ।मोबाईल चोरी की घटना तो शहर में आम बात हो गई पीड़ित संपत शर्मा ने बताया कि रविवार को नशाखोरियों द्वारा उसका मोबाइल चुरा लिया गया है इसके अलावा भी शहर में मोबाइल चोरी की अन्य वारदातें हुई है ।



थाना अधिकारी हरिराम वर्मा का कहना है कि पुलिस द्वारा स्मैकचियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है एक सप्ताह पूर्व भी तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था ।

# महाराणा महेंद्रसिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि, शोक सभा का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** उदयपुर राजघराने के वंशज एकलिंग दीवान श्री जी हुजूर महाराणा व नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह के पिता महेंद्र सिंह मेवाड़ के देवलोकगमन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित गई । नगर के गांधी रोड स्थित पब्लिक पार्क में स्थानीय लोगों द्वारा महाराणा महेंद्रसिंह की छवि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप काबरा ने बताया कि महाराणा महेंद्रसिंह मेवाड़ के देवलोकगमन पर आज एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोग ने अपने विचार रखे व पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि दी । इस दौरान मुख्य निष्पादन अधिकारी चेतन त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष हरदयालसिंह, संदीप श्रीमाली, प्रकाश सामोता, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पुरोहित, नटराज सिंह झाला, गिरिराज सिंह झाला, मनीष सुराणा, गोपाल जोशी, महिला नगर अध्यक्ष चंचल वैरागी, पार्षद ललिता काबरा, शरद बागोरा, लोकेश माली, केशर सिंह, पंकज लोढ़ा, भारत दवे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरीक व व्यापारी उपस्थित रहे।

# केकेसी महाविद्यालय सरदारशहर की छात्रा विशाखा बोहरा को मिला स्वर्ण पदक

बढ़ता राजस्थान



**सरदारशहर ( नि.स. )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की ओर से जारी स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची में केकेसी महाविद्यालय की छात्रा विशाखा बोहरा ने स्वर्ण प्राप्त पदक प्राप्त कर महाविद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने बताया कि सत्र 2022-23 की स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची में महाविद्यालय के प्राणी शास्त्री विभाग की होनहार छात्रा विशाखा बोहरा ने विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्र विशाखा बोहरा को सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के लिए यह गर्व और गौरव का विषय है। छात्रा की इस उपलब्धि पर केकेसी महाविद्यालय के प्राणी शास्त्री विभाग-अध्यक्ष डॉ प्रदीप चौहान प्राचार्य डॉक्टर सुमेर सिंह स्वामी उपाचार्य महबूब अली, एनसीसी अधिकारी विरेन्द्र सिंह राठौड़ सहित समस्त संकाय सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को छात्रा से प्रेरणा लेने के लिए आह्वान किया है।

# अवैध रूप से बजरी परिवहन करते वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( नि.स. )।** अवैध रूप से बजरी परिवहन पर कार्रवाई करते हुए गढ़मोरा थाना पुलिस ने बनास नदी बजरी से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजेन्द्र प्रसाद (34) पुत्र कन्हैया लाल मीना निवासी राजपुरा तालागांव थाना लालसोट जिला दौसा है। थानाधिकारी बीधाराम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा के निर्देशन में अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए रुपाड़ी मोड़ से बजरी से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किया है। चालक के पास बजरी परिवहन से सम्बंधित कोई वेध दस्तावेज नहीं होने पर मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। तथा आरोपी के खिलाफ एमएमआरडी एक्ट व चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। जब्तशुदा वाहन को पुलिस थाना परिसर में खड़ा किया गया है।

# अजमेर-अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा का फुलेरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव,

## राव राजेंद्र सिंह : सांसद, जयपुर ग्रामीण ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के फुलेरा रेलवे स्टेशन पर राव राजेंद्र सिंह सांसद,जयपुर ग्रामीण के द्वारा शनिवार को गाडी संख्या 19611 अजमेर-अमृतसर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा को फुलेरा रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया.रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों ओर मेहनत मजदूरी के लिये अजमेर, किशनगढ के लिये आने जाने हेतु, अजमेर-अमृतसर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा शनिवार को विधायक निर्मल कुमावत की उपस्थिति मे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह यात्री गाडी फुलेरा स्टेशन पर शाम 19.10 बजे आगमन एवं 19.12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19612, अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 27.नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर प्रात:07.21 बजे आगमन एवं 07.23 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 19613, अजमेर-अमृतसर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 25नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर शाम19.10 बजे आगमन एवं 19.12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19614, अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 25 नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर प्रात: 07.21 बजे आगमन एवं 07.23 बजे प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी के राष्ट्रीय महा मँत्री व पुर्व विधायक निर्मल कुमावत-माननीय , संजीव दीक्षित-अपर मंडल रेल प्रबंधक जयपुर, कृष्ण कुमार मीना- वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर, विपिन कुमार शर्मा- मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर ओर भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव कयाल, पार्षद श्रवण वर्मा, श्रीमती पुजा भाटी, नगर भाजपा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा श्रीमती पुजा भाटी, सहित भाजपाई उपस्थित थे।

# पीड़ित मानव सेवा और दान से बढ़कर कोई पुण्य नहीं : आचार्य सुनील सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के तहत रविवार 24 नवंबर को केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया। महोत्सव की प्रवचन सभा में अतिथि विधायक चंद्रभान सिंह आक्या सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आचार्य सुनील सागर जी महाराज को श्रीफल भेंट कर वंदना की एवं सभी से तीर्थंकर और मुनियों के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राष्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए अक्षय तृतीया के प्रसंग पर आहार दान को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए कहा कि दीन - दुखी, पीड़ित मानवता की सेवा और पशु पक्षियों की सेवा की वृत्ति सभी को अपनाना चाहिए। जीवन में दूसरों के दुखों को दूर करते हुए अन्य जीवों के मन की प्रसन्नता सबसे बड़ा उपकार है।

**आहार देने का पात्र भी सदगृहस्थ :** आचार्य सुनील सागर जी ने कहा कि सही अर्थो में आहार देने का पात्र भी सदगृहस्थ होता है जिसका व्यसनों से त्याग हो। पांच पापों से रहित हो और जो धर्म की गरिमा को बढ़ाने वाले नियमों को धारण करता हो ऐसा मानव जीवन श्रेष्ठ है। मुनि ने कहा कि तन की जरूरत भोजन है तो जीवन की जरूरत भजन है, बिना भजन सच्चा जीवन नहीं चल सकता । मुनि श्री ने कहा कि जिनवाणी श्रवण से और धर्म कार्यों से कषायों का उपचार होता है। अस्पताल में तो सिर्फ शारीरिक रोगों का एक उपचार होता है और धर्म कार्यों से आत्मा का जन्म जन्म तक कल्याण होता है। आपने कहा की सदाचार अपनाने और श्रेष्ठ कार्यों को करने के लिए बहाने और शिथिलाचार नहीं अपना कर सही रास्ते निकालने की आवश्यकता है। आपने कहा कि नवधा भक्ति को ध्यान में रखकर सदग्रहस्थ यदि शुद्ध भावों से केवल जल और छाछ से भी मुनियों को पारना करवा कर आहार का लाभ ले सकता है।

**बेईमानी और भ्रष्टाचार के परिणाम घातक :** आचार्य सुनील सागर जी ने 'कम खाओ और गम खाओ' को प्रेरक बताते हुए कहा कि बेईमानी और भ्रष्टाचार , दूसरों को धोखा देना अच्छी बात नहीं है, किसी दूसरे को के जीवन को संकट में डालकर और दूसरों को दुखी करके कोई सुखी नहीं हो सकता। अपने स्वार्थ के लिए किसी दूसरे जीव को धोखा देने वाले को इस जन्म में ही नहीं कई जन्मों तक दुख भोगना पड़ता है । आपने कहा कि जीवन में स्वार्थ और पैसे से ज्यादा कीमती है ज्ञान और आत्मा का कल्याण।

**विधायक के सेवा कार्यों से प्रेरणा लें :** आचार्य सुनील सागर जी महाराज ने दीक्षा कल्याणक के अवसर पर प्रवचन सभा में उपस्थित विधायक चंद्रभान सिंह आक्या द्वारा निशक्तजनों को 101 ऑटोमेटिक ट्राई साइकिल वितरण के कार्य को प्रेरणास्पद और अनुमोदनीय बताते हुए आव्हान किया कि जीवन में हर गृहस्थ को सेवा और दान का पुनीत कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानव और जीव सेवा से बढ़कर और कोई पुण्य नहीं। प्रवचन सभा के पश्चात आचार्य सुनील सागर जी ने विधायक द्वारा निशक्त जन को ऑटोमेटिक ट्राई साईकिल वितरण का शुभारंभ करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष पारसमल जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया। समिति अध्यक्ष डॉ. ज्ञान सागर, महावीर रमावत, राजकुमार जैन, अनुज जैन, पूर्णेश गोधा, शैलेश पाटनी, आशा वेद,



रंजना रमावत, राजकुमार बैद, सुदर्शन जैन, अनिल सेठी, पवन पाटनी आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। डॉ. नेमीचंद अग्रवाल ने बताया कि रविवार 24 नवंबर को केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इसके तहत प्रात: 7.30 बजें दीक्षा कल्याण विधान पूजा, 9.30 बजें आहारदाता द्वारा पड़गाहन विधि एवं महामुनिराज आदिनाथ की आहारचर्या पंचाश्चर्य, दोपहर 12.30 बजें ज्ञान कल्याणक अभ्यन्तर क्रियाऐं, सूरिमंत्र, दोपहर 3 बजें ज्ञान कल्याणक पट्टोद्घाटन, शाम 7 बजें प्रतिशठाचार्य महावीर जैन गींगला द्वारा शास्त्र उद्बोधन तथा रात्रि में 9 बजें सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गीतों भरी शाम आयोजित की गई। सोमवार 25 नवम्बर को मोक्ष कल्याणक कार्यक्रम के तहत ज्ञान कल्याणक पूजा विधान, अश्टगुण स्थापन मोक्ष कल्याणक पूजा विधान, विश्व षांति महायज्ञ पूर्णाहुति, आचार्य श्री के प्रवचन, जिनालय पट्टद्घाटन, शिखर पर नवीन ध्वजारोहण आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित बीएलओ निलंबित

- डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने किया मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण
- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, मालवीय नगर ने जारी किये निलंबन आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** निर्वाचन विभाग के आदेशों की अनुपालना में संचालित किये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने एवं मतदान केन्द्र पर अनुपस्थित पाये जाने वाले बीएलओ श्री अशोक कुमार को निलंबित किया गया है। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने निलंबन आदेश जारी किये हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि निर्वाचन विभाग के आदेशों की अनुपालना में जयपुर जिले में विशेष पुनरीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का मतदाता सूची में पंजीकरण का कार्य संपादित कर रहे हैं। रविवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष कुमार ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किय, इस दौरान विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर में अधिशाषी अभियंता (दक्षिण) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, गांधीनगर में स्थित बूथ नम्बर- 58 के बीएलओ श्री अशोक कुमार ग़ैरहाज़िर पाये गये, जिसपर कार्यवाही के निर्देश दिये गये। वहीं, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, शहीद ले. अभय. पारीक राजकीय बालिका विद्यालय, निदेशक पशुपालन विभाग, पशुधन भवन, टोंक रोड एवं अधिशाषी अभियंता (दक्षिण) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, गांधीनगर, में स्थित बूथों का



औचक निरीक्षण किया जिसमें भी बूथ नंबर- 58 का बीएलओ श्री अशोक कुमार अनुपस्थित पाये गये। जिसके बाद मौके पर ही उक्त बीएलओ के विरुद्ध निलम्बन की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष रूप से जो व्यक्ति 18 साल की आयु पूरी कर चुके हैं या जो व्यक्ति अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं वे विभिन्न फार्म जैसे फॉर्म-6 नया मतदाता कार्ड बनवाने के लिये, फॉर्म-7 नाम हटाने के लिये, फॉर्म-8 मतदाता कार्ड में संशोधन के लिये एवं फॉर्म-6बी आधार को मतदाता कार्ड से लिंक करने हेतु भरे जाते हैं।

# रचनात्मक कार्यों से बच्चों का होता है बौद्धिक विकास : गौड़



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** रविवार को एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में प्रोजेक्ट वर्क प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ एवं संस्था प्रधान भरत गौड़ द्वारा मां सरस्वती एवं संस्थापक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ पाठ्य सहगामी कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है और रचनात्मक कार्यों से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। अभिभावकों ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट की सराहना कर अपनी खुशी जाहिर की। संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ ने बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षकों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट वर्क तैयार किए हैं जिन्हें आज अभिभावकों के लिए प्रदर्शन हेतु रखा गया है। इस प्रदर्शनी आयोजन के प्रभारी अर्चना चौधरी, दिव्या सोनी एवं प्रेम प्रकाश नाई रहे। कार्यक्रम में गीतिका स्वामी, टीना शर्मा, ज्योति सोनी, मीनाक्षी डीडवानिया, अनिल कुमार, खुशबू पांडिया, वंदना वर्मा, सरोज प्रजापत सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

# एमपीएस ने की सांसद से रेल समपार पर पुलिया निर्माण की माँग



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** साम्भर पँचायत समिती सदस्य नेमीचँद कुमावत ने जयपुर ग्रामीण साँसद राव राजेन्द्र सिंह को एक माँग पत्र दे कर ग्राम काचरोदा के रेल समपार संख्या251पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के समानातंर पदमार्ग निर्माण करने की माँग की। साँसद कोदिये गये पत्र मे कुमावत ने बताया कि पंचायत काचरोदा में वर्तमान समय मे गेट नंम्बर 251 पर र पुलिया का निर्माण चल रहा है. । इस पुलिया का कार्य पूर्व होने के बाद फाटक को बन्द कर कार्य दिया जाएगा जिससे आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस रेल समपार पर एक तरफ शमशान घाट होने कि वजह से शवयात्रा को तीन से चार किलोमीटर फा चक्कर लगाकर व पुलिया के ऊपर से आना पड़ेगा जो कि कष्टमय होगा।दुसरा रेल समपार के दोनो तरफ घनी आबादी बसी हुई हे.तथा सरकारी स्कूल पुलिया के एक तरफ होने कि वजह से छात्र छात्राओ को स्कूल आने जाने में परेशानी होगी व सदैव दुर्घटनाओ की संम्भावना बनीरहती है. ।जो रेल्वे फाटक के उपर से एक एक छोटी पुलिया (पदमार्ग) का निर्माण करवाया जायें जिससे आमजन को राहत प्रदान होगी। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, छत्रपाल कुमावत, हनुमानसिहं, हनुमान कुमावत मोजूद थे।

## स्वीप रथ मतादाताओं को कर रहा जागरुक

# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, हवामहल ने रथ को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार रविवार को विशेष अभियान क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान हवामहल विधानसभा में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. सरिता शर्मा द्वारा स्वीप रथ रैली को हरी झंडी दिखाई।

इस रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया एवं उन्हें जागरुक किया।

# मुखर्जी चौराहा स्थित बजरंग चाट मिष्ठान में की गई तोड़फोड़, आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ की मारपीट

## दुकानदार ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर वसूली मांगने का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला मुख्यालय के मुखर्जी चौराहा इला केमिस्ट्री बजरंग चाट मिष्ठान पर तोड़फोड़ मारपीट और धमकाने का मामला सामने आया है। पीडित राज कुमार वैष्णव ने दुकान में घुसकर मिठाई बिखेरने और जान से मारने की धमकी देने का मामला कांकरोली थाने में दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि मेरी एक दुकान बजरंग चार्ट के नाम से मुखर्जी चौराहे पर है। आरोपी चिड़ी वैष्णव करीब 06 महीने से दुकान पर आकर मेरे और मेरे पिता बालुदास से गाली गलौच कर दादागिरी करता है। कहता है कि मैं लॉरेंस विश्नोई गैंग का आदमी हूं। यहां दुकान चलानी है तो मुझे हर माह बीस हजार रूपए देने होंगे। रुपए नहीं दिए तो दुकान बंद करवा दूंगा। आरोपी मुझे और



मेरे पिता को डरा धमका कर आए दिन रूपए ले जाता रहा है। आरोपी चिड़ी वैष्णव जबरन दुकान में घुस गया और गालियां निकालने लगा। रुपए देने से इनकार करने पर दुकान के काउंटर पर रखी मिठाई और नाश्ते को बगैर दिया और काउंटर पर तोड़फोड़ की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच शुरू कर दी है।

# देवगढ पुलिस की सफल कार्यवाही, धोखेबाजो से बचा ली चार बीघा जमीन

## अस्सी वर्षीय बुजुर्ग के फर्जी दस्तावेजों से हथिया ली थी ज़मीन पुलिस ने सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के देवगढ़ पुलिस ने ऐसी कार्यवाही की हैं जिससे पुलिस का सर गर्व से ऊँचा किया जा सकता हैं। देवगढ थाने में दर्ज एक मामले में पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन हड़पने के आरोप में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। देवगढ थानाधिकारी अनिल विश्नोई ने बताया की 80 वर्षीय धन्ना रावल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पास ग्राम आंजना में 4 बीघा जमीन है। जिसके दस्तावेज उनके नाम पर थे। कुछ लोगो ने फर्जी दस्तावेज बनाकर इस जमीन को अपने नाम करवा लिया। पुलिस ने इस मामले में धारा 420, 467, 468, 471, 120बी के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। मामला गंभीर होने से राजसमंद पुलिस अधीक्षक मनीष तैपाठी ने इसमें विशेष टीम का गठन किया और विशेष टीम ने इस मामले की गहनता से जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन के असली मालिक को धोखा दिया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को नामजद किया था। जिनमें से सोहनलाल गुर्जर और नारायण सुथार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने मुखबिरों की मदद से अन्य पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए गिरफ्तार किए गए आरोपियों से गहन पूछताछ की । इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों



की विस्तृत जांच की गई। इस मामले से जुड़े गवाहों के बयान दर्ज किए गए।पुलिस ने मुखबिरों की मदद से अन्य आरोपियों का पता लगाया गया।

## अपनी ऐतिहासिक कहानियों से घिरा चित्तौड़गढ़

# पर्यटकों के लिए घूमने कि बेहतरीन जगह चित्तौड़गढ़


राजस्थान में मौजूद चित्तौड़गढ़ गौरवशाली शहर अपनी समृद्ध संस्कृति और विरासत के लिए मशहूर है। एक समय चित्तौड़गढ़ मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश की राजधानी हुआ करती थी, जो कि अपने महान सम्राट को समेटे हुए है। अगर आप इतिहास प्रेमी हैं और अगर भी कुछ इसी तरह की जगहें बेहद आकर्षित करती हैं, तो चित्तौड़गढ़ घूमने के लिए बेस्ट जगह है।

### चित्तौड़गढ़ में चित्तौड़गढ़ किला

चित्तौड़गढ़ किला चित्तौड़गढ़ में घूमने के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। पहाड़ी की चोटी पर भव्य रूप से स्थित, यह ऐतिहासिक किला राजस्थानी शहर का गौरव है। चित्तौड़गढ़ किला एक विशाल संरचना है जिसे पहली बार 7 वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह लगभग 700 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है। चित्तौड़गढ़ के लगभग सभी आकर्षण किले के अंदर स्थित हैं। किला, जिसे वाटर फोर्ट के नाम से भी जाना जाता है, इसके मैदान के अंदर 84 जल निकाय हैं, जिनमें से 22 आज भी मौजूद हैं। विजय स्तम्भ, कीर्ति स्तम्भ, राणा कुंभ पैलेस, मीरा मंदिर और अन्य कई संरचनाएं भी किले के अंदर स्थित हैं।

### चित्तौड़गढ़ में सांवरियाजी मंदिर

सांवरियाजी मंदिर चित्तौड़गढ़ में घूमने के लिए सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक है। मंदिर भगवान् कृष्ण को समर्पित एक प्रमुख मंदिर है जो राजस्थान के मंडफिया में स्थित है। मंडफिया चित्तौड़गढ़ से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित। यह मंदिर कुछ पवित्र घंटे बिताने के लिए एक सुंदर जगह है।



### चित्तौड़गढ़ में विजय स्तम्भ

विजय स्तम्भ, जिसे विजय मीनार के रूप में भी जाना जाता है, चित्तौड़गढ़ के प्रतिरोध का एक टुकड़ा है। मोहम्मद खिलजी पर अपनी जीत के उपलक्ष्य में महाराणा कुंभा द्वारा 1440 ईस्वी में निर्मित, यह 9 मंजिला टॉवर चारों ओर हिंदू देवताओं की मूर्तियों से सुशोभित है। शक्तिशाली टॉवर का निर्माण 1458 और 1488 की अवधि के बीच किया गया था और यह इतना लंबा और विशाल है कि इसे आप शहर के किसी भी हिस्से से देख सकते हैं। टावर के आंतरिक भाग में उस काल के हथियारों, संगीत वाद्ययंत्रों और अन्य उपकरणों की नक्काशी की गई है। सबसे ऊंची मंजिल में जैन देवी, पद्मावती की एक छवि है। साथ ही, अल्लाह शब्द को तीसरी मंजिल पर नौ बार और आठवीं मंजिल पर आठ बार, अरबी भाषा में उकेरा गया है।

### चित्तौड़गढ़ का फतेह प्रकाश पैलेस


चित्तौड़गढ़ किले के अंदर फतेह सिंह पैलेस एक आकर्षक संरचना है। चित्तौड़गढ़ का यह महल राजपूत भव्यता को एक नए स्तर पर ले जाता है। महल की वास्तुकला और लेआउट बेहद शानदार है। महल का निर्माण महाराणा प्रताप सिंह ने करवाया था और उन्हीं के नाम पर इसका नाम रखा गया है। एक बड़ी गणेश मूर्ति, एक फव्वारा, कई गुना क्रिस्टल वस्तुएं और विभिन्न भित्तिचित्र इस महल के मैदान को सजाए रखने का काम करते हैं और इसे देखने लायक बनाते हैं। आज, महल में एक संग्रहालय है जो महल, किले और चित्तौड़गढ़ शहर के इतिहास को व्यापक रूप से समझने के लिए एक अच्छी जगह है।


### चित्तौड़गढ़ में शतीस देओरी मंदिर

चित्तौड़गढ़ किले के अंदर स्थित, फतेह प्रकाश पैलेस के करीब, यह मंदिर चित्तौड़गढ़ किले में घूमने के लिए सबसे अच्छे पवित्र स्थानों में से एक है। मंदिर जैन मंदिर परिसर का एक हिस्सा है, और उनमें से सबसे बड़ा मंदिर भी है। यह विशाल श्वेतांबर जैन मंदिर 11 वीं शताब्दी में बनाया गया था और भगवान आदिनाथ के जीवन और गुणों के बारे में बताता है। मंदिर के नाम से पता चलता है कि इतिहास में किसी समय अकेले इस मंदिर के अंदर सत्ताईस मंदिर थे। हालांकि इन स्मारकों का कोई निशान नहीं बचा है, लेकिन साथिसदेवरी मंदिर अपने आप में एक भव्य नजारा पेश करता है।









**चित्तौड़गढ़ में राणा कुंभा का महल :** चित्तौड़गढ़ किले में घूमने के लिए राणा कुंभा पैलेस सबसे दिलचस्प जगहों में से एक है। महल की बर्बाद हुई इमारत को देखकर कोई भी पर्यटक अंदाजा लगा सकता है कि ये महल उस समय कितना अद्भुत और विशाल हुआ करता था। राणा कुंभा पैलेस चित्तौड़गढ़ किले का सबसे बड़ा स्मारक है और इसके साथ एक भव्य इतिहास जुड़ा हुआ है। यह बप्पा रावल, महाराणा कुंभा, रानी पद्मानी, राजकुमारी मीरा बाई, राणा कुंभा जैसे लोगों का निवास स्थान रहा है। इस महल के कालकोठरी को वह स्थान भी माना जाता है जहाँ रानी पद्मानी और महल की अन्य महिलाओं ने जौहर किया था। पास में स्थित भगवान शिव का मंदिर और इसके परिसर में लाइट एंड साउंड शो इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बनाता है।

### चित्तौड़गढ़ में कीर्ति स्तम्भ



कीर्ति स्तम्भ चित्तौड़गढ़ के सुंदर पर्यटक आकर्षणों में से एक है। विशाल चित्तौड़गढ़ किले के अंदर स्थित, यह 12 वीं शताब्दी का टॉवर प्रथम जैन तीर्थंकर आदिनाथजी के स्मारक के रूप में खड़ा है। 22 मीटर ऊंचे टॉवर का निर्माण जैन व्यापारी जीजा भागरवाला ने रावल कुमार सिंह के शासन के दौरान जैन धर्म का महिमामंडन करने के लिए किया था। टावर में जैन पंथ के फिगर्स मौजूद हैं, और इसलिए, कीर्ति स्तंभ को कई जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा एक प्रमुख जैन तीर्थ माना जाता है। कीर्ति स्तम्भ को टावर ऑफ फेम के नाम से भी जाना जाता है। यह प्रथम तीर्थंकर ऋषभ को समर्पित है। दिगंबर संप्रदाय की अपनी जटिल नक्काशी के लिए प्रसिद्ध, इस सात मंजिला ऊंचे टॉवर में श्री आदिनाथ की अद्भुत मूर्तियाँ हैं। टॉवर में सात मंजिलें हैं, और एक संकरी और खड़ी सीढ़ियाँ ऊपर की ओर जाती हैं जहाँ से चित्तौड़गढ़ का खूबसूरत नजारा देख सकते हैं।

## हरियाणा की ये हैं सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक जगहें, आप घूमने का बना सकते हैं प्लान

हर राज्य में घूमने के लिए कोई ना कोई प्रसिद्ध जगह है। राजस्थान हो या मध्य प्रदेश हर शहर में कोई ना कोई घूमने की जगह है। ऐसे में हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें विश्व भर में फेमस हैं।

पानीपत, हिसार, रोहतक आदि जगहों पर मौजूद ऐतिहासिक इमारत, किले आदि चीजें बेहद ही फेमस हैं।

### गुजरी महल

हरियाणा के हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। ये जगह भी प्रेम की निशानी ही है, क्योंकि फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था।

### मटिया किला

मटिया महल हरियाणा के पलवल में मौजूद है। इस किले के अंदर कई मकबरे हैं। पलवल में घूमने के लिए यह एक अच्छी जगह है।

### कोस मीनार :

ये एक ऐतिहासिक जगह है, जो



करनाल में मौजूद है। ऐतिहासिक होने के साथ ही यह जगह खूब फेमस भी है।

### जल महल

हरियाणा के नारनैल जिले में मौजूद जल महल ऐतिहासिक महल है। इस महल का निर्माण शाह कुली खान द्वारा करवाया गया था। पानीपत के दूसरे युद्ध के बाद इस महल का निर्माण किया गया था।

### काबुली बाग

पानीपत में मौजूद काबूली बाग का निर्माण बाबर ने करवाया था। कहा जाता है कि इस बाग का निर्माण पानीपत की पहली लड़ाई की विजय के बाद हुआ था। एक अन्य कहानी ये है कि बाबर इसका निर्माण बेगम की याद में करवाया था।

## कुछ तूफानी करने के लिए दुनिया की इन दिल थामने वाली रोमांचक जगहों पर घूमना जाये

एडवेंचर स्पोर्ट्स के नाम पर आप सभी ने पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग और इस तरह की एक्टिविटीज की होंगी, वैसे हम जानते हैं कि ये आपके लिए कोई बड़ी बात नहीं होगी। लेकिन अब समय आ गया है कि आप अपने एडवेंचर की घड़ी को थोड़ा ऊपर ले जाएं और कुछ तूफानी करने के बारे में सोचें। इस लेख में हमने आपको दुनिया के सबसे खतरनाक एडवेंचर स्पोर्ट्स की सूची दी है जो एडवेंचर शब्द को सही तरीके से परिभाषित करती है।

**विलारिका ज्वालामुखी, चिली :** ये एक्टिव लावा झील एडवेंचर लवर्स के लिए एक पसंदीदा हाइकिंग डेस्टिनेशन है। आप इस झील के ऊपर मौजूद हेलीकॉप्टर से बंजी जम्पिंग करके इस एक्टिविटी का मजा ले सकते हैं।

**माउंट हुआ चीन :** दुनिया में सबसे खतरनाक हाइक में से एक, वैसे ये एक्टिविटी कमजोर दिल वालों के लिए तो बिल्कुल भी नहीं है। यहां का प्लैंक वॉक दिल और दिमाग दोनों को हिलाकर रख देता है।

**इथियोपिया में डानाकिल रेगिस्तान :** दुनिया में सबसे निर्जन वातावरणों में से एक पूर्वी अफ्रीका में डानाकिल रेगिस्तान है। ज्वालामुखी और गीजर जो जहरीली गैस उगलते हैं, उनकी वजह से यहां का तापमान



नियमित रूप से 50 डिग्री सेल्सियस (122 डिग्री फारेनहाइट) से अधिक रहता है, डानाकिल रेगिस्तान यात्रा उत्साही लोगों के लिए आसानी से सुलभ स्थान नहीं है। थोड़े समय के लिए वहां रहने पर भी आपका शारीरिक स्वास्थ्य बहुत प्रभावित हो सकता है। यह दुनिया भर में सबसे अजीब जगहों में से एक है। सल्फर के जहरीले वाष्पों की वजह से ये जगह प्रभावित रहती है। यह क्षेत्र ज्वालामुखीय रूप से सक्रिय क्षेत्र है और रेगिस्तान होने की वजह से शायद ही कभी यहां का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरता है। जिसकी वजह से डानाकिल मरुस्थल दुनिया के सबसे खतरनाक इलाकों में से एक बन गया है।

**तेहुपोओ, फ्रेंच पोलिनेशिया :** यहां लोग कई वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज करने आते हैं, लेकिन आपको बता दें, दुनिया की सबसे खतरनाक लहरें मानी जाने वाली तेहुपो में लहरें 21 फीट तक की ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं।

**नर्क का द्वार, तुर्कमेनिस्तान :** तुर्कमेनिस्तान दरवाजा गैस क्रेटर को नरक का द्वार के रूप में जाना जाता है। यह एक भूमिगत गुफा के भीतर एक प्राकृतिक गैस क्षेत्र है; मीथेन गैस को फैलने से रोकने के लिए भूवैज्ञानिकों ने इसे आग लगा दी, और यह 1971 से जल रहा है। यह कराकुम रेगिस्तान के बीच में, तुर्कमेनिस्तान की राजधानी से लगभग 260 किलोमीटर उत्तर में, अश्गाबात के डरवेज़ गाँव के पास स्थित है। यहां जो गैस भंडार खोजा गया है, वह दुनिया की सबसे व्यापक प्राकृतिक गैसों में से एक है। स्थानीय लोगों ने 70 मीटर (230 फीट) व्यास वाले बड़े गड्ढे में विस्फोट, उबलती मिट्टी और नारंगी लपटों का जिक्र करते हुए क्षेत्र को नरक का द्वार नाम दिया।

**स्नेक आइलैंड, ब्राजील :** ब्राजील के तट से करीब 25 मील दूर एक ऐसा टापू है जहां कोई भी स्थानीय चलने की हिम्मत नहीं करेगा। ऐसी अफवाहें हैं कि एक बार मछुआरा जो अपने तटों के बहुत करीब भटक गया था, उसे नाव में कुछ दिनों बाद बहता हुआ पाया गया, जो खून से लथपथ हो रखा था। रहस्यमय द्वीप को इल्हा दा क्यूइमाडा ग्रांडे के नाम से जाना जाता है।

## एशिया के ऐसे टॉप हनीमून डेस्टिनेशन जो आपकी जेब पर भी नहीं पड़ेंगे भारी और बिना किसी टेंशन के खुलकर घूम भी पाएंगे

कपल्स के लिए हनीमून डेस्टिनेशन प्लान करना एक बहुत बड़ा टास्क माना जाता है, क्योंकि आपकी पसंद कुछ और होती है, तो आपके पार्टनर की पसंद कुछ और। एक को पहाड़ों से प्यार होता है, तो एक को समुद्र तटों से, इस तरह आप एक निर्णय पर कैसे ही पहुंच पाएंगे। अगर आप कोई बजट फ्रेंडली हनीमून डेस्टिनेशन की तलाश में हैं, तो क्यों न इस बार एशिया की कुछ बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर किया जाए। घूमने की बात आती है, तो न्यूली मैरिड कपल्स ही क्यों, आप भी अपने पार्टनर के साथ यहां जाने के प्लान बना सकते हैं।



### बाली, इंडोनेशिया में हनीमून

बाली हमेशा कपल्स के बीच में एक पसंदीदा हनीमून डेस्टिनेशन रहता है और रहे भी क्यों न एक तो है इतना खूबसूरत और फिर ऊपर से बजट में भी रहता है। पानी और खूबसूरत नजारों से घिरा बाली पर्यटकों को बेहद बेहद आकर्षित करता है। इससे रोमांटिक जगह आपको शायद ही कहीं और देखने को मिले। आप यहांदोनों साथ में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज जैसे स्कूबा डाइविंग का अनुभव ले सकते हैं। अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समुद्र तटों पर बैठ सकते हैं।

- **यात्रा की अवधि :** 10 से 15 दिन।
- **बाली जाने का सबसे अच्छा समय :** मई, जून और सितंबर।
- **कैसे पहुंचा जाय :** नगुरा राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और देनपसार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा इस क्षेत्र की सेवा करने वाले दो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं।
- **पैकेज की कीमत :** बाली घूमने के लिए आपको लगभग 1.5 लाख से 2 लाख के बजट की जरूरत पड़ेगी।

### मालदीव में हनीमून

मालदीव न केवल सबसे छोटा बल्कि दुनिया का सबसे खूबसूरत द्वीप देश भी है। यह जगह इतनी खूबसूरत है कि आपके जीवन में रोमांस को लाने में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। अपने रोमांटिक माहौल, साफ नीले पानी और सबसे बेहतर स्कूबा डाइविंग दृश्य के लिए जाना जाने वाला मालदीव वास्तव में एशिया में सबसे उपयुक्त हनीमून स्थलों में से एक है। हनीमून के लिए आकर्षक रिसॉर्ट्स और साफ नीले पानी पर तैरते हुए बंगले मालदीव में कुछ दिन आराम से रहने के लिए मजबूर कर देते हैं।

- **यात्रा की अवधि :** 8-10 दिन।
- **मालदीव घूमने का सबसे अच्छा समय :** अप्रैल से नवंबर
- कैसे पहुंचा जाये: माले के लिए सीधी उड़ान लें।
- **पैकेज की लागत :** मालदीव में अच्छे से घूमने के लिए, आपको 1.2 लाख से 2 लाख के बजट आवश्यकता होगी।

### हांगकांग में हनीमून

हांगकांग में कई द्वीप शामिल हैं जो एक दूसरे से ज्यादा दूर नहीं हैं। इस देश को एशिया में सबसे अच्छे बजट-अनुकूल हनीमून स्थलों में से एक है। हांगकांग में जब घूमने की बात आती है, तो शहर को बेहद जीवंत और रंगीन माना जाता है। आप यहां विक्टोरिया पीक में दर्शनीय स्थलों का आनंद लें साथ ही ओशन पार्क की सैर कर सकते हैं।

- **यात्रा की अवधि :** 6-7 दिन।
- **हांगकांग घूमने का सबसे अच्छा समय :** अक्टूबर और दिसंबर।
- **कैसे पहुंचा जाये :** भारत से हांगकांग के लिए कई सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं।
- **पैकेज की लागत :** 1.5 लाख और उससे अधिक का बजट अलग रखें, फ्लाइट के लिए किराया अलग रखें।

### मलेशिया में हनीमून

मलेशिया में आपको चीनी, भारतीय, मलय और बोर्नियो जैसी संस्कृतियों का सही समामेलन देखने को मिल जाएगा, जो कपल्स के लिए सबसे अच्छा बजट हनीमून डेस्टिनेशन है। बोर्नियो जो इंडोनेशिया, ब्रुनेई और मलेशियाई प्रायद्वीप के साथ साझा किया गया एक द्वीप है, जहां आप मलय, भारतीय और चीन का एक अनूठा मिश्रण देख सकते हैं। यहां कपल्स वॉटर एक्टिविटीज में शामिल हो सकते हैं, साथ ही यहां का बढ़िया खाना भी लोगों को बेहद लुभाता है।

- **यात्रा की अवधि :** 8-10 दिन।
- **मलेशिया घूमने का सबसे अच्छा समय :** साल भर (नवंबर-फरवरी को छोड़कर)।
- **पैकेज की लागत :** 1.1 लाख अनुमानित बजट अलग रखें।

### दक्षिण कोरिया में हनीमून

दक्षिण कोरिया प्रमुख रूप से अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है और महाद्वीप के कम देखे जाने वाले लेकिन अविश्वसनीय रूप से सुंदर हनीमून स्थलों में से एक है। अगर आपके पार्टनर को शॉपिंग करना बेहद पसंद है, तो आप लोगों को साउथ कोरिया घूमने जरूर आना चाहिए। यहां मार्किट, डिजाइनर स्टोर या बार्गेन मॉल उपलब्ध हैं, जहां आप खूब सारी शॉपिंग कर सकते हैं। यहां आप चांगग्योंगंग, ग्योंगबोकगंग और देओक्सुंग महलों जैसे प्राचीन वास्तुकलाओं को देख सकते हैं। पार्टी लवर्स को एक बार सियोल भी जरूर जाना चाहिए।

- **अवधि :** आप दक्षिण कोरिया की 4 रात और 5 दिन की यात्रा की योजना बना सकते हैं।
- **पैकेज की लागत :** इस यात्रा के लिए लगभग 2 लाख का बजट निर्धारित करें।
- **सबसे अच्छा समय :** दक्षिण कोरिया की यात्रा करने का आदर्श समय वसंत ऋतु की शुरुआत से गर्मियों के महीनों तक होता है जो आमतौर पर मार्च से मई तक होता है। पतझड़ के महीनों के दौरान यानी सितंबर से नवंबर के महीने में यहां जाना भी एक अच्छा विचार हो सकता है।

### तुर्की में हनीमून

इस महाद्वीप का एक और खूबसूरत हनीमून डेस्टिनेशन तुर्की है। यह एशिया के पश्चिम और यूरोप के पूर्व के बीच में पड़ता है। बीजान्टिन, फारसी, तुर्क और ग्रीक साम्राज्यों से सांस्कृतिक मिश्रणों की एक श्रृंखला के साथ, तुर्की हनीमून मनाने वालों के लिए एक परफेक्ट जगह है। इसके असंख्य सांस्कृतिक स्थल, जीवंत जीवन शैली, अद्भुत रिसॉर्ट, आकर्षक बंदरगाह, सुरम्य परिदृश्य और कई शॉपिंग सेंटर, आपके अंदर के रोमांस को बाहर निकाल देते हैं।

- **अवधि:** आप तुर्की के 7 दिन और 6 रातों के घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं।
- **पैकेज की लागत :** तुर्की में अपने हनीमून का सबसे अच्छा आनंद लेने के लिए लगभग 2 लाख का बजट निर्धारित करें।

जिस चीज को आप चाहते हैं, उसमें असफल होना, जिस चीज को आप नहीं चाहते उसमें सफल होने से बेहतर है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुना प्रधानमंत्री का उद्बोधन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 116वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस दौरान राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, राधामोहन दास अग्रवाल भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में एनसीसी दिवस की चर्चा करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। जब भी कहीं कोई आपदा होती है, वहाँ, मदद करने के लिए एनसीसी कैडेट्स पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की संख्या बढ़कर 20 लाख से भी अधिक हो गई है। साथ ही, गर्ल्स कैडेट की संख्या भी 25 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की बहुत अहम भूमिका है। युवा जब एकजुट होकर देश के विकास के लिए मंथन करते हैं तो इसके ठोस परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि अगले साल स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ 'यंग लीडर्स डायलॉग' होने जा रहा है।

# दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ ओडिशा पर्व समारोह 2024

## पीएम मोदी ने की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ओडिशा पर्व समारोह 2024 कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने ओडिशा की हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं आप सबको और ओडिशा के सभी लोगों को ओडिशा पर्व की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस साल स्वभाव कवि गंगाधर मेहर की पुण्यतिथि का शताब्दी वर्ष भी है। मैं इस अवसर पर उनका पुण्य स्मरण करता हूं, उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।

पीएम ने कहा, अतीत से लेकर आज तक, ओडिशा ने देश को कितना सक्षम नेतृत्व दिया है, ये भी हमारे सामने है। आज ओडिशा की बेटी श्री ?मति द्रौपदी मुर्मू जी भारत की राष्ट्रपति हैं। ये हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। उनकी प्रेरणा से आज भारत में आदिवासी कल्याण के लिए हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू हुई हैं। ये योजनाएं सिर्फ ओडिशा में ही नहीं, पूरे देश के आदिवासियों का हित कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ओडिशा को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए 10 साल से चल रहे अनवरत प्रयास ओडिशा के लिए नए भविष्य की उम्मीद बन रहे हैं। 2024 में ओडिशा वासियों के अभूतपूर्व आशीर्वाद ने इस उम्मीद को नया हौसला दिया है। उन्होंने कहा, आज पूरे पूर्वी भारत में कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा के कामों में तेजी लाई गई है। 10 साल पहले केंद्र सरकार, ओडिशा को जितना बजट देती थी, आज ओडिशा को उससे तीन गुना ज्यादा बजट मिल रहा है। इस साल ओडिशा के विकास के लिए पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा बजट दिया गया है। हम ओडिशा के विकास के लिए हर सेक्टर में तेजी से काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, हमारी सरकार ओडिशा में Ease Of Doing Business को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्कर्ष, उत्कल के माध्यम से निवेश को बढ़ाया जा रहा है। ओडिशा में नई सरकार बनते ही पहले 100 दिनों के भीतर ही 45 हजार करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी मिली है। आज ओडिशा के पास अपना विजन भी है और रोड मैप भी है।

पीएम मोदी ने कहा, आज के आधुनिक युग में आधुनिक बदलावों को हमें आत्मसात भी करना है



और अपनी जड़ों को भी मजबूत बनाना है। ओडिशा पर्व इसका एक माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा, आज ओडिशा के साथ देश में भी ऐसी सरकार है, जो ओडिशा की धरोहरों का, उसकी पहचान का सम्मान करती है। पिछले साल भारत में आयोजित हुए ल20 सम्मेलन के दौरान हमने इतने सारे राष्ट्राध्यक्षों और राजनयिकों के सामने सूर्य मंदिर की ही भव्य तस्वीर को प्रस्तुत किया था।



# माउंट आबू में लगातार तीसरे दिन पारा 5 डिग्री पर

## आज पांच जिलों में कोहरे का अलर्ट, जयपुर और कोटा की हवा सबसे जहरीली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार को अधिकांश शहरों में दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई। अलवर, कोटा, चित्तौड़गढ़, बारां, धौलपुर में दिन का तापमान कल 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर चढ़ गया। जयपुर, सीकर, पिलानी, सिरोही समेत अन्य कुछ जिलों में रात के न्यूनतम तापमान में इजाफा हुआ। कल सबसे ज्यादा सर्दी हिल स्टेशन माउंट आबू में रही। वहीं, कोटा और जयपुर की हवा सबसे जहरीली रही।

मौसम विभाग केन्द्र जयपुर ने आज (रविवार) भी राजस्थान के उत्तरी हिस्सों के 5 जिलों (गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर और झुंझुनूं) में कोहरा छाने और अगले एक सप्ताह प्रदेश के तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव की स्थिति रहने की संभावना जताई है। हिल स्टेशन माउंट आबू में कल लगातार तीसरे दिन न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। सीकर में कल न्यूनतम तापमान 9.8, उदयपुर-चित्तौड़गढ़ में 9.6, जालोर में 8.7, फतेहपुर में 8.4 और करौली में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### दिन में तेज धूप

**राज्य में कल पूरे दिन आसमान साफ रहने और हवा कमजोर होने से दिन में तापमान बढ़ गया। जैसलमेर, पिलानी, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू में कल दिन का अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच और गंगानगर, फलोदी, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, जालोर, फतेहपुर में 29 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।**

### कोटा, जयपुर एक्यूआई लेवल खराब, भिवाड़ी समेत दूसरे शहरों में सुधरा

राजस्थान में आसमान साफ होने के साथ ही अधिकांश शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर भी सुधर गया। हालांकि जयपुर, कोटा में ये अब भी खराब है। कल सबसे ज्यादा त्त्ङ्ख लेवल कोटा में 312 पर दर्ज हुआ। वहीं, जयपुर के मानसरोवर एरिया में ये 300 पर दर्ज हुआ। इसके अलावा अजमेर में 110, अलवर में 102, बाड़मेर 140, भरतपुर 196, भिवाड़ी 229, बीकानेर 155, चूरू 203, दौसा 183, धौलपुर 147, हनुमानगढ़ 166, झुंझुनूं 165, जोधपुर 293, करौली 162, नागौर 229, पाली 175, सीकर 208, गंगानगर 227, टोंक 281 और उदयपुर में त्त्ङ्ख 203 पर दर्ज हुआ। जयपुर में अलग-अलग एरिया की स्थिति देखें तो आदर्श नगर एरिया में 147, मानसरोवर एरिया में 300, एमआई रोड पर 234, सीतापुरा एरिया में 294 और मुरलीपुरा एरिया में 168 दर्ज हुआ।

### जयपुर में रात का पारा चढ़ा

जयपुर में कल रात का न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री बढ़कर 13 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। इसी तरह कल दिन का अधिकतम तापमान भी बढ़कर 28.5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिनभर आसमान साफ रहने के कारण अच्छी धूप निकली। हवा कम चलने से लोगों को दिन में सर्दी से राहत मिली।

### इन जिलों में कोहरे का अलर्ट

जयपुर मौसम केन्द्र ने आज गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर और झुंझुनूं जिले में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश शहरों में आसमान साफ रहने, दिन तेज धूप रहने और रात में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का अनुमान है।

पूर्व सीजेआई बोले-

# राजनीति में जाने का इरादा नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से पूछा गया कि क्या वे कभी राजनीति में आएंगे। उन्होंने कहा- वे 65 साल की उम्र के बाद ऐसा कुछ नहीं करेंगे, जिससे उनके काम और न्यायिक प्रणाली की ईमानदारी पर संदेह पैदा हो। चंद्रचूड़ रविवार को संविधान-75 कॉन्क्लेव में पहुंचे थे। उनसे सवाल किया गया कि क्या रिटायरमेंट के बाद जजों को राजनीति में आना चाहिए। इसके जवाब में उन्होंने कहा- संविधान या कानून में ऐसा करने पर कोई रोक नहीं है। हमारा समाज पूर्व जजों को कानून के संरक्षक के रूप में देखता है। उनकी लाइफ स्टाइल समाज के कानूनी सिस्टम के मुताबिक होनी चाहिए।

जजों को सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर राय नहीं बनानी चाहिए पूर्व सीजेआई ने कहा- जजों को ट्रोलिंग से बहुत सावधान रहना होगा। ट्रोलर्स कोर्ट के फैसलों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। लोकतंत्र में कानूनों की वैधता तय करने की पावर कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट को सौंपी गई है। पावर के सेपरेशन में नियम हैं। जैसे कानून बनाने का काम विधायिका करेगी, कानून का क्रियान्वयन कार्यपालिका करेगी और ज्यूडिशियरी कानून की व्याख्या और विवादों का फैसला करेगी।

# राजस्थान में स्कूल के सिलेबस में बदलाव की तैयारी

## पहली से 8वीं तक की किताबों में होगा संशोधन, मंत्री बोले-स्टूडेंट्स गलत तथ्य न पढ़ें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार स्कूल के सिलेबस में बदलाव की तैयारी कर रही है। सबसे पहले क्लास एक से आठवीं तक की किताबों में बदलाव किया जाएगा। सरकार द्वारा गठित की गई पाठ्यक्रम समीक्षा समिति की पहली बैठक में कक्षा 1 से आठवीं तक की किताबों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चर्चा की जाएगी।

शिक्षा मंत्री की विशेष अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया- कक्षा एक से आठवीं तक की किताबों का निर्धारण राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद द्वारा किया जाता है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाठ्यक्रम समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। ऐसे में जल्द ही समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें पाठ्यक्रम की समीक्षा की जाएगी। अगर समिति सिफारिश करती है तो कक्षा 1 से 8वीं तक की किताबों में संशोधन होना संभव है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- राजस्थान के स्कूलों में स्टूडेंट्स किसी भी तरह से गलत तथ्यों का अध्ययन न करें। इस बात को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का गठन किया है।



### सोडाणी अध्यक्ष और राठौड़ बने उपाध्यक्ष

शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का अध्यक्ष वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कोटा के कुलपति और प्रोफेसर कैलाश सोडाणी को बनाया गया है। शिक्षाविद हनुमान सिंह राठौड़ समिति के उपाध्यक्ष हैं। इसके साथ ही शिक्षाविद डी रामाकृष्ण राव सलाहकार और सतीश कुमार गुप्ता सदस्य सचिव के तौर पर कार्य करेंगे। इसके साथ ही समिति में कोटा यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति और राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार दशोरा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर भारत राम कुमार, शिक्षाविद श्याम सुंदर बिस्सा, जयंतीलाल खंडेलवाल, कन्हैया लाल बेरीवाल को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की हिंसा में 82 मौत

## 156 घायल; हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों को बंधक बनाया

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में गुरुवार से जारी हिंसा में मरने वालों की संख्या 82 पहुंच गई है, जबकि 156 लोग घायल हैं। मरने वालों में 16 सुन्नी और 66 शिया समुदाय के लोग हैं। हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों को बंधक बना रखा है और शव सौंपने से इनकार कर रहे हैं।

खैबर पख्तूनख्वा के मंत्री आफताब आलम ने कहा, आज हमारी पहली कोशिश दोनों गुटों के बीच युद्ध विराम कराना है। जैसे यह होगा, हम दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश करेंगे। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, अभी भी जिले के कई इलाके में दोनों गुटों के बीच छिटपुट गोलीबारी जारी है।

**पारचिनार से खैबर पख्तूनख्वा जा रहे काफिले पर हमला**-गुरुवार को कुर्रम जिले के मंदुरी और ओछाट में 50 से ज्यादा पैसेंजर वैन पर गोलीबारी की गई, जिसमें 6 वैन को भारी नुकसान पहुंचा था। ये सभी गाड़ियां एक काफिले में पारचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर जा रही थी। अफगानिस्तान की सीमा से सटे शिया बहुल कुर्रम जिले में अलीजई (शिया) और बागान (सुन्नी) जनजाति के बीच दशकों से संघर्ष चल रहा है।

सीमा विवाद की वजह से बना आतंकियों की पनाहगाह खैबर पख्तूनख्वा को लेकर हमेशा से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव रहा है। इस वजह से कई आतंकी गुट इसे पनाहगाह की तरह इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा यहां रहने वाली जनजातियों में भी लंबे वक्त से जमीन विवाद चला आ रहा है।

यहां पर होने वाली आतंकी घटनाओं की एक बड़ी वजह बॉर्डर एरिया को लेकर दोनों देशों में आपसी सहमति न होना है। दरअस्ल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान एक सीमा के जरिए अलग होते हैं। इसे डूरंड लाइन कहा जाता है। पाकिस्तान इसे बाउंड्री



लाइन मानता है, लेकिन तालिबान का साफ कहना है कि पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा राज्य उसका ही हिस्सा है। पाकिस्तानी सेना ने यहां कांटेदार तार से फेंसिंग की है। अफगानिस्तान पर कब्जे पर तालिबान ने पाकिस्तान से इस इलाके को खाली करने को कहा और यहां लगी फेंसिंग उखाड़ दी। पाकिस्तान ने इसका विरोध किया और वहां फौज तैनात कर दी। इसके बाद तालिबान ने वहां मौजूद पाकिस्तानी चेक पोस्ट्स को उड़ा दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव और ज्यादा बढ़ गया।